e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 292
रविवार
27.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
गलत लोग सबकी जिंदगी में आते है, लेकिन ये लोग हमेशा सही सबक देके जाते है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर कार सवार दो युवकों की मौत

**हरदोई :** सेहरामऊ शाहजहाँपुर स्थित ढाबे से खाना खाने के बाद वापस लौट रहे युवकों की कार शुक्रवार की रात को धान के ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में कार चालक समेत दो युवकों की मौत हो गई और अन्य चार युवकों को मामूली चोटें आयी है।इंस्पेक्टर निर्भय कुमार सिंह ने शनिवार को बताया कि शाहाबाद क्षेत्र के मोहल्ला महमंद के गुलफाम अली का 18 वर्षीय पुत्र मोहम्मद फैज़ अपने दोस्त अरमान (19) के अलावा चार अन्य साथियों को लेकर शुक्रवार की रात घूमने के लिए निकला। सेहरामऊ के पास एक ढाबे में खाना खाने के बाद सभी वापस लौट रहे थे। हरियाली बाज़ार के पास धान के ओवर लोड ट्रैक्टर-ट्राली ने कार में ज़ोरदार टक्कर मार दी। हादसे में फैज़ की मौके पर ही मौत हो गई।

### जोधपुर-जैसलमेर रेल लाइन पर इलेक्ट्रिक इंजन मालगाड़ी का ट्रायल सफल

**जैसलमेर :** जैसलमेर-जोधपुर व लालगढ़-फलोदी तक रेल लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन कर लिया गया है। जिसके बाद जोधपुर-जैसलमेर रेल लाइन पर पहले चरण के तहत जोधपुर से शैतान सिंह नगर तक इलेक्ट्रिक इंजन से मालगाड़ी का ट्रायल किया गया। सफल ट्रायल के बाद अब आगामी दिनों में सोनू-थईयात हमीरा स्टेशन तक का भी मालगाड़ी का ट्रायल किया जाएगा। इसके बाद इस रूट पर इलेक्ट्रिक इंजन से सवारियों से भरी ट्रेनों का भी संचालन किया जाएगा। डीआरएम, जोधपुर पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जोधपुर से शैतानसिंह नगर रेलवे स्टेशन तक इलेक्ट्रिक इंजन से मालगाड़ी का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। अब चरणबद्ध तरीके से ट्रेनों का संचालन प्रारंभ किया जाएगा।

### सेना के विशेष बलों और पुलिस कर्मियों का एक महीने तक चलने वाला संयुक्त प्रशिक्षण संपन्न

**जम्मू :** सेना के विशेष बलों और पुलिस कर्मियों का एक महीने तक चलने वाला संयुक्त प्रशिक्षण आज जम्मू में संपन्न हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने सुंजवा सैन्य अड्डे पर सेना के पैरा स्पेशल बलो और स्थानीय पुलिस के विशेष अभियान समूह के 13 कर्मियों के एक महीने तक चले संयुक्त प्रशिक्षण के समापन समारोह में भाग लिया। अधिकारी ने कहा कि संयुक्त प्रशिक्षण का उद्देश्य बलों की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाना और उनके बीच अधिक तालमेल को बढ़ावा देना था।

### गाय के गोबर से बनाये जा रहे है दीये और पूजा सामग्री

**जयपुर :** गोबर को अभी तक सिर्फ खाद व उपलों के रूप में उपयोग में लाया जाता था, लेकिन अब विश्व में गाय के गोबर की उपयोगिता सिद्ध हो चुकी है। अब देशभर में गोबर से बनी पूजा सामग्री को भी उपयोग में ला रहे हैं। हम आपको बता दें कि पिछले आठ वर्षों जयपुर के मथुरावाला गांव की महिलाएं गाय के गोबर से बने दीये बनाती आ रही।चेतना ग्राम संस्थान की अध्यक्ष विभा अग्रवाल ने बताया की गुरु पंडित राम आचार्य के सौ सूत्रों में से हमने स्वावलंबन को चुना। जिसके परिणाम स्वरूप चेयना ग्राम संस्थान के जरिये यह दीपक बनाए जा रहे हैं। जो की इन मथुरा वाला गांव की महिलाओं की रोजी रोटी जरिया बनता जा रहा है और ये महिलाएं अपने परिवार का पालन इसी के जरिये करने की कोशिश करती है। कहते है कि दिवाली अन्धकार से प्रकाश की और जाने का प्रतीक है।

### फर्जी निकासी मामले में एसआईटी ने 37.18 लाख किया बरामद, एक गिरफ्तार

**रांची:** झारखंड ऊर्जा विभाग से 100 करोड़ की फर्जी निकासी मामले में एसआईटी ने बड़ी कार्रवाई की है। एटीएस एसपी ऋषभ झा के नेतृत्व में एसआईटी की टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए 37.18 लाख रूपया बरामद किया है। इस मामले में रांची के ओबरिया रोड स्थित एकता नगर निवासी अवशेष लकड़ा को गिरफ्तार किया है। एसआईटी की टीम ने इस मामले में अब तक छह लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक 1. 23 करोड़ रूपया नगद और 16.70 लाख के गहने बरामद किए हैं। इसके अलावा अभी तक 350 विभिन्न बैंक अकाउंट को फ्रीज कर दिया गया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

### प्रवर्तन एजेंसी के वरीय पदाधिकारियों के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त ने की बैठक, कहा

# अवैध गतिविधियों पर लगे पूर्णतः रोक

**मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा**

* राज्य में अवैध शराब, प्रतिबंधित नशे की सामग्री एवं ड्रग्स पर इंटेलिजेंस से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर करें छापेमारी
* एफएसटी एवं एसएसटी का सहयोग लेते हुए फ्री बीज को रोकने का करें कार्य
* सभी बैंक संदिग्ध लेनदेन की जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से करें साझा

## 805 लोगों ने किया प्रथम चरण के चुनाव के लिए नामांकन

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा किसी की भावना को आहत करने वाले बयान से बचना चाहिए। ऐसा बयान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई होगी।सोशल मीडिया में विरोधियों को अपमानित या तिरस्कार करने वाले, गरिमा से नीचे के पोस्टों को साझा करना आदर्श आचार संडिता का उल्लंघन माना जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 805 नामांकन दर्ज किये गये हैं। उनमें सर्वाधिक 32-32 नामांकन पूर्वी और पश्चिमी जमशेदपुर में हुए हैं। वहीं सबसे कम नामांकन सिमरिया और खूंटी में 11-11 दर्ज किये गये हैं। वहीं आदर्श आचार संडिता उल्लंघन के खिलाफ अब तक 19 प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। दूसरी ओर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक राज्य में 57.66 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी है।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन 2024 में प्रवर्तन एजेंसियां रुपए के अवैध लेनदेन,अवैध शराब, प्रतिबंधित सामग्री अथवा वैसे सभी फ्री बीज पर नजर रखते हुए जब्त करें, जिनसे मतदान को प्रभावित करने की संभावना हो। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित करते हुए कार्य कर रहीं है, इसके बाद भी कुछ क्षेत्रों में अभी भी बेहतर प्रदर्शन करना अपेक्षित है। वह आज राज्य के सभी प्रवर्तन ऐजेंसियों के वरीय पदाधिकारियों के साथ विधानसभा निर्वाचन से संबंधित समीक्षा कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि केवल कैश ही नहीं, अपितु अन्य वस्तुओं के प्रलोभन से भी मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया जा सकता है। इन सभी गतिविधियों पर सभी प्रवर्तन एजेंसियां समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्रवाई करें। सभी प्रत्याशियों को सामान अवसर प्रदान करने एवं राज्य में स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। श्री कुमार ने कहा कि बैंक द्वारा किसी भी प्रकार की संदिग्ध लेनदेन की सूचना इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के साथ साझा करें, जिससे छापेमारी कर अपराधियों को पकड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि शराब और नशे की सामग्री पर विशेष ध्यान दें। इसे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने यातायात, वन विभाग, एयरपोर्ट आथोरिटी, मद्य निषेध विभाग, कस्टम विभाग, आयकर आदि विभागों के पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान मुस्तैदी से कार्य करते हुए अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः रोक लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी श्री ए. वी. होमकर, अवर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित सभी प्रवर्तन एजेंसियों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एक भी मतदाता अपने मताधिकार से न रहे वंचित

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि एक भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे। इस हेतु सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने विधानसभा क्षेत्र में 85 साल से अधिक अथवा वैसे दिव्यांग मतदाता जो घर से मतदान करना चाहते हैं, उन्हें फॉर्म 12 डी उपलब्ध करा दें। वह आज निर्वाचन सदन से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिलों के पुलिस पोस्टल बैलेट एवं पोस्टल बैलेट सेल के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी जिले में मतदान कर्मियों का राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ट्रेनिंग की भौतिक समीक्षा अवश्य करें एवं इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि मतदान कर्मियों को ईवीएम क्लोजिंग डाटा संग्रहण का संपूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त हो, जिससे मतगणना के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि अथवा संशय की स्थिति उत्पन्न न हो।अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा कि सभी जिले में होम वोटिंग एवं निर्वाचन में लगे मतदाताओं के मतदान की प्रक्रिया का कलेंडर जारी किया गया है। इस कैलेंडर का अनुपालन करते हुए पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु सभी आवश्यक कार्य पूर्ण कर लें।

### प्रियंका गांधी ने वायनाड के लोगों को लिखी चीट्ठी

# रिश्ते को मजबूत करूंगी : प्रियंका



**प्रियंका गांधी ने पत्र में लिखा, वायनाड की यात्रा में आप मेरे मार्गदर्शक और शिक्षक होंगे जो (मुझे आशा है) एक जन प्रतिनिधि के रूप में मेरी पहली यात्रा होगी. लेकिन एक जन सेनानी के रूप में मेरी पहली यात्रा नहीं होगी. लोकतंत्र, न्याय और हमारे संविधान में निहित मूल्यों के लिए लड़ना मेरे जीवन की बुनियाद रही है. उन्होंने कहा, मैं आपके समर्थन से हमारे सभी के भविष्य के लिए इस लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं.**

**एजेंसी**
**नयी दिल्ली :** कांग्रेस महासचिव व वायनाड से प्रत्याशी प्रियंका गांधी ने यहां के लोगों के नाम एक भावुक पत्र लिखा है. इस पत्र के जरिए उन्होंने वहां के लोगों के प्रति अपने अनुभवों और सपनों को शेयर किया. शनिवार को वायनाड के लोगों को लिखे खुले पत्र में प्रियंका गांधी ने कहा कि वह उनके साथ मिलकर काम करेंगी और उनके समक्ष मौजूद चुनौतियों का समाधान करने में मदद करेंगी. कांग्रेस नेता ने लोगों से समर्थन का आग्रह करते हुए कहा, कि सांसद चुने जाने के बाद उनका काम वायनाड के लोगों के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ बनाएगा. साथ ही वह उनकी लड़ाई लड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी.प्रियंका गांधी ने पत्र में लिखा, वायनाड की यात्रा में आप मेरे मार्गदर्शक और शिक्षक होंगे जो (मुझे आशा है) एक जन प्रतिनिधि के रूप में मेरी पहली यात्रा होगी. लेकिन एक जन सेनानी के रूप में मेरी पहली यात्रा नहीं होगी. लोकतंत्र, न्याय और हमारे संविधान में निहित मूल्यों के लिए लड़ना मेरे जीवन की बुनियाद रही है. उन्होंने कहा, मैं आपके समर्थन से हमारे सभी के भविष्य के लिए इस लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं. यदि आप मुझे अपना सांसद बनाना चुनते हैं, तो मैं आपकी बहुत आभारी रहूंगी.बता दें कि राहुल गांधी इस लोकसभा चुनाव में वायनाड के साथ उत्तर प्रदेश के रायबरेली से भी निर्वाचित हुए थे. बाद में उन्होंने वायनाड सीट छोड़ने का फैसला किया, इस वजह से यहां उप-चुनाव हो रहा है.

# बीजेपी ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए जारी की 22 उम्मीदवारों के नाम



**इस लिस्ट में बीजेपी ने धुले विधानसभा सीट से राम भदाणे को टिकट दिया है। वहीं नासिक मध्य विधानसभा सीट से भाजपा ने देवयानी सुहास फरांदे को प्रत्याशी घोषित किया है।**

**एजेंसी**
**मुंबई :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। इसी क्रम में आज बीजेपी ने भी अपने प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में बीजेपी ने 22 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। इस लिस्ट में बीजेपी ने धुले विधानसभा सीट से राम भदाणे को टिकट दिया है। वहीं नासिक मध्य विधानसभा सीट से भाजपा ने देवयानी सुहास फरांदे को प्रत्याशी घोषित किया है। बीजेपी की इस लिस्ट में अकोला पश्चिम सीट से विजय कमलकिशोर अग्रवाल का नाम है।पहली लिस्ट में बीजेपी ने अशोह चव्हाण की बेटी जया अशोक चव्हाण को भोकर विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया। वहीं मुंबई के मौजूदा ज्यादातर विधायकों को बीजेपी ने फिर से टिकट दिया। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी और राज्य सरकार में मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर से बीजेपी ने टिकट दिया। वहीं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। देवेंद्र फडणवीस ने कल ही नामांकन भी दाखिल किया। बता दें कि महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों के लिए एक ही चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। वहीं नतीजों की घोषणा 23 नवंबर को की जाएगी। महाराष्ट्र में फिलहाल महायुति गठबंधन की सरकार है, जिसके मुखिया शिवसेना के एकनाथ शिंदे हैं।

### लोहरदगा में वाहन जांच में 1.91 लाख नकदी बरामद

**रांची :** लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के चेटर मोड़-जिंगी मुख्य पथ पर जिंगी बगीचा के समीप एफएसटी ने वाहन जांच के दौरान बकरी लदे वाहन से एक लाख 91 हजार कैश बरामद किए। बकरी व्यवसायियों ने कैश राशि के संबंध में कोई वैध कागजात एफएसटी के समक्ष पेश नहीं किए। इसके बाद टीम ने राशि जब्त करते हुए उसे जिला कोषागार में जमा करा दिया। सूचना मिलने के बाद मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। एफएसटी के दंडाधिकारी विशाल मिंज तथा पुलिस अधिकारी प्रदीप कच्छप के नेतृत्व में चेटर मोड़-जिंगी मुख्य पथ पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच कैरो की तरफ से एक टाटा इंट्रा मालवाहक वाहव (जेएच 01 ई ई 0353) को जांच के लिए रोका गया। वाहन जांच के दौरान वाहन में सवार एक बकरी व्यवसायी के पास काले रंग के बैग में पांच-पांच सौ के चार बंडल मिले।

# फर्जी कॉल्स पर आईटी मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

**भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने साइबर रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और ऐसे खतरों से बचाने की तत्काल आवश्यकता को पहचाना है।**



**एजेंसी**
**नई दिल्ली :** बम धमकियों को लेकर फर्जी कॉल्स पर आईटी मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी की है। वहीं मंत्रालय की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से भी मदद मांगी गई है। जानकारी के मुताबिक मंत्रालय ने इस मुद्दे को सुलझाने में मदद के लिए एक्स, मेटा और अन्य प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है। वहीं जानकारी के मुताबिक फर्जी बम धमकियों के मामले में सरकार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों की तरफ से उचित परिश्रम अनुपालन में विफलता के मामले में परिणामी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक परामर्श जारी किया, जिसमें सभी राज्यों से साइबर कमांडो की एक विशेष शाखा स्थापित करने का आग्रह किया गया।

यह पहल पिछले सप्ताह भारतीय एयरलाइनों को लक्षित करने वाले 100 से अधिक फर्जी बम धमकियों के जवाब में की गई है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी हुई और एयरलाइनों को वित्तीय नुकसान हुआ। इनमें से अधिकांश खतरों का पता सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर खातों से लगाया गया था, जिन्हें वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या डार्क वेब ब्राउज़र का उपयोग करके बनाया गया था, जो जांच एजेंसियों द्वारा पता लगाने से बच रहे थे। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने साइबर रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और ऐसे खतरों से बचाने की तत्काल आवश्यकता को पहचाना है।


# डॉ. रविंद्र कुमार राय बने झारखंड प्रदेश भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**रांची :** भारतीय जनता पार्टी आलाकमान ने कोडरमा के पुर्व सांसद रविंद्र कुमार राय को झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस सम्बन्ध में पार्टी आलाकमान ने विधिवत नोटीफिकेशन जारी कर दी है। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर राय के समर्थकों में बिशेष उत्साह देखा जा रहा है। मालूम हो की लोकसभा चुनाव में टिकट से वंचित होने और वर्तमान में विधान सभा चुनाव में भी प्रत्याशी नहीं बनाये जाने पर राय नाराज बताये जा रहे थे। सूत्र का कहना है की उन्होने विकल्प की तलाश आरम्भ कर दी थी। इसी बीच असम के मुख्यमंत्री और झारखंड विधान सभा चुनाव के लिए सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने पिछले दिन स्वय उनके आवास जाकर बात की थी। राय पुराने भाजपा कैडर माने जाते है। झारखंड गठन उपरांत बाबूलाल मरांडी की सरकार में उन्हे उद्योग मंत्री बनाया गया था। कोडरमा से वो सांसद भी बने। राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्य थे। राय एक अनुभवी कर्तव्यनिष्ठ भाजपा के सदस्य माने जाते है। राय के कार्यकारी अध्यक्ष बनाये जाने पर मुख्यालय में बिशेष उत्साह देखा जा रहा है।

# पलामू में 24 नया मोटरसाइकिल जब्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**
**मेदिनीनगर :** झारखंड विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य कर पदाधिकारी अंकेश अलंकार ने शुक्रवार रात पांकी-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र से हीरो कंपनी की 24 नई मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। इन मोटरसाइकिलों का इस्तेमाल विधानसभा चुनाव में करने की आशंका थी। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने शनिवार को बताया कि राज्य कर पदाधिकारी ने उन्हें सूचना दी कि एक लाल रंग की टाटा 112 ट्रक जो डालटनगंज से लेस्लीगंज की तरफ जा रही है, उसमें 24 हीरो कम्पनी की नयी मोटरसाईकिल लदी हुई हैं। टाटा 112 ट्रक (एलपीटी



जेएच03एफ 3340) को रोका गया और छानबीन की गयी तो हीरो कम्पनी की 24 नयी मोटरसाईकिलों लदी हुई पाई गई। वाहन चालक ने कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद 112 एलपीटी गाड़ी को जब्त करते हुए लेस्लीगंज थाना में रखा गया। मेदिनीनगर सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल की। उन्होंने बताया कि जांच के समय तत्काल बिल नहीं दिखाया गया। सीजर के 40 मिनट बाद बिल प्रस्तुत किया गया, जो बड़ा मामला हो जाता है। विधानसभा चुनाव होने के कारण अभी इसमें जांच चल रही है कि कहीं कोई पॉलिटिकल पार्टी इन बाइकों को मिसयूज करने की तैयारी में तो नहीं थी।

असर्फी कैंसर संस्थान
असर्फी हॉस्पीटल
कोई स्टेज, कोई लक्षण
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
Dr. Barath Raj Kumar.S
M.S., MRCS (Edin.), M.Ch (Surgical Oncology)
Consultant
Surgical Oncologist
Surgical Oncology
दिन :- प्रतिदिन सोमवार से शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road,Bhuli,Dhanbad-828105

# दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिये सुनिश्चत कराये आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं : आयुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू प्रमंडल के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव की व्यापक तैयारी चल रही है। मतदाता अत्यधिक संख्या में मतदान केन्द्रों पर पहुंचे और मतदान करें। इसके लिए विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। वहीं चुनाव आयोग के निदेश पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मतदानकर्मियों एवं अन्य सभी मतदाताओं की सुविधा का भी ख्याल रखा जा रहा है। मतदान केन्द्रों पर सुविधाएं और दुरूस्त हो एवं मतदान पूर्व व्यापक तैयारी पूर्ण कराई जा सके, इसके लिए आज स्वयं प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा मतदान केन्द्रों पर पहुंचे। आयुक्त 75-पांकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के नीलाम्बर-पीताम्बरपुर प्रखंड क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन किया।आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के निबंधन, मतदान दिवस के दिन उनके लिए परिवहन की सुविधा, मतदान केन्द्रों पर रैंप एवं व्हील चेयर, मतदाताओं के लिए लगे लाइन के बीच उनकी सुविधा हेतु बेंच या कुर्सी लगाने, बारिश या धूप से बचाव के लिए शेड, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ एवं क्रियाशील शौचालय, मतदान कक्ष में बिजली कनेक्शन, समुचित प्रकाश व्यवस्था, पंखा, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, मेडिकल कीट, मतदाताओं के सहयोग हेतु वोलेंटियर का सहयोग आदि से संबंधित आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का सूक्ष्मता से आकलन किया। उन्होंने बालक एवं बालिकाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करने, उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था एवं ब्लीचिंग पाउडर डालकर शौचालय को स्वच्छ रखने, शौचालय जाने वाले रास्तों के लिए साइनेज लगाने संबंधी निदेश दिया। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं की कमियों को शीघ्रता-शीघ्र दूर करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध होने से चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सकेगा। इससे पलामू प्रमंडल का मतदान प्रतिशत अधिक होगा। उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मतदान कराने आनेवाले मतदान कर्मियों की सुविधा का भी ख्याल रखते हुए न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया।

# भ्रष्टाचार मुक्त बिश्रामपुर बनाने के लिये करें मतदान : जागृति दुबे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** झारखंड युवा विकास पार्टी की प्रत्यासी जागृति दुबे ने शनिवार को विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क चलाया.इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान हेतु सार्थक पहल करने का भरोसा दिलाया.श्रीमती दुबे ने कहा कि इस बार भ्रष्टाचार मुक्त बिश्रामपुर के लिए मतदान करें.अपने बच्चों के सुनहरे भविष्य को संवारने हेतु मतदान करें. आपके मतदान से ही बिश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है.उन्होंने कहा कि आरोप प्रत्यारोप में नहीं जाना चाहतीं,लेकिन आप खुद ही सोचें कि क्षेत्र का अपेक्षित विकास क्यों नहीं हुआ.इसका दोषी कौन है.दो लोगों ने लगातार चालीस वर्षों तक बिश्रामपुर पर राज किया, फिर भी तस्वीर क्यों नहीं बदली.जागृति दुबे ने लोगों से समर्थन मांगते हुए कहा कि विकास के लिए राजनीतिक परिवर्तन बेहद जरूरी है.मौके पर कई लोग मौजूद थे. इधर पार्टी प्रमुख रजनीश रंजन दुबे उर्फ विकाश दुबे ने अपने समर्थकों के साथ भी जागृति दुबे के पक्ष जनसंपर्क चलाया।

# नावाजयपुर पुलिस ने छापामारी कर जावा महुआ व शराब को किया जप्त



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नावा जयपुर थाना अंतर्गत हुरदगा रुदीडीह मझौली गाँव में छापामारी कर अवैध जावा महुआ शराब के खिलाफ नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे के नेतृत्व 200द्मद्द महुआ जावा, 30 लीटर शराब को जप्त किया। इसी दौरान शराब बनाने वाले उपकरण को भी धवस्त किया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान लगातार जारी है। उन्होंने निर्देशित किया है कि अवैध रूप से शराब बनाने वाले के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हुसैनाबाद के देवरी ओपी पुलिस की अवैध जावा महुआ शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल एवं देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार के नेतृत्व में ओपी पुलिस बल ने देवरी सोन नदी के डीला पर स्थान पर अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर आज करीब 2600 किलो जावा महुआ, देशी शराब बनाने वाले उपकरण, शराब रखने वाला बर्तन सहित दो शराब भठी को विनष्ट कर दिया गया, इस छापेमारी दल में एएसआई अखिलेश कुमार, हवलदार बासुदेव महतो, आरक्षी गोपाल दुबे, गौतम विश्वकर्मा व चालक मुकेश राम शामिल थे।

# किशोर से मिले कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष



**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पाटन कांग्रेस प्रखंड के अध्यक्ष अभय कुमार पांडे ने पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर को कांग्रेस से टिकट मिलने व पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का प्रत्याशी बनाए जाने पर राधा कृष्ण किशोर से मिलकर फूल गुलदस्ता देकर बधाई दिया।इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अभय पांडे ने बताया कि पाटन छतरपुर विधानसभा में चुनु राम पांच बार के विधायक चुने गए हैं। इनकी कार्यकाल में पाटन छतरपुर विकास कार्य के मामले में अव्वल बनी हुई थी। इस बार पुनः कांग्रेस की टिकट पर पूर्व विधायक सह प्रत्याशी राधा कृष्ण किशोर की विजय होगी।मोके पर उपाध्यक्ष सहजाद अली उपस्थित रहे।

# ओबीसी एकता अधिकार मंच में कई दलों के कार्यकर्ता हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में ओबीसी एकता अधिकार मंच के अध्यक्ष सह प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के बिश्रामपुर स्थित चुनाव कार्यालय में आज भाजपा, आरजेडी और बसपा के काफी संख्या में कार्यकर्ता मंच में शामिल हुए। शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं नें एकजुट होकर ब्रह्मदेव प्रसाद को समर्थन देने और उन्हें जीत दिलाने का वादा किया। इस मौके पर मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष सह बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद नें शामिल होने वाले सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और उन्हें मंच का पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। श्री प्रसाद नें कहा कि जो लोग हमारे मंच से जुड़ रहे हैं, हम उनका खुले दिल से स्वागत करते हैं। उन्होंने विश्रामपुर में भ्रष्टाचार और बेरोजगारी को लेकर चिंता जताई और जनता से अपील की कि वे उनके विचारों और संदेशों को घर-घर तक पहुंचाएं। श्री प्रसाद ने कहा, मैं दुर्घटना के कारण चुनाव लड़ने को इच्छुक नहीं था, लेकिन विश्रामपुर के नौजवानों, माताओं और बहनों के आग्रह पर चुनाव लड़ रहा हूँ। यह चुनाव केवल मेरा नहीं है, बल्कि विश्रामपुर की जनता का चुनाव है। मैं सभी से अपील करता हूँ कि आरक्षण और अपने हक-अधिकार के मुद्दे पर मेरा समर्थन करें। अपने हक-अधिकार और सम्मान कि रक्षा के लिए मेरे पक्ष में मतदान करें।

### भाजपा विधायक प्रत्याशी पुष्पा देवी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

# पाटन के कांके कला पंचायत में दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक प्रत्याशी पुष्पा देवी ने शनिवार को पाटन प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। मेराल, सिक्की, बरसैंता, कांके कला, नावाडीह इत्यादि विभिन्न गांवों का दौरा किया।इस दौरान पुष्पा देवी ने अपने विकास कार्यो का लेखा जोखा जनता के सामने रखा।पुष्पा देवी ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।ग्रामीणों ने हर्षोल्लास के साथ भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी का स्वागत किया और जमकर नारेबाजी की। कांके कला गाँव में दर्जनों लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विधायक पुष्पा देवी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा। भाजपा प्रत्याशी पुष्पा देवी ने सभी को माला और अंग वस्त्र पहनाकर भाजपा परिवार में स्वागत किया। कांके कला की लक्ष्मी पूजा नवयुवक समिति ने पूजा में शामिल होने का निमंत्रण पुष्पा देवी को दिया।इस मौके पर मनोज सिंह, बिहारी पासवान, गोपाल यादव, सिंटू यादव, गणेश प्रसाद, मृदुल भुइयां, दिनेश्वर भुइयां, रामजी पासवान, पवन कुमार, बबीता देवी, कलावती देवी, राजमानिया देवी, सिंहल प्रसाद, राजीव सिंह, मुक्तेश्वर सिंह, कुमुद देवी, लालदेव भुइयां, जैनुल अंसारी, भीम यादव, कैलाश यादव, दिनेश सिंह चेरो, मनीष राय, प्रभात कुमार इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# इंडिया गठबंथन के उम्मीदवार छोटे राजा ने बिशुनपुरा में किया जनसंपर्क, लोगों से किया सहयोग की किया अपील



**बंशीधर(नगर प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व विधायक इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अनंत प्रताप देव ने शुक्रवार को बिशुनपुरा प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान प्रखंड के बिशुनपुरा, संध्या, कोचेया, महुली सहित विभिन्न गांवो का भ्रमण किया। पूर्व विधायक ने विशुनपुरा के ग्रामीणों से मिलकर उनके विभिन्न समस्याओं की जानकारी लिया तथा समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने सभी से चुनाव में सहयोग करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने किसान, नौजवान, मजदूर, गरीब सभी के साथ विश्वास घात किया है। उनका संकल्प है कि यहां पावर प्लांट स्थापित कर नौजवानों को रोजगार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि 4000 एकड़ जमीन भवनाथपुर में है। उसके बावजूद प्लांट का निर्माण नहीं हो पाया है। यहां के विधायक सिर्फ अपने हाथों को मजबूत किया है। यहां के युवक आज रोजगार के लिए दर-दर की ठोकर खा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने 18-49 वर्ष तक के महिलाओं को सम्मान योजना से जोड़कर अभी एक हजार रुपये दे रही है। यह राशि दिसंबर माह से ढाई हजार रुपए कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर घर का बिजली बिल माफ कर दिया है। इसके साथ ही 200 यूनिट फ्री बिजली का लाभ भी दिया जा रहा है। आज ग्रामीण निर्भीक होकर 22 घंटे बिजली का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों केसीसी लोन के से दबे थे। सरकार ने सभी किसानों का लोन माफ कर दिया है।इसके साथ ही सावित्रीबाई फुले योजना का भी लाभ हर बच्चियों को दिया जा रहा है। इस सरकार ने महिलाओं सहित सभी को स्वालंबी बना रही है। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने सभी से अपने पक्ष में वोट करने का अपील किया। मौके पर युवा नेता विभूति पांडे, योगेंद्र पासवान, नंदलाल चंद्रवंशी, दिनेश राजभर,रवि शंकर महतो, अमित पासवान, अनिरुद्ध चंद्रवंशी, बहादुर चंद्रवंशी, सुरेश बैठा, मानिक गुप्ता, प्रवीण कुमार सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पूर्व और वर्तमान नेताओं ने जनता को ठगा, सिर्फ अपनी संपत्ति बढ़ाई : रुचिर तिवारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव एवं डाल्टनगंज से विधानसभा प्रत्याशी रुचिर कुमार तिवारी ने आज चैनपुर प्रखंड के बेलवाटीका, चेड़ाबार, पूर्वडीहा, कोलुहवा, करडीह, पूर्वी लिटकी, पतरिया, केकतुआ, रामपुर जैसे कई गांवों में जनसंपर्क अभियान को तेज किया। जनता से बातचीत के दौरान गांव के लोगों ने अपनी परेशानियां साझा कीं और बताया कि अब तक उन्हें पक्के आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। मूर्ति देवी, रामनाथ चौधरी और कुंती देवी जैसे सैकड़ों लोगों का कहना है कि भाजपा और कांग्रेस की सरकारों ने जनता को धोखा देने का ही काम किया है। वर्तमान विधायक और पूर्व मंत्री जैसे केएन त्रिपाठी और इंदर सिंह नामधारी ने सिर्फ अपनी संपत्ति में इजाफा किया है और जनता के हितों की अनदेखी की है।इस मौके पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जनता से बदलाव की अपील की। अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने युवाओं को सीपीआई के उम्मीदवार रुचिर तिवारी के चुनाव चिन्ह 'हसुवा बाली छाप' के पक्ष में समर्थन देने का आग्रह किया। राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने बताया कि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में विकास रुक गया है, जबकि अभय कुमार भूइंया ने कहा कि दलित और आदिवासी समुदाय के लिए कोई ठोस विकास कार्य नहीं हुए हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत हैदर नगर के देवी धाम परिसर में आज भाजपा हैदर नगर मंडल के सभी शक्ति केदो के संयोजक एवं सहसंयोजक की बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से लोकप्रिय विधायक प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह जी को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया गया इस बैठक में मुख्य रूप से हुसैनाबाद विधानसभा के प्रवासी पूर्व विधायक उत्तर प्रदेश श्री लाल बहादुर चौधरी जी जिला मंत्री श्री सोमेश सिंह जी विस्तारक श्री महाराज सिंह चौधरी जी मंडल अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंह जी बुधवार के न्यू वर्तमान मंडल अध्यक्ष श्री राम राज मेहता जी वीरेंद्र सिंह जी सत्येंद्र कुमार जी वरिष्ठ भाजपा नेता श्री विनोद पांडे जी श्री राजीव रंजन तिवारी जी एवं भारतीय जनता पार्टी के कई कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मनरेगा भेंडर पर राशि नहीं देने का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** मनरेगा भेंडर विवेक जायसवाल पर सिंचाई कुप के लाभुक बक्शीपुर गांव निवासी सनंत साह ने शनिवार को मटेरियल का राशि नहीं देने का आरोप अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर से मिलकर लगाया है। दिए गए आवेदन में उक्त लाभुक के द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि 2022-23 में मनरेगा योजना से मिला सिंचाई कुप का संपूर्ण कार्य मेरे द्वारा कर दिया गया है। मटेरियल का राशि 2 लाख 8 हजार 90 रुपए का भुगतान 18.09.2023 को ही भेंडर विवेक जायसवाल के खाते में कर दिया गया है। परंतु उनके द्वारा आज-कल राशि का भुगतान करने की बात कह कर हमेशा टालमटोल कर दिया जा रहा है। जिसे लेकर मैं पिछले 1 साल से काफी परेशान और कर्ज की वजह से चिंतित हूं। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी से मटेरियल का राशि भुगतान करने का गुहार लगाया है।

# सूर्या ने किया दर्जनों गांव का दौरा

## कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में भाजपा नेता ने किया जनसंपर्क



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में भाजपा नेता सूर्या सिंह ने जन आशीर्वाद यात्रा की शुरुआत कर दी है। उन्होंने पोखरिया, दादरा, बनियाडीह, शिवा बिगहा, शिवा बिगहा टोला, कामत रजवार टोला, कामत राजपूत टोला, उरांव टोला, बराही, कुड़वा , खरड़ीहा, काजी बिगहा, शेखपुरा, बेलबीघा, नावाडीह, कजरात, अघेरिया, बेलबिघा, रेडिया व बहेरा का दौरा कर लोगों से भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। सूर्या ने ग्रामीणों को कहा कि एक तरफ कमलेश कुमार सिंह विकास, रोजगार, जिला बनाने, घुसपैठियों से राज्य को मुक्त कराने, देश व राज्य की संस्कृति के साथ साथ हिंदुत्व की रक्षा की बात करने वाली भाजपा है। दूसरी ओर जात पात की राजनीति करने वाले है। उन्होंने आम लोगों को कहा कि दोनों में उन्हें फर्क देखने की जरूरत है। सूर्या ने कहा कि कमलेश कुमार सिंह दो बार विधायक रह चुके हैं। इन्होंने क्षेत्र का विकास किया है, सभी जानते हैं। जबकि कमलेश कुमार सिंह के पहले गांव में सड़क नहीं, घर में बिजली नहीं, अस्पताल में सुविधा नहीं, स्कूल में शिक्षक नहीं थे। आज हुसैनाबाद की तस्वीर बदलने का कम कमलेश कुमार सिंह ने किया है। सूर्या ने आम लोगों से हुसैनाबाद हरिहरगंज के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया है।

# विकास के मामले में टॉप पर रहेगा पांकी विधानसभा क्षेत्र : विनोद सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी कुशवाहा विनोद सिन्हा ने अपना नामांकन भरने के पूर्व महती जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा प्रदान करना उनका पहले काम होगा। उन्होंने कहा कि अभी तक यहां के जितने भी जनप्रतिनिधि हुए, सभी ने यहां की जनता को लूटने का काम किया है। ये सभी जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना पेट भरते रहे। इन लोगों ने जनता के विकास और उनकी सुरक्षा पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। यहां चिकित्सा सुविधा नहीं के बराबर है। थोड़ा सा भी बीमारी होने पर यहां के लोगों को डाल्टनगंज और रांची जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर यहां की जनता उन्हें मौका देती है तो सबसे पहले वे इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा को मजबूत करेंगे। हर पंचायत में स्वास्थ्य केदो की स्थापना की जाएगी। ताकि यहां के लोग अपना इलाज कराने दूर के शहरों में न जाएं। विनोद सिन्हा ने कहा कि दूसरा काम शिक्षा सुविधा को मजबूत करना होगा। पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा की सुविधा को इस तरह से मजबूत किया जाएगा कि गांव-गांव के बच्चे ऑफिसर बने। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रखंड में दो-दो इंग्लिश मीडियम स्कूल की स्थापना की जाएगी। विनोद सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में गरीबी और बेरोजगारी चरम पर है। यहां के लोग रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में नौकरी की तलाश में जाते हैं। इसलिए यहां पर रोजगार सृजन करना भी उनका महत्वपूर्ण काम होगा। प्रत्येक पंचायत में रोजगार सृजन किया जाएगा। ताकि यहां के लोग रोजगार की तलाश में बाहर नहीं जा सके। निर्दलीय प्रत्याशी विनोद सिन्हा ने कहा कि इस क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का घोड़ा अभाव है। सिंचाई सुविधाओं के अभाव में यहां के किसान पूरी तरह से चिंतित रहते हैं। इसलिए पूरे गांव में सिंचाई सुविधा बहाल करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। ताकि सिंचाई सुविधा हर एक किसान को मिल सके। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र को मॉडल विधानसभा बनाएंगे। यह विधानसभा राज्य के लिए एक उदाहरण होगा।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केतार बाजार में शनिवार को स्वीप कोषांग के तहत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी नीरज कुमार पाल एवं अन्य रोजगार सेवक पंचायत सेवक के द्वारा केतार बाजार पहुंच दुकानदारों एवं स्थानीय ग्रामीणों को मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए जागरूपता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान लोगों से अपील किया गया की भय मुक्त होकर वोट देने जाए साथ ही किसी प्रकार की शिकायत रहने पर एप्स के माध्यम से फोटो एवं वीडियो डालकर कर शिकायत अपलोड कर सकते है। इस दौरान अधिक संख्या में लोगों मतदान करने का संकल्प लिया। इस मौके पर केतार मुखिय प्रमोद कुमार, प्रखंड कर्मी जितेंद्र रजक, दीपक जायसवाल, रामकुमार प्रजापति, छोटन पासवान, आयुषी चौबे, धीरेन्द्र कुमार, पंकज कुमार सिंह, सुधांशु कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## दीपावली व सोहराय पर्व का आयोजन




**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जशपुरिया बी.एड. कॉलेज, बीसा में 26 अक्टूबर को दीपावली और सोहराय पर्व का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने उद्घाटन संबोधन में कहा कि फ्रसांस्कृतिक पर्व न केवल हमारे उत्सव हैं बल्कि हमारे समुदाय को एकजुट करने वाले महत्वपूर्ण धागे भी हैं। इस कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षु प्रदीप कुमार महतो ने किया। इस अवसर पर रंगोली निर्माण और दीया सजावट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। दीया सजावट प्रतियोगिता में चंदा शर्मा को प्रथम पुरस्कार, आशा माधुरी सरस को द्वितीय पुरस्कार तथा शालिनी लकड़ा को तृतीय पुरस्कार मिला। रंगोली प्रतियोगिता में श्रुति वर्मा एवं उनकी टीम को प्रथम पुरस्कार, आलोक राज बैठा एवं उनकी टीम को द्वितीय पुरस्कार तथा नीलम खोया एवं उनकी टीम को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की निदेशक डॉ. शालिनी प्रिया सहित अन्य शिक्षकगण जैसे डॉ. प्रियंका शर्मा, रीमा उपासना कछप, सजिब कुमार, विभा कुमारी आदि ने भी प्रतिभाग किया। सोहराय पर्व की महत्ता पर भी चर्चा की गई, जिससे सभी प्रतिभागियों को इस क्षेत्रीय पर्व की सांस्कृतिक गहराई का ज्ञान प्राप्त हुआ। इस प्रकार, जशपुरिया बी.एड. कॉलेज का यह आयोजन सभी के लिए उत्साहवर्धक और सांस्कृतिक जागरूकता से भरपूर रहा।

## मतदाता जागरूकता का चलाया गया अभियान




**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी के प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने बताया कि स्वीप मतदाताओं को मतदान के लिए शिक्षित व जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार करने और मतदाता की जानकारी बढ़ाने के लिए प्रमुख कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि स्वीप का प्रमुख लक्ष्य निर्वाचनों के दौरान सभी पात्र नागरिकों को मत देने और जागरूक निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित करके भारत में सही मायनों में सहभागी लोकतंत्र का निर्माण करना है। इस अभियान में खलारी प्रखंड व अंचल के सभी कर्मचारी अपने अपने हाथों में निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप के तहत जारी मतदाता जागरूकता संबंधी तख्ती का प्रदर्शन किए। अभियान में खलारी बीडीओ संतोष कुमार, अंचल अधिकारी प्रणव अम्बष्ट, मुखिया पुतुल देवी, पुष्पा देवी, बीपीओ विनय कुमार, आदित्यनाथ झा, असीत कुमार, जेई रमेश गुप्ता, हरकुलस प्रसाद, विकास कुमार, नवीन वर्मा, महंतवीर महतो, अर्चना देवी, गीता देवी, बसंती देवी, रिशु कुमारी, रूपदेव गोप, पच्चू मुंडा, सूरज महतो सहित प्रखंड व अंचल के सभी कर्मचारी शामिल थे।

## जितेन्द्र कुमार ने सिमरिया विधानसभा से कराया नामांकन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पिपरवार क्षेत्र के बिलारी गांव निवासी जितेंद्र कुमार राम ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा जेएलकेएम से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप मे अपना नामांकन कराया।नामांकन से पूर्व उन्होंने पिपरवार एवं टंडवा में महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया।जिसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ गाजे-बाजे के साथ रैली की शक्ल में सिमरिया अनुमंडल कार्यालय जाकर अपना नामांकन कराया।इस संबंध में उन्होंने बताया कि पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो ने जो उम्मीद एवं भरोसे के साथ उन्हें सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा है उस पर वह पूरी तरह से खरा उतरने का काम करेगे।उन्होंने कहा कि सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लोग इस बार परिवर्तन के लिए मतदान करने का काम करेंगे।सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में विस्थापन,जल,जंगल और जमीन जैसी समस्या से लोग परेशान हैं।बाहरी कंपनी यहां आकर स्थानीय लोगों का शोषण कर रही है। स्थानीय लोगों को उनके हक और अधिकार दिलाने के लिए जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए वह इस बार विधानसभा चुनाव के मैदान में है और स्थानीय लोगों का उन्हें भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है।उन्होंने स्थानीय लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।इधर उनके नामांकन कार्यक्रम में काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।पिपरवार क्षेत्र के बेंती,बहेरा, कल्याणपूर,डहु और बड़गांव पंचायत से भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## बचरा में चित्रांश महापरिवार की बैठक संपन्न



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा वनबीआर कालोनी मे चित्रांश महापरिवार की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अवधेश कुमार सिन्हा और संचालन दिलिप कुमार अम्बष्ट ने किया।बैठक में प्रत्येक वर्ष कि भांति इस वर्ष भी बचरा में चित्रगुप्त पूजा धूमधाम से मनाये जानें का निर्णय लिया गया।कोषाध्यक्ष मिथलेश कुमार के द्वारा विगत वर्ष के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया।बैठक में सर्वसम्मति से आगामी तीन नवंबर को बचरा में चित्रगुप्त पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।पूजा को सफल बनाने के लिए पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कमेटी का गठन किया गया।जिसमे संरक्षक एनके एरिया जीएम सुजीत कुमार, अध्यक्ष संगीत कुमार, महासचिव एके श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद सिन्हा,सागर श्रीवास्तव, राजेश कुमार,दिव्यांशु सहाय,आशुतोष सिन्हा को बनाया गया।इसके अलावे कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।बैठक के अंत में चित्रांश महापरिवार के सदस्य अभिषेक श्रीवास्तव तथा नरेंद्र लाल के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया।बैठक में मिथिलेश कुमार सिंहा,अश्विनी कुमार दाराद,दिलीप कुमार अम्बष्ट, रमेश कुमार सिन्हा,प्रवीण कुमार दाराद,अनिल कुमार सिंहा,रवि शंकर सहाय, मनोज कुमार सिंहा,निशु निशांत,अंकित प्रियेश,विनीत रंजन,सुमित रंजन,विकास सिंहा सहित दर्जनों चित्रांश परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

## बिजली के चपेट में आने से गाय की मौत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंगपुर निवासी ताज़िमुद्दीन खान की गाय शनिवार सुबह 10 बजे घास चरने के क्रम में सिंगपुर में लगे ट्रांसफार्मर के तार के चपेट में आने से मौत हो गई।ताज़िमुद्दीन खान ने बताया कि गाय 25 लीटर से अधिक दूध देती थी। मृत गाय की कीमत लगभग 1 लाख रुपए तक होगी।मैं गरीब किसान दूध बेच कर अपना परिवार का भरण पोषण करता था।किसान बिजली विभाग से मुआवजा की मांग की है।

## मल्टी-ब्रांड डीलरशिप का हुआ उद्घाटन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मल्टी-ब्रांड डीलरशिप एक महत्वपूर्ण कदम है, जो एक ही छत के नीचे एसयूवी की सबसे विस्तृत रेंज को एक साथ लाता है, जिसमें सिट्रोन और जीप0 दोनों उत्पाद शामिल हैं। पारंपरिक आईसीई और ईवी सहित विभिन्न खंडों के लिए विविध पेशकशों के साथ, डीलरशिप इन बाजारों में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए रणनीतिक रूप से इस क्षेत्र में स्थित हैं। इसके अलावा, इस मल्टी-ब्रांड डीलरशिप का उद्घाटन दोनों ब्रांडों के लिए मजबूत आत्मीयता को दर्शाता है। व्यापक 3स सुविधाएँ प्रदान करते हुए, नई डीलरशिप में जीप0 मॉडल की पूरी रेंज प्रदर्शित की गई है - ग्रैंड चेरोकी, रैंगलर, मेरिडियन और कंपास - साथ ही आकर्षक सिट्रोएन पोर्टफोलियो - सी3, ईसी3, बेसाल्ट, एयरक्रॉस एसयूवी और सी5 एयरक्रॉस एसयूवी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने अड़की प्रखंड का किया दौरा

# विधानसभा निर्वाचन 2024 से जुड़े तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा आज अड़की प्रखंड का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित वरीय पदाधिकारी संग विधानसभा निर्वाचन 2024 से जुड़े तैयारी से संबंधित समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा मुख्य रूप से रूट चार्ट, वाहन की उपलब्धता, व्हीलचेयर की उपलब्धता, होम वोटिंग, क्लस्टर एवं मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य टीम की प्रतिनियुक्ति, रैंप, ए0एम0एफ के तहत सभी फैसिलिटी, वॉलिंटियर प्रतिनियुक्ति समेत अन्य तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ के माध्यम से क्षेत्र के मतदाताओं को वोटर इनफॉरमेशन स्लीप ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मतदान केन्द्रों एवं क्लस्टर पर मतदान कर्मियों, सुरक्षा कर्मियों एवं मतदाताओं को समस्या ना हो से लेकर पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप एवं अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सेक्टर ऑफिसर एवं सेक्टर पुलिस ऑफिसर को संयुक्त रूप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा करते हुए थाना प्रभारी को सक्रिय होकर क्षेत्र में 107 के तहत आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा क्षेत्र के मतदाताओं से अपील किया गया कि वह भयमुक्त महौल में बिना किसी प्रलोभन के नैतिक रूप से मतदान अवश्य करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर देश के जागरूक नागरिक होने का परिचय दें।

# बड़कागांव विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी ने किया पिपरवार का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी के शनिवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों का दौरा किया।जानकारी के मुताबिक भाजपा प्रत्याशी रोशनलाल चौधरी ने पिपरवार क्षेत्र के किचटो,बचरा दक्षिणी,बचरा उत्तरी,बुंडू और पाताल पंचायत का दौरा किया।इस दौरान कल्याणपुर चौक में भाजपा एवं आजसु के कार्यकर्ताओं ने रोशनलाल चौधरी का फूलों का गुलदस्ता देकर जोरदार स्वागत किया।इसके बाद रोशनलाल चौधरी ने पांचो पंचायत के विभिन्न गांव का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात किया और अपने पक्ष में वोट मांगा।रिमझिम बारिश की फुहारो के बीच रोशन लाल चौधरी ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर जनसंपर्क किया और वोट मांगा।इस दौरान उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में इस बार परिवर्तन की लहर चल रही है।बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोग इस बार एनडीए के पक्ष में मतदान कर झारखंड में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने का काम करेगी।उन्होंने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार ने चुनाव के वक्त जो वादा किया था उसे पूरा नहीं किया,जिससे राज्य की जनता में आक्रोश देखा जा रहा है और राज्य की जनता एनडीए गठबंधन के साथ है। आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत होगी और झारखंड में सरकार बनेगी। इस मौके पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा,आजसु पिपरवार नगर अध्यक्ष विनोद सिंह,नागेश्वर महतो, मोहन महतो,रविशंकर जायसवाल,संजय पासवान,संजय ठाकुर,रमेश महतो,राजेश सिंह,उगन महतो,विनोद कुमार, काशीनाथ महतो,अश्विनी दराद,प्रमोद कुमार,अनिल यादव,अनिल पांडेय,अजय कुमार सिंह,उमेश मेहता, दिलिप अम्बष्ट,राशिद कादरी सहित भाजपा और आजसु के कई कार्यकर्ता मौजुद थे।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ. जीतूचरण राम ने खलारी के विभिन्न पंचायतों का किया दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** भाजपा प्रत्याशी डॉ. जीतूचरण राम ने शनिवार को खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू के नेतृत्व में खलारी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया। अपने दौरे के क्रम में सबसे पहले डॉ.जीतूचरण राम खलारी स्थित पहाड़ी मंदिर पहुंचे, जहां उन्होने पूजा अर्चना कर भगवान का आर्शीवाद लिया। जिसके बाद डॉ. जीतूचरण राम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अपने दौरे के क्रम में हुंटाप देवी मंदिर, लपरा देवी मंदिर, हेसालोंग शिव मंदिर गए। वहां से तुमांग पंचायत के धमधमिया पहुंचने पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया। बाजारटांड़ स्थित शिव मंदिर में दर्शन कर भगवान शिव का पूजन किया। वहां से वो केडी मुख्य बाजार पहुंचे जहां उन्होने व्यवसायिओं से मिले। इसके बाद डॉ. जीतूचरण राम ने डकरा में महिला मोर्चा की सदस्यों के साथ बैठक किया और चुनावी तैयारियों को लेकर अपनी बातों को रखा। बैठक के बाद वे डकरा सुभाश नगर में लोगों से मिलकर राय एवं बमने पंचायत में कई जगहों का दौरा किया। प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों में अपने दौरे क्रम में डॉ. जीतूचरण राम ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों से मिले। दौरे में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, मंडल महामंत्री कार्तिक पाण्डेय, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, जिला परिषद सरस्वती देवी, अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, जितेन्द्र पांडेय, जितेन्द्र भारती, चतुर्गुण भुइंया, विकाश दुबे, शत्रुंजय सिंह, श्याम सुन्दर सिंह, नेपाल सिंह, शशि प्रसाद साहू, शशि पाण्डेय, सुशील अग्रवाल, आनन्द सिंह, राजू गुप्ता, प्रदीप कुमार सिंह, शशि उरांव, शिव चौधरी, रतन लाल, कमलेश महतो, रविंदर पासवान, मनोज जायसवाल, दिलीप पासवान, लालेश्वर यादव, रामेश्वर महतो, कुलदीप लोहारा, संजीत तूरी, दिलीप गंझू, तुलसी मुंडा, ममता केसरी, नीरा देवी, आनंद झा, सरिता देवी, सुबोध रजक, शुभम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# दो दिनों कि बारिश से फ़सल का नुकसान, किसान चिंतित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** दाना चक्रवाती तूफान कारण सिल्ली आसपास क्षेत्रों बिते गुरुवार की रात हवा के साथ बारिश होने से धान की फसल को नुकसान होने की संभावना बढ़ गई है। किसानों के लहलहाते धान की खड़ी फसल के गिरने से किसान चिंतित हो रहे हैं। क्षेत्र के किसानों ने बताया कि अधिकांश खेतों में धान की फसल तैयार हो गई है। किसानों का मानना है कि पकने के समय धान की पौधे गिरने से अपुष्ट धान खकरी में तब्दील होने की संभावना बनी रहती है। बीज विक्रेता सह किसान किशोर कुशवाहा ने बताया कि क्षेत्र में चारों ओर धान की अच्छी फसल लहलहा रही है। अबकी बार धान की बंपर पैदावार होगी। लेकिन चक्रवाती तूफान से धान की फसल को नुकसान पहुंचा सकता है। बारिश व हवा के कारण खेतों में धान की फसल जमीन पर गिरने लगी है। जिससे उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ने का डर सताने लगा है। वहीं अन्य किसानों ने बताया कि अधिकांश खेतों में धान पकने को तैयार है। जिसमें एक पखवाड़े तक अधिकांश धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार हो जाएगा। मौसम ने अचानक करवट ले ली है। जिससे धान, आलु समेत अन्य सब्जी के खेती में नुक्सान की संभावना बढ़ गई है।

# कौशल विकास केन्द्रों में स्वीप के तहत चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** स्वीप के तहत आज कौशल विकास केन्द्रों में रंगोली और पोस्टर के माध्यम से मतदान के महत्व की जानकारी दी गई। राधा गोविंद SJKVY दक्ष अकैडमी, ड्रीम वेभर्स ष्ठष्ठ-च्य्य, दिशा एजुकेशन तोरपा बिरसा, रांची सिक्योरिटी कर्रा, सनमत रानिया समेत अन्य कौशल विकास केंद्र में यह आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से रंगोली और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को चुनाव की महत्ता के बारे में जागरूक करना और मतदान के प्रति उनकी रुचि बढ़ाना था। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवाओं और प्रतिभागियों ने रंगोली और पोस्टर के माध्यम से मतदान के महत्व, वोट देने का अधिकार और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के बारे में संदेश दिया। रंग-बिरंगी रंगोली और सजीव पोस्टर ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया और उन्हें लोकतंत्र की शक्ति और हर एक वोट की अहमियत के बारे में जागरूक किया। सभी से अपने अभिभावकों एवं अपने आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। मौके पर सभी ने मतदाता प्रतिज्ञा भी लिया। सभी से 13 नवम्बर को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने का अपील किया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनाया गया दीपोत्सव



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में दीपावली के मौके पर दीपोत्सव धुमधाम के साथ मनाया गया।कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्रों के उच्चारण के साथ विद्यालय की प्राचार्या डॉ. रिशु चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस मौके पर स्कूल परिसर को रंगीन बल्बों,रंगोली आदि से सजाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्राचार्या डॉ. रिशु चौधरी ने कहा कि दिपावली अंधकार पर प्रकाश,बुराई पर अच्छाई और अज्ञानता पर ज्ञान की आध्यात्मिक जीत का प्रतीक है।दिपावली की रोशनी हमारी सभी काली इच्छाओं और विचारों को नष्ट करने,अंधेरे साये और बुराइयों को मिटाने और हमें साल के बाकी दिनों में अपनी सद्भावना के साथ आगे बढ़ने की ताकत और उत्साह देती है।इसके साथ ही कक्षा नवम की छात्रा नौरीन ने भी दीपावली पर्व पर शानदार भाषण देते हुए सभी का मन अपनी ओर आकर्षित किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का संचालन सीसीए इंचार्ज एसके पांडेय के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में काफी संख्या मे अभिभावक,स्कुल के बच्चे एंव शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में मिलजुल कर दीया जलाया।इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिका सहित अभिभावक और बच्चे मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एसएस प्लस टू हाईस्कूल सिल्ली की ओर से शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने जुलूस की शक्ल में एक साथ मोहल्लों में घूम घूम कर मतदान करने एवं मतदाता अधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया। सभी बच्चे हाथों में तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। स्कूली बच्चों ने रैली स्कूल से निकलकर ब्लॉक कालोनी होते हुए कई मोहल्लों में घूमते हुए वापस स्कूल पहुंचे। इस जागरूकता अभियान में स्कूल के प्रिंसिपल पवन कुमार पांडे, शिक्षिका मोना कुमारी, निभा कुमारी, छात्र सूरज कुमार महतो समेत दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

## दो दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी क्षेत्र में दो दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। शनिवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट भी बारिश के कारण प्रभावित रहा। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान नंदलाल महतो ने बताया कि खेतों में लगे धान के लिए यह वर्षा नुकसानदेह है। इस बारिश से ज्यादातर धान और फूलगोभी बरबाद हो चुके है, वहीं देवेंद्र महतो ने बताया कि बीन, भिंडी आदि के फूल गिर रहे साथ ही खेतों में लगाया हुआ मटर और टमाटर भी इस बारिश में गल रहा है।

## संदिग्ध वाहनों को कड़ाई से करें जांच : एसपी

**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय एवं पुलिस अधीक्षक जामताड़ा डॉ एहतेशाम वकारिब द्वारा संयुक्त रूप से विधानसभा आम चुनाव के निमित्त फतेहपुर प्रखंड स्थित बनाए गए अंतर्जिला चेकनाका का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त कुमुद सहाय ने प्रतिनियुक्त स्टैटिक सर्विलांस टीम एवं पुलिस बल को आने जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का सख्ती से जांच करने का निर्देश दिया। कहा कि संदिग्ध वाहनों पर कड़ी नजर रखें। उन्होंने इस दौरान संधारित की जाने वाली पंजियों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई आपत्तिजनक सामग्री, अवैध शराब, मादक पदार्थ व नकद राशि पाई जाती है, तो जब्ती की कार्रवाई करते हुए अविलंब सूचना संबंधित अधिकारी/ कंट्रोल रूम को दें। वहीं उन्होंने कहा कि रोस्टर के अनुसार अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे, किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। वहीं इस क्रम में पुलिस अधीक्षक ने भी वाहन जांच एवं अन्य सुरक्षात्मक बिंदुओं पर आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया।

## विभिन्न गांवों में मतदाताओं को वोट के प्रति किया गया जागरूक

**जामताड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय के निदेशानुसार विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदाता जागरूकता के तहत विगत चुनाव में न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों में विशेष रूप से वीआर एलईडी स्क्रीन युक्त मतदाता जागरूकता वाहन के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है। इसी क्रम में कुंडहित प्रखंड के अम्बा एवं सिमुलकोंडा गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वीआर एलईडी स्क्रीन यंत्र युक्त जागरूकता वैन में हेड माउंटेड डिस्प्ले वीआर बाक्स के माध्यम से आमजन वर्चुअल रियलटी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो वीडियो को दिखाया गया एवं पंपलेट के माध्यम से मतदाताओं को आगामी 20 नवंबर 2024 को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों में काफी उत्साह देखा गया।

## 20 नवंबर 2024 को बढ़ चढ़ कर सभी अपने मताधिकार का करें प्रयोग : डीसी

**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय जामताड़ा के भूतल परिसर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, जामताड़ा कुमुद सहाय द्वारा विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदाता जागरूकता एवं शत प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से सेल्फी अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमे जिले के वरीय पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय ने सेल्फी लेकर कहा कि विधानसभा आम चुनाव 2024 को लेकर जिले भर में विभिन्न गतिविधियों किया जा रहा है, जिसके तहत आज जिला में हमलोग सेल्फी अभियान में भाग ले रहे हैं, ऐसे सेल्फी प्वाइंट जिले के महत्वपूर्ण कार्यालयों आदि स्थानों में अधिष्ठापित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य आगामी चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं लोगों को मताधिकार के प्रति जागरूक करना है।

## जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. अजय कुमार ने मीडिया को किया संबोधित, बोले

# रघुवर दास बताएं कि मालिकाना हक दिलाने के लिये क्या किये ?

- मालिकाना हक पूरे प्रदेश की एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या
- जनता का समर्थन मिला तो आयोग गठित कर निकालेंगे समाधान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी से कांग्रेस के प्रत्याशी डा. अजय कुमार ने शनिवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जमशेदपुर की जनता यह जानना चाहती है कि रघुवर दास ने मालिकाना हक दिलाने के लिए मुख्यमंत्री रहते क्या प्रयास किए ?

डा. अजय कुमार ने कहा कि रघुवर दास 25 वर्षो तक जमशेदपुर पूर्वी के विधायक रहे. जनता के समर्थन से मुख्यमंत्री तक का सफर तय करने वाले रघुवर दास ने सिर्फ अपने सत्ता सुख के लिए लोगों को 25 वर्षो तक मालिकाना के नाम पर गुमराह करते रहे. उन्होंने कहा कि रघुवर दास की सरकार में जमशेदपुर में लोगों को अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ा गया. चुनाव से पहले जनता से मालिकाना हक दिलाने का वादा किया गया था. लेकिन रघुवर दास मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही वे वादा भूल गए. वे टाटा कंपनी की दलाली करने लगे. टाटा सबलीज की बात करने लगे. जब सबलीज देना ही था तो फिर इन बस्तियों को लीज से बाहर क्यों करवाए ? डा. अजय ने कहा कि रघुवर दास कभी सीएम थे ही नहीं. वो तो बस कॉरपोरेट घरानों के प्रवक्ता के तौर पर काम किए.



डा.अजय ने बताया कि रघुवर सरकार द्वारा मालिकाना हक देने के बदले में केवल 10 डिसमिल जमीन पर लीज का अधिकार देने का निर्णय ही मालिकाना हक के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बनी.

डा. अजय ने कहा कि मालिकाना हक केवल जमशेदपुर की समस्या नहीं बल्कि यह पूरे प्रदेश की एक बड़ी महत्वपूर्ण समस्या है. यदि लोगों ने समर्थन दिया तो मालिकाना हक के लिए एक आयोग गठित कर इस समस्या के समाधान के लिए गंभीरता से प्रयास किया जाएगा.

## डॉ अजय के बयान पर भाजपा जिला महामंत्री संजीव सिंह ने बोला बड़ा हमला, कहा

# 5 साल से झामुमो-कांग्रेस सरकार में मालिकाना हक क्यों नही दिला पाये

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** कांग्रेस नेता डॉ अजय कुमार के बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने कड़ा हमला बोला है। भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला महामंत्री संजीव सिंह ने अजय कुमार के बयान को हताशा एवं निराशा का परिचायक बताते हुए कहा कि राज्य में पिछले 5 वर्षो में झामुमो कांग्रेस की सरकार है। अजय कुमार बताएं कि उनकी सरकार ने मालिकाना हक दिलाने के लिए क्या प्रयास किये। अजय कुमार को जनता को यह बताना चाहिए कि राज्य में उनकी सरकार के होते हुए भी जमशेदपुर के लोगों को मालिकाना हक से वंचित क्यों रखा गया। अगर वे स्वयं को कांग्रेस का बड़ा नेता मानते हैं, तो पांच साल में उन्होंने बस्तीवासियों के हक के लिए कौन सी लड़ाई लड़ी है। संजीव सिंह ने कहा कि डॉ अजय कुमार आज भी अफसरसाही से बाहर नही निकल पाए हैं। उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से सवाल करने से पहले स्वयं के गिरेबान में झांकना चाहिए कि कैसे उन्होंने कॉरपोरेट एजेंट के रूप में एक सुनियोजित साजिश के तहत शहर के मजदूरों और जनता को प्रताड़ित किया था। डॉ अजय कुमार यह बताएं कि संसदीय कार्यकाल के दौरान उन्होंने कौन से उल्लेखनीय कार्य किये। संजीव सिंह ने कहा कि जमशेदपुर ही नही बल्कि पूरे झारखंड में एकमात्र नेता रघुवर दास ही हैं जिन्होंने बस्तियों के हक की ऐतिहासिक लड़ाई लड़ी है।

संजीव सिंह ने कहा कि वर्ष 2018 में रघुवर दास के मुख्यमंत्रीत्व काल में भाजपा सरकार ने ही सीधे बस्तियों को लीज देने का कानून बनाया। टाटा स्टील के सबलीज एरिया जैसे सोनारी, कदमा, सीतारामडेरा में सबलीज में रहनेवाले लोगों से भी बड़ा अधिकार बस्तियों के लोगों को दिया गया।

संजीव सिंह ने कहा कि लगभग सभी राजनीतिक दलों के चक्कर लगाने वाले एव चुनाव के दौरान शहर में चुनावी यात्रा पर आने वाले अजय कुमार उर्फ खबरी लाल अनर्गल बयानबाजी से खबरों में बने रहना चाहते हैं।

## भारतीय इक्विटी बाजार में अस्थिरता के बावजूद निवेशकों के लिए विविधता का महत्व



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लंबे समय तक तेजी के बाद, भारतीय इक्विटी बाजार में वैश्विक अनिश्चितताओं, मूल्यांकन संबंधी चिंताओं और दूसरी तिमाही के सुस्त कॉर्पोरेट आय के कारण अस्थिरता और बिक्री दबाव का सामना करना पड़ा है। इन बाधाओं के बावजूद, बेंचमार्क सेंसेक्स ने पिछले छह महीनों में लगभग 10 प्रतिशत रिटर्न दिया है, जबकि बीएसई मिडकैप और स्मॉल-कैप सूचकांकों ने इसी अवधि में क्रमशः 17 प्रतिशत और 24 प्रतिशत का दोहरे अंकों का रिटर्न प्राप्त किया है। (स्रोत- बीएसई वेबसाइट)। इस संबंध में टाटा म्यूचुअल फंड के फंड मैनेजर, सतीश मिश्रा ने बताया कि व्यापार चक्र निधि उन निवेशकों के लिए होती है जो यह अनुमान लगाने की कोशिश करते हैं कि आगे क्या उतार-चढ़ाव आएगा। यदि अर्थव्यवस्था में वृद्धि की संभावना है, तो फंड उन क्षेत्रों में निवेश करेगा जो आमतौर पर आर्थिक उन्नति के दौरान अच्छा प्रदर्शन करते हैं, जैसे निर्माण या नए व्यवसाय। वहीं, मंदी की संभावना होने पर, फंड उन कंपनियों/क्षेत्रों में निवेश करेगा जिन पर मंदी का कम असर पड़ता है, जैसे आवश्यक वस्तुएं और सेवाएं। 30 सितंबर 2024 तक, टाटा बिजनेस साइकिल फंड ने एक वर्ष में लगभग 47 प्रतिशत और तीन वर्षो में 27 प्रतिशत का वार्षिक रिटर्न दिया है, जबकि बेंचमार्क रिटर्न क्रमशः एक और तीन वर्षो में लगभग 41 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रहा है। टाटा मल्टी एसेट ऑपर्च्युनिटीज फंड ने एक वर्ष में लगभग 27 प्रतिशत और तीन वर्षों में 15 प्रतिशत का वार्षिक रिटर्न दिया है, जबकि इसका बेंचमार्क रिटर्न क्रमशः एक वर्ष और तीन वर्षो में लगभग 28.5 प्रतिशत और 14 प्रतिशत रहा है। उन्होने बताया कि हाल ही में अपनी दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के परिणाम घोषित करने वाली कंपनियों में से अधिकांश ने कमोडिटी की कीमतों में मुद्रास्फीति के कारण अपने मार्जिन पर दबाव देखा है, जिससे उनके मुनाफे में कमी आई है। जबकि भारतीय इक्विटी के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है, निवेशकों के लिए अपने पोर्टफोलियो में विविधता लाना महत्वपूर्ण है ताकि वे जोखिम को कम कर सकें और रिटर्न बढ़ा सकें।

## सिरूम कुमारडीह का ट्रांसफर खराब, कई गाँव अंधेरा में डूबा



**तिरुलडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुकडु प्रखंड के सिरूम में कुमारडीह टोला के लोगो पिछले 15-20 दिनों से अंधेरे में रहने को बेवस है। मिली जानकारी के अनुसार कुमारडीह टोला में 25 केबी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है जो बार बार खराब हो जाता है। ग्रामीणों का मांग है कि 25 केबी को हटाकर 63 केबी का ट्रांसफार्मर लगाया जाए ताकि ग्रामीणों को बिना बाधित बिजली आपूर्ति मिल सके। ज्ञात हो कि कुकडु प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक आये दिन होते रहता है जिसको देखते हुए बिजली विभाग को जल्द से जल्द सिरूम गांव के कुमारडीह टोला में बिजली सेवा दुरुस्त करना चाहिए।

## झारखंड आंदोलनकारी श्यामा प्रसाद महतो का निधन, शोक में डूबा क्षेत्र



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र के झारखंड आंदोलनकारी, समाजसेवी 67 वर्षीय श्यामा प्रसाद महतो का शुक्रवार देर रात को निधन हो गई। वे लंबे समय से बीमार थें। उनका पैतृक गांव केंदा अंदा में हुई। वे 1985 में ईचागढ़ विधानसभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। वे सिंहभूम कॉलेज चांडिल में अध्यक्ष भी रह चुके थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में फीस भरने में असमर्थ छात्र छात्राओं को पुर्ण एवं आधा शुल्क माफ कराके एक विशेष पहचान बनाए थे। उन्हीं के बदौलत छात्रों के लिए आज तक चांडिल कॉलेज मोड़ में छात्रों के लिए बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन रुकती है। उस आंदोलन में श्यामा प्रसाद महतो एक रात जेल में भी बिताए थे 1982 में तत्कालीन प्रखंड मुख्यालय तिरूलडीह में हुए छात्र आंदोलन में मुख्य भूमिका में रहे। उनके निधन पर निवर्तमान विधायक सविता महतो ने भी शोक संवेदना व्यक्त किया है । उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी स्वर्गीय श्यामा प्रसाद महतो की देहात से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। उनके निधन से पुरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

## आस्था का महापर्व छठ को लेकर घाट की साफ सफाई में जुटी नगर परिषद



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोक आस्था का महापर्व छठ को देखते हुए चक्रधरपुर नगर परिषद ने जोर-शोर से सफाई अभियान शुरू कर दिया हैं। शनिवार को नगरपरिषद ने जेसीबी की मदद से पुरानी बस्ती सीढ़ी नदी घाट और घाट तक जाने वाले रास्ते व उसके आसपास जमे कचड़े की सफाई की। चक्रधरपुर नगर परिषद द्वारा छठ घाट की सफाई के दौरान भाजपा नेता संजय पासवान और जोगेंद्र प्रसाद भी मौजूद थे। संजय पासवान ने बताया कि इस बार चक्रधरपुर नगर परिषद द्वारा पहले ही छठ घाटों की सफाई करना शुरु कर दिया है ताकि छठ के समय कोई परेशानी नहीं हो।

## शहर के विकास में कमी निकालते 5 साल बीता दिये सरयू राय : बन्ना गुप्ता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि जो व्यक्ति ईमानदारी और शुचिता का पाठ पढ़ाता हो, उसे पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए. सरयू राय कभी बिहार से विधानपरिषद सदस्य बनते हैं. कभी पश्चिमी से चुनाव लड़ते हैं. कभी पूर्वी जमशेदपुर चले जाते हैं. कभी धनबाद से लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांगते हैं. जब लोकसभा में दाल नहीं गलती है, तो फिर लौट कर पश्चिमी में आ जाते हैं. असल में वे टिक कर जनहित की राजनीति करने वाले नेता नहीं हैं. हारने के बाद वे बिहार चले जाएंगे. अब पश्चिमी जमशेदपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के पास दो विकल्प है कि वे सरयू राय जैसा नेता को चुने या यहीं पैदा हुए, पले, बढ़े अपने बेटा, अपने भाई बन्ना गुप्ता को चुने. बन्ना गुप्ता ने कहा कि जब वे दोमुहानी संगम की सफाई करवा रहे थे, तो सरयू राय ने कहा कि मैं नदी का पेट चीर रहा हूँ. जब मैं मानगो फ्लाइ ओवर के लिए दिन रात सरकार व टाटा स्टील के अधिकारियों को मना रहा था, तो सरयू राय कहने लगे कि मानगो में फ्लाइओवर की आवश्यकता ही नहीं है. जब मैंने एमजीएम डिमना में सुपर मल्टीस्पेसीयलिटी हॉस्पिटल का निर्माण करवा दिया तो वे कहते हैं कि हड़बड़ाहट में उद्घाटन किया गया है. यानी विकास के हर काम में केवल कमी निकालना ही सरयू राय का उद्देश्य रह गया है. असल में दूसरों की कमी निकालना उनकी आदतों में शुमार है. वे खुद को चाणक्य कहते हैं, जबकि वे छिद्रान्वेषी हैं, जो केवल दूसरों में दोष ढूंढ़ते रहते हैं.



**बन्ना गुप्ता ने किया साकची में जनसम्पर्क :** जमशेदपुर पश्चिमी के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता आज साकची पहुंचे. जहां उन्होंने पदयात्रा करते हुए स्थानीय लोगों से जनसम्पर्क किया. जहां लोगों ने उनके ऊपर विश्वास जताते हुए विजयी होने का आशीर्वाद दिया.

## चुनाव को लेकर पुलिस की कार्रवाई तेज, कुईतुका जंगल में शराब भट्ठी किया धवस्त



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। शनिवार को कराईकेला थाना क्षेत्र के कुईतुका जंगल में अवैध महुआ शराब निर्माण की सूचना पर छापेमारी की गई। कराईकेला थाना प्रभारी अंकित कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने कुईतुका जंगल में अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। भट्ठी से पुलिस ने लगभग 450 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर उसे नष्ट कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि अभियान चला कर महुआ शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया जा रहा है। लगातार अभियान चलता रहेगा। होटलों और ढाबों में भी औचक छापामारी की जा रही है।

## कूचाई के बडाबांडी में वन कानून के तहत शपथ ग्रहण के साथ मना शीला स्थापना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के अंतर्गत बाडाबाण्डी में ग्राम सभा तथा सामुदायिक वन पालन समिति के संयुक्त प्रयास से वनाधिकार शीला स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम आशोक मानकी के आगुवाई में सम्पन्न हुई। बाल अखाड़ा के बच्चे-बच्चियों,ग्राम के अन्यन्य छोटे- बड़े महिला- पुरुषों ने नाचते- गाते नारा लगाते हुए गांधी चबुतरा से बाण्डीह बुरु तक गये। जल-जंगलङ्कजमीन हमारा है, जंगल किसी की सम्पत्ति नहीं हमारी संस्कृति है, बिर-बुरु ओकोया-आबुवा-आबुवा,दिरी-दारू ओकोया,वनाधिकार कानून 2006 जिंदाबाद, जंगल क्या देता है- हवा-पानी और भोजन देता है आदि नारा लगाते हुए रैली निकाली। मौके पर सामुदायिक वन पालन संस्थान के मुख्य अतिथि कुंदन गुप्ता ने कहा कि जंगल को संरक्षण करने से वनोपज अधिक होगी तथा आय में वृद्धि होगी। अतः वनाश्रित महिला स्वलंबन समिति का गठन करना है और वनपजो का संग्रहण करना है तथा उपयुक्त बाजारों में बिक्री करने में सामुदायिक वन पालन संस्थान सहयोग करेगी। संस्थान के झारखंड प्रभारी राजेश कुमार महतो ने कहा कि जंगल का संरक्षण, संवर्धन, और प्रबंधन करना ही हमारी संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। वन विभाग जंगल को बचाने में निष्क्रिय हो गया है। सरकार ने वनाधिकार कानून 2006 बनाकर ग्राम सभा को सौंपा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वनवारी लाल सोय,कारु मुंडा,सुरेश सोय, आशोक मानकी, तुलसी मुंडा आदि उपस्थित थे।



## नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने जमशेदपुर एफसी को 5-0 से करारी मात दी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 10 खिलाड़ियों से खेलने वाली जमशेदपुर एफसी शनिवार को इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेले गए इंडियन सुपर लीग के एक मुकाबले में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से 5-0 से हार गई.

मैन ऑफ स्टील के लिए मैच की शुरुआत मुश्किल रही, जहां नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के अलादीन अजराय ने 5वें मिनट में गोल कर दिया. इस झटके के अलावा जमशेदपुर एफसी के डिफेंडर स्टीफन एज़े को 29वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया, जिससे टीम को खेल के बाकी समय में 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा और वो काफी चुनौतीपूर्ण रहा.

हेड कोच खालिद जमील ने मोहम्मद सनन की जगह याम्बोई मुइरंग को जल्दी से मैदान में उतारा, लेकिन पीछे एज़े की अनुपस्थिति ने गैप बना दिया, जिसका नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने फायदा उठाया. पिछड़ने के बावजूद, जमशेदपुर एफसी ने खेल में वापसी करने के लिए मौके बनाए. री ताचिकावा दो बार गोल करने के करीब पहुंचे, जबकि जॉर्डन मरे और सेमिनलेन डोंगेल ने भी उम्मीदे जगाई.



हालांकि, टीम इन मौकों को भुनाने में असमर्थ रही और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने अपने मौकों का फायदा उठाना जारी रखा, जिसमें अलादीन अजराय ने दो गोल किए, पार्थिब गोगोल ने दो और गोल किए और मैकर्टन निकसन ने 82वें मिनट में गोल किया.

जमशेदपुर एफसी 4 नवंबर को अपने अगले मैच में जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चेन्नईयिन एफसी से भिड़ेगी.

## विवेक विद्यालय में दो दिवसीय एक्सीलेंसिया 2024 का भव्य आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** छोटा गोविंदपुर स्थित विवेक विद्यालय के प्रांगण में दो दिवसीय टैलेंट फेस्ट एक्सीलेंसिया 2024 का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कोल्हान यूनिवर्सिटी के भूतपूर्व वॉयस चांसलर तथा रजिस्ट्रार एवं वर्तमान में अर्का जैन यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. एस. एस . राज़ी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 120 से अधिक शैक्षणिक तथा गैर-शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का ऑफ स्टेज तथा ऑन स्टेज अयोजन हुआ जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन हेतु खुला मंच प्रदान किया गया एवं विद्यालय के सभी विभागों के लगभग 900 से अधिक बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान लगभग 1700 से अधिक अभिभावकों ने उपस्थित होकर अपनी सहयोगिता प्रदान की।




कार्यक्रम के द्वितीय चरण में पुरस्कार वितरण समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाज सेविका पूर्वी घोष तथा विद्यालय की प्रबंधन समिति उपस्थित रहे। विद्यालय प्राचार्य अवधेश सिंह ने सभी विद्यार्थियों, तथा प्रतियोगियों को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु उनकी सराहना की।

## बिष्टुपुर में खुला ज्वाला सुजूकी टू-व्हीलर शोरूम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर डायगनल रोड, सोन्थालिया भवन स्थित विश्व की अग्रणी 2 व्हीलर निर्माता कम्पनी सुजूकी मोटरसाइकिल इंडिया प्रा लिमिटेड द्वारा अधिकृत डीलर ज्वाला सुजूकी का इस नव निर्मित अधिकृत डीलरशिप का उद्घाटन समारोह विधिवत सपन्न हुआ। इसका उद्घाटन कम्पनी के जोनल मैनेजर सर्विस (पूर्वी) अनुपम सिंह ने किया।

स्कूटर इंडस्ट्रीज में एक्सेस 125, एवेनीस एवं बर्गमन स्ट्रीट ग्राहकों की पहली पसंद एवं जाना पहचाना नाम है। वही मोटरसाईकिल सेगमेंट में जीक्सर 150, जीक्सर 250 ग्राहकों के बीच मार्केट में अच्छी पहचान बनायी है। इस त्योहार को और खुशनुमा बनाने के लिए ग्राहकों को ढेर सारी योजनाओं के लाभ के साथ-साथ कम ब्याज दरों पे न्यूनतम डाउन पेमेंट के साथ-साथ तत्काल वित्तीय सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। वहीं लकी ड्रॉ स्कीम के तहत स्कूटर या मोटरसाईकिल कोई भी क्रय किये हुए विजेता ग्राहक मारूति कार, जीक्सर 250 बाईक, आई-फोन इत्यादि पाने का सुनहरा मौका पा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मोटरसाईकिल की खरीद पर न्यूनतम 6000/-' एवं अधिकतम 20000/-' तक कैश बैक का लाभ ले सकते हैं। उद्घाटन समारोह के दिन 16 गाड़ियों की डिलिवरी की गयी।



## जेएसएसपी के 18वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में 150 सफल छात्र पुरस्कृत

# अभिभावक, शिक्षक मिलकर काम करें तो मिलेगा असाधारण परिणाम : रुचि नरेंद्रन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने छठी से बारहवीं कक्षा (सीनियर) तक के विद्यार्थियों के लिए कदमा स्थित कुडी महंती ऑडिटोरियम में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। स्कूल ने अपने सभी युवा सफल विद्यार्थियों को शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि रुचि नरेंद्रन ने अभिभावकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज की तेजी से बदलती दुनिया में जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर काम करते हैं तो वे असाधारण परिणाम देते हैं। उन्होंने जेएसएसपी द्वारा भावी पीढ़ियों की अपनी जरूरतों को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना संसाधनों का उपयोग करने पर जोर देने की पहल की प्रशंसा की।

जेम फाउंडेशन के प्रशासक ए एफ मोडन ने कहा कि शिक्षा एक यात्रा है, जिसमें माता-पिता, शिक्षक और छात्र बच्चे के विकास के लिए एकजुट होकर काम करते हैं।




प्रधानाचार्य मिली सिन्हा ने कहा कि घर पर छात्रों का मार्गदर्शन स्कूल में शिक्षण के पूरक के रूप में छात्रों के लिए एक समग्र शिक्षण वातावरण तैयार करता है।

कक्षा 12वीं सी की जोया अहमद ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एस एन प्रसाद ऑल राउंडर पुरस्कार जीता, जबकि सेकेंडरी स्कूल के लिए ऑल राउंडर ट्रॉफी कक्षा 10वीं की गौरवी गोराई और कक्षा 10वीं की आदित्य तिवारी ने साझा की।

कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्रों ने स्थिरता पर आधारित एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की थी, जिसका विषय था एक सोच है जागी । इस कार्यक्रम में 83 छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल की प्रिंसिपल मिली सिन्हा, नेहा परवीन, रीति झा, श्रीमती दीपशिखा परमार, प्रीति चौधरी, दीपक दास, विकास दास और शिवम दास के कुशल मार्गदर्शन में किया गया।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# कश्मीर में लक्षित आतंकवाद

**जम्मू** कश्मीर में गांदरबल मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का चुनाव-क्षेत्र है, जिसके गगनगीर इलाके में आतंकियों ने हमला कर एक डॉक्टर और 6 अन्य कर्मियों, मजदूरों की हत्या कर दी। यह भारत सरकार, संघशासित क्षेत्र की सरकार के लिए पहली, गंभीर चुनौती है। आतंकवाद अपनी समग्रता में ही 'राष्ट्रीय चुनौती' रहा है। हालांकि आज वह आतंकवाद नहीं है, जब एक दौर में 1508 नागरिकों और 883 जांबाज जवानों को मार दिया गया था। तब एक दौर में 2800 से अधिक आतंकी हमले हुए थे। आतंकवादी भी व्यापक स्तर पर ढेर किए गए। यकीनन हमारे सुरक्षाकर्मियों और रणनीतियों ने आतंकवाद के घुटने तोड़े हैं, लेकिन गगनगीर के हमले ने हमें चिंतित कर सोचने को बाध्य कर दिया है। दरअसल कश्मीर का 'नूर' और 'जन्नत' उसी दिन लौटेंगे, जब लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे पाकपरस्त आतंकी संगठनों के स्थानीय गिरोह और मॉड्यूल बनना और आतंकी साजिशों में शामिल होना बंद कर देंगे। आतंक के स्थानीय मददगार आज भी जिंदा हैं और कश्मीरियत के बीच ही बसे हैं। पैसे ने 'नए जयचंद' भी पैदा कर दिए हैं। चूंकि 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है, लिहाजा साफ है कि स्थानीय मददगार आतंकियों के साथ हैं। सरकार ने टीआरएफ को 'आतंकी संगठन' करार दिया है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में वह लश्कर का मुखौटा संगठन है। हमले का मास्टरमाइंड सरगना शेख सज्जाद गुल बताया गया है और वह पाकिस्तान में मौजूद है, लिहाजा साफ है कि लश्कर आज भी कश्मीर में आतंकवाद मचा रहा है। 'स्थानीय जयचंदों' को कुचला क्यों नहीं जा सकता, यह एक सहज सवाल है। बेशक आतंकवाद से जुड़े आंकड़े बहुत कम हुए हैं, लेकिन तीन सालों के दौरान 22 लक्षित हत्याएं फिर भी की गई हैं। इनमें 16 बाहरी, गैर-कश्मीरी, एक कश्मीरी पंडित और 3 अन्य स्थानीय लोगों को मारा गया है। इतने परिवार बर्बाद हुए। जिंदगियां बिखर कर रह गईं। 2024 में अभी तक 12 लोग लक्षित आतंकवाद के शिकार हो चुके हैं। यह आतंकवाद की ऐसी रणनीति है कि हमले के निशाने तय कर लिए जाते हैं, बाकायदा रेकी की जाती है और फिर एक दिन उन निशानों (या लक्ष्यों) पर हमला बोल दिया जाता है। सभी मृतक एक सुरंग के निर्माण-कार्य में लगे थे। एकमात्र डॉ. शाहनवाज डार को मजदूरों, कर्मियों की सेहत की देखभाल को कुछ ही दिन पहले नियुक्त किया गया था। लक्षित आतंकवाद ने किसी को भी नहीं छोड़ा। जिनकी हत्या कर दी गई, उनमें जम्मू-कश्मीर के अलावा पंजाब और बिहार आदि राज्यों के नागरिक भी थे। ऐसा भी लगता है कि बुनियादी ढांचे के निर्माण और विस्तार भी आतंकियों की आंखों में चुभते हैं, लिहाजा वे भी निशाने पर हैं। गांदरबल हमले को भी जोड़ लें, तब भी इस साल कश्मीर की 48 घटनाओं में कुल 102 लोग मारे जा चुके हैं। इनमें 52 आतंकी भी शामिल हैं। लक्षित आतंकवाद कोई नई प्रवृत्ति नहीं है। बहरहाल इस आतंकी हमले ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डा. फारूक अब्दुल्ला के अंतर्मन को इस कदर झकझोरा है कि वह पाकिस्तान पर ही उबल पड़े और बार-बार कहा कि कश्मीर कभी भी पाकिस्तान नहीं बनेगा, नहीं बनेगा। यदि पाकिस्तान हमसे दोस्ताना रिश्ते चाहता है, तो यह दरिंदगी बंद करनी पड़ेगी। फारूक को अभी तक 'पाकपरस्त मानसिकता' का राजनेता माना जाता रहा है। अब वह बदले नजर आ रहे हैं, तो शायद इसलिए कि संघशासित क्षेत्र में सरकार उनकी पार्टी की है और उनका बेटा मुख्यमंत्री है। बहरहाल इससे न तो पाकिस्तान बदलेगा और न ही लक्षित आतंकवाद नेस्तनाबूद होगा। अलबत्ता आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई पुख्ता और निरंतर हो सकती है। यह अच्छा है कि सरकार आतंकवाद से प्रभावित परिवारों के प्रति बेहद संवेदनशील है, लेकिन सभी मुआवजे, नौकरी, पैसा अपर्याप्त हैं, क्योंकि परिवार किसी के चले जाने के बाद बर्बाद हो जाता है।

आतंकवाद अपनी समग्रता में ही 'राष्ट्रीय चुनौती' रहा है। हालांकि आज वह आतंकवाद नहीं है, जब एक दौर में 1508 नागरिकों और 883 जांबाज जवानों को मार दिया गया था। तब एक दौर में 2800 से अधिक आतंकी हमले हुए थे। आतंकवादी भी व्यापक स्तर पर ढेर किए गए। यकीनन हमारे सुरक्षाकर्मियों और रणनीतियों ने आतंकवाद के घुटने तोड़े हैं, लेकिन गगनगीर के हमले ने हमें चिंतित कर सोचने को बाध्य कर दिया है। दरअसल कश्मीर का 'नूर' और 'जन्नत' उसी दिन लौटेंगे, जब लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे पाकपरस्त आतंकी संगठनों के स्थानीय गिरोह और मॉड्यूल बनना और आतंकी साजिशों में शामिल होना बंद कर देंगे। आतंक के स्थानीय मददगार आज भी जिंदा हैं और कश्मीरियत के बीच ही बसे हैं। पैसे ने 'नए जयचंद' भी पैदा कर दिए हैं। चूंकि 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है, लिहाजा साफ है कि स्थानीय मददगार आतंकियों के साथ हैं।

### आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है

# गांदरबल हमला लोकतंत्र को दहलाने की साजिश

ललित गर्ग

**जम्मू-कश्मीर** के गांदरबल जिले में रविवार रात को आतंकवादियों ने जिस तरह टारगेट किलिंग से एक कंस्ट्रक्शन प्रॉजेक्ट में काम कर रहे लोगों को निशाना बनाया, वह कई लिहाज से गंभीर, चिन्ताजनक एवं चुनौतीपूर्ण घटना है। यह आतंक का अंधेरा फैलाने एवं अमन के उजाले को लीलने की गहरी साजिश है। यह जहां आतंकवादियों की बौखलाहट की निष्पत्ति है वहीं उनकी बदली प्राथमिकताओं की प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। राज्य में टारगेट किलिंग की यह कोई नई घटना नहीं है बल्कि हाल ही के वर्षों में सुरक्षा बलों के कैम्पों से लेकर प्रवासी मजदूरों के घरों एवं कश्मीरी पंडितों पर ऐसे टारगेट किलिंग हमले होते रहे हैं जिसके पीछे आतंकी संगठनों की हताशा ही दिखाई देती है। टारगेट किलिंग पाकिस्तान की कश्मीर में अशांति एवं आतंक फैलाने की नई साजिश है। अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया। अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे, अशांति एवं आतंक फैलाते रहेंगे। लेकिन इन चुनौतियों को निस्तेज करने के लिये प्रांत एवं केन्द्र सरकार को कमर कसनी होगी। सुरक्षा बलों को नये तेवर दिखाने होंगे। लक्षित हत्याएं न केवल पीड़ितों और उनके परिवारों को अपूरणीय क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति को बढ़ावा देने के प्रयासों को भी गहरा झटका देती हैं। ये हत्याएं न केवल जम्मू-कश्मीर के समाज के विविध ताने-बाने को कमजोर करती हैं, बल्कि घाटी में रहने वाले गैर-स्थानीय और अल्पसंख्यक समुदायों में असुरक्षा भी पैदा करती हैं। ये हत्याएं विकास को अवरूद्ध करती है, बल्कि उद्योग, व्यापार, पर्यटन एवं सौहार्द को भी खण्डित करती है। सुरक्षा बलों पर विभाजनकारी एवं आतंकी ताकतों के खिलाफ

अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से ही टारगेट किलिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2022 और 2023 में आतंकियों ने न केवल कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाया बल्कि प्रवासी मजदूरों की भी लक्षित हत्याएं की। चुनाव में बाधा डालने के उनके तमाम प्रयास निष्फल हो जाने, लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक होने और इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बनने से आतंकवादी हताश एवं निराश हो गये। पाकिस्तान बौखला गया।



अपना दृढ़ रुख बनाए रखने का दायित्व है, जिसे संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने में स्थानीय लोगों के सक्रिय सहयोग से बल मिलता है। जबकि घाटी में शांति ने प्रगति की है, इस नाजुक संतुलन को बाधित करने के किसी भी प्रयास का सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों, दोनों द्वारा कड़ा विरोध किया जाना चाहिए। कश्मीर में लम्बे समय से अमनचैन एवं शांति के साथ विकास की गंगा प्रवहमान रही है। सुरक्षा बलों की सतर्कता से जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी, लेकिन वे कुछ कर नहीं पाये। अब मौका मिलते ही उन्होंने ऐसे इलाकों को चुना है जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले, अफरा-तफरी मचे और पर्यटकों का आना कम हो। इसीलिये आतंकियों ने इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखती है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए पर्यटकों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में सुविधाजनक पहुंच भी सुनिश्चित की जा सकेगी। गांदरबल का हमला आतंकियों की एक बड़ी सफलता है, कश्मीर में आतंक-अशांति फैलाने और विकास की गति को अवरूद्ध करने की साजिश है। जाहिर है, पाकिस्तानी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में एक बड़ी आतंकी घटना को सफलतापूर्वक अंजाम दे दिया जाना हमारे लिये चिन्ता के साथ चेतावनी भी है। यह घटना चेता भी रही है कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के निर्वाचन क्षेत्र गांदरबल में केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे टनल प्रोजेक्ट में कार्यरत सात प्रवासी श्रमिकों पर अंधाधुंध फायरिंग कर आतंकवादियों ने उनकी हत्या कर दी। मृतकों में एक स्थानीय डॉक्टर भी शामिल था। मरने वालों में पंजाब, बिहार और कठुआ के रहने वाले मजदूर शामिल हैं। कई श्रमिकों के घायल होने की खबर है जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। ये सभी श्रमिक काम खत्म करने के बाद मेस में खाना खाने बैठे थे। तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया। निश्चितरूप से यह आतंकवादियों की कायराना एवं शर्मनाक करतूत है। इस घटना से चार दिन पहले शोपियां में बिहार के एक मजदूर की हत्या कर दी थी। ये हत्याएं आतंकवाद की अंधाधुंध हिंसक एवं आतंकी प्रकृति को उजागर करती हैं जो अपने रास्ते में किसी को भी नहीं छोड़ते। निर्दोष नागरिकों की बेवजह हत्या किसी एक परिवार के किसी प्रियजन को ही नहीं छीनता बल्कि उन लोगों में भी खौफ पैदा करता है जो आतंकवाद की छाया में भी रोजी-रोटी कमाने के लिए जम्मू-कश्मीर में मजदूरी करते हैं। क्या नई सरकार का गठन आतंकवादियों के लिये सहुलियतभरा है? ऐसा है तो इसके सन्देश को समझना होगा। स्वयं उमर अब्दुल्ला सरकार एवं नेशनल कांफ्रेन्स को इसे गलत साबित करते हुए आतंकवादियों के खिलाफ सख्त होना होगा। एक बड़ा प्रश्न है कि जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले एकाएक बुलंद क्यों हो गये? गौरतलब है कि जब जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेन्स को बहुमत मिला था तो कश्मीर घाटी में इस जीत की खुशी में आपत्तिजनक नारे लगाए गए थे। यहां तक की पाकिस्तान के झंडे भी लहराए गए थे। ऐसा क्यों हुआ? इस तरह आतंकियों के हौसलें बुलन्द होना नवगठित सरकार एवं वहां की जनता के लिये गहन चिन्ता का विषय होना चाहिए। भले ही हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है।

दृष्टि कोण

# क्यों बेहतर है फिनलैंड में स्कूली शिक्षा?

**पंजाब** में स्कूल को शिक्षा बेहतर करने के लिए वहां की सरकार लगातार शिक्षकों को विदेशों में ट्रेनिंग के लिए भेज रही है। इसी कड़ी में 72 प्राइमरी टीचर्स को ट्रेनिंग के लिए फिनलैंड भेजा जा रहा है। 21 दिनों तक शिक्षकों का दल फिनलैंड की शिक्षा व्यवस्था को करीब से परखेगा। फिनलैंड में ट्रेनिंग के लिए 600 शिक्षकों ने ऑनलाइन आवेदन भेजे थे। आवेदन की जांच के लिए चयन समिति गठित की गयी थी। लगभग 6000 अभिभावकों से संपर्क कर चयन समिति ने शिक्षकों के पिछले शैक्षणिक परिणामों की जांच की और उसके आधार पर शिक्षकों को चुना गया। इसके चलते देश के लोगों में फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली की खासियत को लेकर जानने की उत्सुकता बढ़ गयी है। आखिरकार फिनलैंड का एजुकेशन सिस्टम कैसा है? इससे हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था क्या कुछ सीख सकती है, इसके मूल ज्ञान की जरूरत है। एक अंतरराष्ट्रीय सर्वे के मुताबिक फिनलैंड शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में पहले स्थान पर आता है। यहां का एजुकेशन सिस्टम बाकी देशों की तुलना में एकदम अलग है। यहां दुनिया के सबसे बेहतरीन स्कूल हैं। दरअसल फिनलैंड एक बहुत छोटा सा मुल्क है जिसने पिछले 50 सालों में प्राइमरी शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। फिनलैंड की कामयाबी वहां की स्कूल शिक्षा व्यवस्था बनी है। फिनलैंड एक ऐसा मुल्क है जिसने अपने छात्रों के लिए 16 साल तक शिक्षा सौ फीसदी मुफ्त कर दी है। अगर आप छात्र हैं तो इस मुल्क में पैसों की तंगी आपकी शिक्षा में रुकावट नहीं बन सकती है। यहां छात्रों पर सुबह जबरदस्ती स्कूल जाने का दबाव नहीं होता है, बल्कि वे अपनी मर्जी से खुशी खुशी स्कूल जाते हैं। दूसरी बड़ी बात यह है कि यहां स्कूलों में कोई इम्तिहान नहीं लिया जाता है। छात्रों को क्लास 6 से पहले किसी भी तरह का कोई इम्तिहान नहीं देना पड़ता है। सिर्फ एक स्टैन्डर्ड देश व्यापी इम्तिहान होता है जो 16 साल की उम्र में स्कूल पास करने के बाद ही लिया जाता है। फिनलैंड में शिक्षा में असमानता देखने को नहीं मिलती। यहां के गांव और शहरों की शिक्षा व्यवस्था एक जैसी होती है। फिनलैंड में प्राइमरी शिक्षा प्राइवेट स्कूलों और सरकारी स्कूलों दोनों में एक समान ही है। कमाल की बात है कि मुल्क के 99 फीसदी बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं। दूसरी तरफ कोई प्राइवेट ट्यूशन इंडस्ट्री भी नहीं है क्योंकि छात्रों को इसकी जरूरत ही नहीं है। ट्यूशन के बजाय 30 फीसदी छात्रों को नौवीं क्लास तक टीचरों के द्वारा अलग से पढ़ाई में मदद दी जाती है। यहां सरकार की तरफ से स्कूलों को निर्देश हैं कि वो अपने स्कूल के हर छात्र की तालीम पर ध्यान दें बजाए इसके कि सिर्फ चंद टॉपर छात्र पैदा करके स्कूल शिक्षा की मार्केटिंग करें। शिक्षक किसी भी शिक्षा व्यवस्था की सबसे अहम कड़ी होते हैं। इसीलिए फिनलैंड में टीचर बनना सबसे सम्मानित प्रोफेशन माना जाता है। यहां लोग डाक्टर या इंजीनियर नहीं, बल्कि टीचर बनना सबसे शान की बात समझते हैं। सभी शिक्षकों के लिए मास्टर डिग्री होना अनिवार्य है। सिर्फ 10 प्रतिशत लोगों को शिक्षक के तौर पर चुना जाता है जो टॉप ग्रेजुएट रहे हैं। वहीं टीचर एक दिन में सिर्फ 4 घंटे की एक क्लास में पढ़ाते हैं। यहां टीचरों के पास दिन में इतना समय होता है कि वो आपस में मिल बैठकर सिलेबस से जुड़ी बातों पर नई रणनिति तैयार कर सकें। शिक्षकों को सिलेबस का केवल एक मोटा-मोटा खाका ही दिया जाता है और शिक्षक अपने हिसाब से ही तय करते हैं कि वो छात्रों को किस ढंग से पढ़ाएंगे। फिनलैंड की शिक्षा व्यवस्था में परीक्षाएं आयोजित नहीं की जातीं। इस उत्तरी यूरोपीय देश में 'फिनॉमिना लर्निंग' का तरीका शुरू किया गया था। इसमें पारंपरिक विषयों की जगह थीम आधारित प्रोजेक्ट की शिक्षण पद्धति अपनाई गई। इसके तहत छात्र पढ़ाई की पूरी प्रक्रिया की जिम्मेदारी खुद निभाते हैं। डिजिटल तकनीक के इस्तेमाल से छात्रों की किताबों पर निर्भरता खत्म हो गई है। उन्हें किताबों और क्लासरूम से मुक्त कर दिया गया है। फिनलैंड का एजुकेशन सिस्टम स्टूडेंट्स को क्रिएटिविटी के साथ पढ़ाता है। यहां के छात्रों को ऊंचे नंबर या क्लास में नंबर एक आने के लिए नहीं कहा जाता है। इस कारण वहां का छात्र तनावमुक्त है, वहां के अध्यापक कम्पीटीटिव दौड़ के खिलाफ हैं। फिनलैंड में बच्चों को कभी होमवर्क नहीं दिया जाता है। यहां बच्चों को उनके हिसाब से पढने की छूट है। फिनलैंड की बेसिक एजुकेशन पॉलिसी ऐसी है जहां टीचर बच्चे में ऐसी क्षमता पैदा करे कि वो अपना मूल्यांकन खुद-ब-खुद कर सकें। यहां के एजुकेशन सिस्टम की सबसे अच्छी बात यह है कि यहां के स्कूलों में अमीर घरों के बच्चे और वर्किंग क्लास के बच्चे साथ-साथ पढ़ाई करते हैं।

कुछ अलग

# गांदरबल का जख्म

**जम्मू-कश्मीर** में विधानसभा के लिए शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न होने के बाद निर्वाचित सरकार की ताजपोशी का जश्न अभी पूरा भी नहीं हुआ था कि गांदरबल में आतंकियों ने कहर बरपा दिया। गांदरबल में हुए आतंकी हमले में एक सुरंग निर्माण स्थल पर काम करने वाले छह श्रमिकों और एक डॉक्टर की हत्या कर दी गई। इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है कि पाकिस्तान भारत, विशेषकर जम्मू-कश्मीर में अमन-चैन को नुकसान पहुंचाने की लगातार कोशिश करता रहेगा। चाहे कुछ भी हो, वह अपनी नापाक नीति से बाज नहीं आने वाला। यह कम चिंताजनक बात नहीं कि यह हमला इस्लामाबाद में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के बीच अनौपचारिक बातचीत के कुछ ही दिन बाद हुआ है। पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के लोगों ने उत्साहपूर्वक मतदान करके लोकतंत्र और शांति-विकास में अपनी गहरे विश्वास को अभिव्यक्त किया था। वहीं दूसरी ओर सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों ने शांतिपूर्ण मतदान व केंद्रशासित प्रदेश में सरकार बनने के बाद अपनी सतर्कता शायद कुछ कम कर दी होगी। कुछ महीनों पहले जम्मू क्षेत्र को लगातार हिंसा का शिकार बनाने वाले आतंकवादियों ने रणनीति बदलकर कश्मीर को फिर से निशाने पर ले लिया है। इन खतरनाक मंसूबों से आतंकवादियों ने सरकार व सुरक्षाबलों को चौंकाया है। इसमें दो राय नहीं कि आतंकवादियों ने यह साजिश सुनियोजित ढंग से की है। जहां इस हमले का मकसद एक बुनियादी ढांचा परियोजना को बाधित करके घाटी के विकास को बाधित करना है, वहीं अन्य राज्यों से आए श्रमिकों की हत्या करके भारतीय संघवाद के ढांचे पर भी चोट करना भी है। ताकि अन्य राज्यों के श्रमिक डर के कारण घाटी न आ सकें। ऐसे हालात में केंद्र तथा केंद्रशासित प्रदेश की सरकार को शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिये मिलकर कार्य करने की जरूरत है। निश्चित रूप से केंद्रशासित प्रदेश की अर्थव्यवस्था में योगदान देने वाले पर्यटकों और प्रवासी श्रमिकों को सुरक्षा को लेकर आश्वस्त करना जरूरी है। यह नई बात नहीं है कि भारत पाकिस्तान को बार-बार आगाह करता रहा है ताकि वह आग से खेलने का काम न करे। बार-बार स्पष्ट किया गया है कि जब तक इस्लामाबाद तथा रावलपिंडी आतंकवदियों को भेजना व मदद करना बंद नहीं करते, तब तक द्विपक्षीय वार्ता शुरू नहीं की जा सकती। हाल ही में एससीओ में दोनों विदेश मंत्रियों की मुलाकात के बाद आस जगी थी कि दोनों के रिश्तों में लंबे समय से जमी बर्फ अब पिघलेगी। लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान ने लगभग एक दशक बाद किसी भारतीय विदेश मंत्री की मेजबानी से प्राप्त होने वाले लाभ की संभावना को जल्द ही गंवा दिया है। पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को पिछले दिनों यह कहते हुए सुना गया था कि 'हमने पिछले 75 साल खो दिए हैं और यह महत्वपूर्ण होगा कि हम अगले 75 साल न खोएं।' हालांकि यह भी टकसाली सत्य है कि जब तक शरीफ बंधु पाकिस्तानी सेना को भारत में परेशानी पैदा करने से रोकने में असहाय रहेंगे, तब तक दोनों देशों के बीच बातचीत की कोई संभावना मुश्किल ही नजर आएगी। ऐसे में केंद्र व नवनिर्वाचित सरकार को सुरक्षा बलों के साथ आतंकवाद की इस नई चुनौती के खात्मे के लिये नई रणनीति पर काम करना होगा। वैसे कुछ समय पूर्व तक सुरक्षा बलों की सुनियोजित कार्रवाई में जीरो टॉलरेंस की नीति के कारण आतंकवादियों के हौसले पस्त हो गए थे। लेकिन अब जब विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं तो सहयोग-सामंजस्य व वार्ता के दरवाजे भी खुले रखने पड़ सकते हैं। साथ ही इस संभावना पर भी विचार किया जाना चाहिए कि क्या इन आतंकवादियों के तार सीमा पार से संचालित ठिकानों से तो नहीं जुड़े हैं।

देश दुनीया से

# युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में 1.71 लाख और 2023 में लगभग 2 लाख लोगों ने आत्महत्या की, जो दुनिया में सबसे अधिक है। रिपोर्ट से यह भी स्पष्ट होता है कि 41 फीसदी आत्महत्याएं 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं द्वारा की जाती हैं। इसके पीछे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, शैक्षणिक दबाव, आर्थिक चिंताएं, प्रेम संबंधों में असफलता, नशे की लत और घरेलू हिंसा जैसे कई जटिल कारण शामिल हैं। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार देश में हर दिन 35 से भी ज्यादा स्टूडेंट्स खुद की जान ले रहे हैं।

**भारत** में युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति केवल एक चिंता का विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में 1.71 लाख और 2023 में लगभग 2 लाख लोगों ने आत्महत्या की, जो दुनिया में सबसे अधिक है। रिपोर्ट से यह भी स्पष्ट होता है कि 41 फीसदी आत्महत्याएं 30 वर्ष से कम आयु के युवाओं द्वारा की जाती हैं। इसके पीछे मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, शैक्षणिक दबाव, आर्थिक चिंताएं, प्रेम संबंधों में असफलता, नशे की लत और घरेलू हिंसा जैसे कई जटिल कारण शामिल हैं। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार देश में हर दिन 35 से भी ज्यादा स्टूडेंट्स खुद की जान ले रहे हैं। यानी हर 40 मिनट में देश का एक स्टूडेंट आत्महत्या कर रहा है। स्टूडेंट सुसाइड की यह गिनती देश में किसानों की आत्महत्या से भी ज्यादा है। यह चौंकाने वाले आंकड़े आईसी-3 कॉन्फ्रेंस और एक्स्पो 2024 के दौरान जारी 'स्टूडेंट सुसाइड : एन एपिडेमिक स्वीपिंग इंडिया रिपोर्ट' में सामने आए हैं। आईसी-3 इंस्टीट्यूट एक नॉन-प्रॉफिट संस्थान है जो हाई स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों के छात्रों पर अध्ययन करता है। यह रिपोर्ट एनसीआरबी के 2021 के डेटा पर आधारित है। रिपोर्ट के अनुसार, 2021 में देश में 13089 छात्रों ने आत्महत्या की। वहीं, पिछले 10 सालों में करीब एक लाख छात्रों ने आत्महत्या की है। पेशे के हिसाब से आत्महत्या की दर देखने पर पता चलता है कि दिहाड़ी मजदूरों और नौकरीपेशा लोगों की आत्महत्या की दर क्रमशः 25.6 फीसदी और 9.7 फीसदी है। जबकि बेरोजगारों की आत्महत्या की दर 8.4 फीसदी है। हमारे देश में युवाओं पर मानसिक स्वास्थ्य का बोझ अत्यधिक बढ़ रहा है। सफलता का दबाव, अभिभावकों और शिक्षकों की अपेक्षाएं तथा व्यक्तिगत समस्याएं- जैसे करियर और रिश्तों की चुनौतियां, युवाओं को आत्महत्या के रास्ते पर धकेल रही हैं। इस संक्रमणकालीन अवस्था में, वे अनेक समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिसमें अवसाद, एंग्जाइटी और पैनिक डिसऑर्डर प्रमुख हैं। पारिवारिक उपेक्षा और सामाजिक दबाव उनके मानसिक स्वास्थ्य को और भी गंभीर बना रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप हताशा और निराशा बढ़ रही है, और कई युवा नशे की ओर बढ़ते जा रहे हैं। इस गंभीर स्थिति में परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें अपने युवाओं पर नजर रखनी चाहिए। उनसे संवाद करना चाहिए और उनके मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। हाल ही में, 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया गया, जिसमें विशेषकर महिलाओं के बीच आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। रिपोर्ट के अनुसार आत्महत्या की घटनाओं में 15 फीसदी महिलाएं शामिल हैं, जिनके पीछे अवसाद और तनाव के कई बाहरी और घरेलू कारण हैं। साइबर बुलिंग भी युवा पीढ़ी के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है, जिसका मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव हो सकता है। राज्य में भी आत्महत्या के मामलों की संख्या चिंताजनक है। 2020 से 2023 के बीच 3385 लोगों ने आत्महत्या की। इनमें से अधिकांश मामले दांपत्य जीवन में तनाव, वित्तीय चिंताएं, नशीले पदार्थों की लत, बेरोजगारी और पारिवारिक समस्याओं से जुड़े हुए हैं। इस भीषण समस्या का समाधान एक बहुआयामी रणनीति के माध्यम से ही संभव है, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और शिक्षा प्रणाली में सुधार शामिल हैं। सरकार, गैर-सरकारी संगठनों और समुदायों को मिलकर काम करना होगा। युवाओं को यह बताना जरूरी है कि उनकी समस्याओं के समाधान मौजूद हैं और वे अकेले नहीं हैं। संवाद के माध्यम से युवाओं को समझाना और उन्हें स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। इसमें पर्याप्त नींद, स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और तनाव कम करने वाली गतिविधियों को शामिल किया जाना चाहिए। अंततः, शिक्षा संस्थानों में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को अनिवार्य बनाना भी महत्वपूर्ण है। कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित कर छात्रों को आत्महत्या और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर जागरूक किया जा सकता है। एक सामूहिक प्रयास के तहत, सहानुभूति और समर्थन का माहौल बनाना युवाओं को अपनी समस्याओं के बारे में खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करेगा। आत्महत्या की रोकथाम के लिए एक ठोस और समर्पित रणनीति के माध्यम से ही हम युवाओं को एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं। यदि हम सभी स्तरों पर सहयोग करें, तो हम इस संकट को समाप्त कर सकते हैं और युवाओं को एक स्वस्थ, सकारात्मक भविष्य की ओर ले जा सकते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन्हें समर्थन दें, ताकि वे अपनी चुनौतियों का सामना कर सकें और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सकें। अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर बिना वजह का दवाव नहीं बनाना चाहिए।

आप का नजरीया

# कुछ तो बर्फ पिघली

**यह** कोई महज संयोग नहीं कि भारत और चीन रूस में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे है। इस निर्णय के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। कूटनीतिक हलकों में संभावना जतायी जा रही है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। कहना गलत न होगा कि सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये एक मंच तैयार कर दिया है। यह एक हकीकत है कि जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी। यहां तक कि दोनों देश द्विपक्षीय बातचीत करने से भी परहेज कर रहे थे। बहरहाल, गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देशों के पास दुनिया को कुछ सकारात्मक दिखाने को तो है। वैसे भी इस गतिरोध के चलते एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में नजर आना पड़ता था। इसके अलावा इस घटनाक्रम से यह संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी कि भारत-चीन सीमा पर जमीनी हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। भारत को भी गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की आदत है। ऐसे में इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है कि हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र हो। ऐसे में भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम में तेजी से आ रहे बदलावों और महाशक्तियों के निरंकुश व्यवहार के चलते दुनिया फिर दो ध्रुवों में बंटती नजर आ रही है। यही वजह है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन और शी जिनपिंग ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं। इस संगठन में नये देशों को शामिल करने की कवायद लगातार जारी है। बहरहाल, चीन की हालिया सकारात्मक पहल के बावजूद भारत को सतर्क रहने की जरूरत है। अतीत में चीन भारतीय सीमाओं में अतिक्रमण की कोशिश करता रहा है। गलवान में चीनी सैनिकों द्वारा यथास्थिति में एकतरफा बदलाव से ही इस विवाद ने तूल पकड़ा। उसके बाद भारत ने सैन्य व राजनयिक वार्ताओं के जरिये इस विवाद को दूर करने का भरसक प्रयास किया। लेकिन इसके बावजूद डेपसांग और डेमचोक के टकराव वाले बिंदुओं से चीनी सैनिकों की वापसी नहीं की गई। अतीत में देश ने चीनी हठधर्मिता के कई मामले देखे भी हैं। एक ओर चीन बातचीत से समस्या के समाधान की दुहाई देता है तो दूसरी ओर एलएसी के निकट बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का निर्माण करता रहा है।

# सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में विस आम निर्वाचन के निमित्त सभी कोषांग की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सामान्य प्रेक्षक, 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र, कुमार प्रशांत, सामान्य प्रेक्षक, 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र, कृष्णा कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सभी कोषांगो के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।इस दौरान पुलिस प्रेक्षक, 73 मनिका एवं 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र, जी पाला राजू, व्यय प्रेक्षक सुनी मैथ्यूज उपस्थित थे। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा सामान्य प्रेक्षक को 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधान सभा चुनाव 2024 के निमित्त सभी कोषांग द्वारा की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक ने सभी कोषांगों की




समीक्षा करते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त निर्वाचन को लेकर अधिकारियों को कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिया।बैठक के दौरान उन्होंने निर्वाचन कार्य के लिए उपलब्ध इवीएम व वीवीपैट की संख्या, सी- विजिल, इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम, एफएसटी, वीएसटी व वीवीटी की संख्या की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा 74 लातेहार तथा 73 मनिका विधान सभा क्षेत्रों के मतदाताओं की संख्या तथा जेंडर रेशियो की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही सामान्य प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि सभी मतदान केंद्रों पर एएमएफ की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित हो।सामान्य प्रेक्षक ने मतदान के दिन व्हीलचेयर की उपलब्धता, प्रशिक्षण कोषांग द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी, वाहन कोषांग के तहत वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता, सामग्री व आइटी कोषांग द्वारा की गयी तैयारियों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त किया।उन्होंने आदर्श आचार संहिता की निगरानी, मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति, राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा व्यय पर सतर्कता, सी विसिल पोस्टल बैलेट, स्वीप गतिविधि, पेड न्यूज से संबंधित विषयों पर तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं के प्रावधान, व्यय निगरानी सेल की कार्यप्रणाली, मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण, सेक्टर और जोनल अधिकारियों की नियुक्ति व अन्य आवश्यक पहलू के बारे में अवगत कराया गया। उन्होंने एआरओ और नोडल अधिकारियों से चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करने की बात कही।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, सभी वरीय पदाधिकारी/ नोडल पदाधिकारी/ प्रभारी पदाधिकारी/ सहयोगी पदाधिकारी, सभी कोषांग, समेत निर्वाचन के अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

# जिले अंतर्गत शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी आवश्यक : सामान्य प्रेक्षक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**लातेहार :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक कुमार प्रशांत के द्वारा 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बूथ संख्या- 187 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गोवा), बूथ संख्या-245, 246 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुसुर), बूथ संख्या-168 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुरूप), बूथ संख्या- 180 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पकरार), बूथ संख्या-184 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय, जगलदगा) का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया। इस दौरान मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली आपूर्ति, छाया हेतु शेड, महिला-पुरुष हेतु अलग अलग शौचालय, रैंप आदि सुविधाओं की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे सामान्य प्रेक्षक ने बीएलओ, सुपरवाइजर को शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने की बात कही ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता अपने मत का उपयोग सुनिश्चित कर सकें। इस दौरान अध्यनरत छात्राओं से बात चीत के क्रम में उन्होंने कहा कि मतदान तिथि 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे देश के भविष्य हैं। इसलिए उन्हें स्वेच्छा से मताधिकार के लिए अभिभावकों, आसपास रहने वाले लोगों तथा संबंधियों को जागरूक करें। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, लातेहार मनोज तिवारी आदि उपस्थित थे।

## बीते देर शाम हाईवा और ट्रकों से सिमरिया टंडवा मुख्य पथ जाम

# एसडीओ के निर्देशानुसार सीओ ने जाम को हटाया, हुई फजीहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के सिमरिया टंडवा मुख्य सड़क जाम से राहगीरों की बढ़ी परेशानी घंटो करना पड़ा इंतजार। जाम होने की शिकायत लगातार आवागमन कर्ताओं ने अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को कर रहे थे। आवागमन कर्ताओं का कहना था कि एक तरफ दो पंक्ति में हाइवा या ट्रक खड़ी कर दी गई है वहीं दूसरी साइड में भी एक पंक्ति में जैसे तैसे हाइवा या ट्रक खड़ी कर दी गई है। जिसके कारण मात्र किसी हालत में एक हीं वाहन गुजर सकता है। यदि विपरीत दिशा से कोई वाहन गलती से घुस गया तो आवागमन बाधित हो जा रहा है वैसे में छोटी वाहनों को आवागमन बिल्कुल बाधित हो गया है। अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज ने ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में सिमरिया अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय को अविलंब



खाली कराना या सड़क को बहाल कराने का निर्देश दिया । एसडीओ सन्नी राज के निर्देशानुसार सीओ गौरव कुमार राय ने अविलंब उक्त जाम के पास शाम लगभग 6~30 बजे पहुंच आवागमन कराने का प्रयास किया। हाइवा चालकों और ट्रक चालकों ने मुख्य सड़क पर वाहनों को जैसे तैसे खड़ी किया गया था। जिनका नंबर को नोट कर लिया गया है। अंचलाधिकारी गौरव कुमार राय ने बताया कि यदि इस तरह से दुबारा वाहनों को मुख्य सड़क पर खड़ी की जाएगी तो वैसे लोगों पर कानूनी कारवाई की जाएगी। या तो वाहनों को लॉक कर दिया जाएगा। सड़क को बहाल रखना हमारी या सब की जिम्मेवारी है। इसका अनुपालन करना जरूरी है।

# वाहनों पर मतदाता जागरूकता स्टीकर लगाकर किया गया जागरूक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिले अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।इसी क्रम में आज लातेहार शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता से संबंधित स्टीकर अभियान चलाया गया। इस अभियान के माध्यम से लातेहार एन एच की सड़क पर आने जाने वाले वाहनों पर 13 नवंबर को रहे, तैयार वोट करेगा लातेहार मतदाता जागरूकता स्टिकर लगाकर लोगों के बीच मतदान की तिथि का प्रचार प्रसार करते हुए सभी से मतदान करने की अपील




की गई। इस दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जेएसएलपीएस डीपीएम संतोष कुमार, जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी आदि उपस्थित थे।

# लातेहार जिले के दोनों विस से 27 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त लातेहार जिला के 74 लातेहार विधानसभा क्षेत्र से कुल-14, एवं 73 मनिका विधानसभा क्षेत्र से कुल-13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। बताते चलें कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का विगुल बजते ही लातेहार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों से चुनावी मैदान में कई दिग्गजों ने अपने भाग्य की आजमाईश और चुनाव में उतरने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है। जिसमें लातेहार विधानसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन से भारतीय जनता पार्टी के सिंबल पर प्रकाश राम एवं इंडिया महागठबंधन से झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिंबल पर बैधनाथ राम सहित 14 प्रत्याशीयों ने नामांकन किया है। ब्रह्मदेव राम, प्रकाश कुमार रवि, शिवनाथ रजक, संतोष कुमार सैनी, राकेश पासवान, ललसु राम,उपेन्द्र भुइयाँ, श्रवण पासवान, रवि कुमार पासवान, संजय कुमार रवि, धीरेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार नाम शामिल है। वहीं मनिका विधानसभा क्षेत्र से 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। जिसमें इंडिया महागठबंधन एवं कांग्रेस के सिंबल से विधायक रामचंद्र सिंह, एनडीए गठबंधन एवं भारतीय जनता पार्टी के सिंबल से पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह, समाजवादी पार्टी से रघुपाल सिंह, हम पार्टी से अतुल कुमार सिंह, जेकेएलएम पार्टी से बलवंत सिंह, मुनेश्वर उरांव विजय सिंह, राकेश कुमार सिंह, कमेश सिंह, गोपाल परहिया, पौलिकार्प खाखा, प्रभुदास मिंज, बैजनाथ सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना पर्चा दाखिल कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़क को दुरुस्त करना मेरा पहला प्राथमिकता होगी : कमलेश सिंह



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिका विधानसभा के एनसीपी प्रत्याशी कमलेश सिंह ने निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन पर्चा भरा। श्री सिंह ने नामांकन के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि लातेहार में सड़क स्वास्थ्य शिक्षा कि कमी है। यहां के लोग आज भी गरीबी से गुजर बसर कर रहे हैं। मगर उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।आज भी लोग सड़क की अभाव को झेल रहे हैं।आगे उन्होंने कहा कि मंडल डैम आज भी अधूरा पड़ा हुआ है मगर इसे देखने वाला कोई नहीं है। लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है।जिसका नतिजा है गांव के अधिकांश लोग बाहर पलायन कर रहे हैं उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है लेकिन अब जनता जनार्दन जाग चुकी है और इस बार उनका प्यार और समर्थन मुझे मिलेगा और हम भारी मतों से विजय होंगे और मैं जब चुनाव जीत कर आऊंगा तो सबसे पहले शिक्षा स्वास्थ्य सड़क को दुरुस्त करने का काम करूंगा साथ ही साथ यहां के युवकों को रोजगार एंव माता बहनों को गांव में सारी सुविधा देने का काम करुंगा यह मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

# छठ महापर्व को लेकर रवि सिंह की अध्यक्षता में स्वयं सेवी संस्था की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित होटल प्रतिछा में स्वयं सेवी संस्था हिंद भारती के अध्यक्ष रवि सिंह की अध्यक्षता में की संस्था के सदस्यों की एक बैठक हुई। बैठक में आने वाले त्योहार लोक आस्था के पर्व छठ के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति द्वारा छठ तलाब में लाइट, साउंड की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया। वही समिति द्वारा व्रतियों को किसी तरह का कोई परेशानी ना हो इसके लिए विभिन्न छठ घाट की साफ-सफाई भी कराई जाएगी ।मौके पर बोलते हुए अध्यक्ष रवि सिंह ने कहा कि समिति द्वारा इस वर्ष भी लागत मूल्य से भी कम दाम पर दूध की व्यवस्था कराने का निर्णय लिया गया है। मौके पर संस्था सदस्य रवि रजक, कैलाश यादव, सोनु सिंह, विशेष कुमार, विनोद कुमार अखिलेश भोक्ता, हिमांशु कुमार, नीरज कुमार, अनिल गुप्ता, अनिल प्रजापति, सुरेंद्र कुमार, लाल देव भोक्ता बबलू चौरसिया, अमरकांत रजक, पिंकू साव, संजू ओझा, अशोक कुमार बोरिंग, प्रमोद कुमार, (गुड्डू) ऋषि कुमार, मौसम सिंह, हेमंत कुमार, संदीप प्रजापति, अर्जुन कुमार, सनी पांडे, शामिल रहे।

## आजसू पार्टी एवं अन्य संगठनों के 300 से अधिक लोगों ने थामा कांग्रेस का हाथ

# मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव एवं धीरज प्रसाद साहू ने पार्टी का पट्टा एवं माला पहना कर सभी का किया गया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन लोहरदगा में आजसू पार्टी एवं लोहरदगा अंजुमन के पूर्व सेक्रेटरी एवं सदस्यों के साथ लगभग 300 से अधिक लोगों ने लोहरदगा विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी माननीय डॉक्टर रामेश्वर उरांव एवं पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहू के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किए। मौके पर सदस्यता ग्रहण करने वालों में से अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के पूर्व सेक्रेटरी हाजी सफदर आलम,नेहाल कुरैशी, कैरो प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के सदर जमील अंसारी समीरूद्दीन अंसारी आजसू पार्टी के सढ़ाबे पंचायत अध्यक्ष अमित उरांव,के अगुवाई में 300 से अधिक की संख्या में कांग्रेस पार्टी



की सदस्यता ग्रहण किए इस मौके पर रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज जितने भी पार्टी एवं अन्य संगठनों से कांग्रेस परिवार में शामिल हुए पदाधिकारी एवं सदस्य का कांग्रेस पार्टी में स्वागत है कांग्रेस पार्टी के विचारधारा सभी को एक साथ लेकर विकास की राह पर चलने का है जिसका परिणाम है कि आज इतनी संख्या में कांग्रेस पार्टी का ग्रहण किया गया आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका परिणाम देखने को मिलेगा। धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विकास की पार्टी है और हर इंसान विकास देखना चाहता है विकास का कार्य सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है आज सभी अन्य पार्टी एवं संगठनों से आए पदाधिकारी एवं सदस्यताओं का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया जाता है । आप सभी कांग्रेस परिवार में मिलकर विधानसभा चुनाव में भारी से भारी मतों से अपने प्रत्याशी को विजय बनाकर गठबंधन के हेमंत सरकार को फिर से झारखंड में लाने का काम करेंगे इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने भी सभी का स्वागत पार्टी में कराया।

# नार्को समन्वय केंद्र एनसीओआरडी जिला स्तरीय समिति की किया गया समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** नार्को समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) के जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक शनिवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिले में अफीम की खेती और उसके कारोबारियों पर लगाम लगाने हेतु अब तक की कार्रवाई की थानावार जानकारी ली गई। साथ ही नशीले पदार्थों व अफीम की खेती से होने वाले दुष्परिणाम के प्रति आमजनों के बीच चलाए गए जागरूकता अभियान की भी विस्तृत जानकारी ली गई। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में निर्देशित करते हुए कहा जिले में अफीम की खेती व कारोबारियों के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाएं। वैसे लोग जो भोले भाले लोगों को प्रलोभन देकर इस तरह के कार्य करते हैं उसको किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय




यह सुनिश्चित करें। आगे कहा जो भी लोगों की संलिप्तता देखी जाती है उसके ऊपर भी नियमसंगत कठोर कार्रवाई करें। थाना प्रभारियों द्वारा बताया गया कि जैसे ही अफीम की खेती या कारोबारियों के बारे में सूचना प्राप्त होती है उसपर वन विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्रवाई की जाती है। उपायुक्त ने अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी और वन विभाग के साथ प्रखंड स्तर पर टीम का गठन करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा रैयती भूमि पर अगर अफीम की खेती की जा रही है तो जमीन मालिक व उसमें संलिप्त लोगों के ऊपर कार्रवाई करे। वहीं सरकारी भूमि/ वन भूमि पर भी अफीम की खेती के रोकथाम हेतु करा कदम उठाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा प्रत्येक माह थाना स्तर पर की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की जाएगी। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीणा, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, वन विभाग के संबंधित पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है : प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डीएवी विद्यालय में 30 मिनट का प्रेरणा दायक व्याख्यान समारोह का आयोजन किया गया,जिसमें राँची से आये रामकृष्ण मिशन आश्रम( रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं शोध संस्थान) के अतिथि राजीव चैतन्य महाराज के द्वारा विद्यार्थियों को जीवन एवं चरित्र निर्माण हेतु आवश्यक मूलभूत बातों को बताया गया। उन्होंने भारत देश में हुए कई महापुरुषों की जीवनशैली और उनके जीवन से सीख लेने वाली आदर्श बातों को बताया।स्वामी विवेकानंद ,महर्षि दयानंद सरस्वती जैसे महापुरुषों के द्वारा कही गई आदर्श बातों को बतला कर विद्यार्थियों के अंदर वेद और धार्मिक ग्रन्थों से प्राप्त होने वाली महत्वपूर्ण शिक्षा और मार्गदर्शन देने वाली बातों को बताया। उन्होंने शिक्षार्थियों की




पंचशील सूत्र की चर्चा की, जिसमें स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन, ज्ञान व कौशल, मनोवृति, संघबद्ध कार्य, सेवा और दान धर्म एवं कर्म, स्वावलंबी जीवन पर चर्चा किया जो मानव जीवन के सिद्धांतों का बोध कराती है। मानव को अच्छे चरित्र के साथ आत्मनिर्भर और शिक्षा संस्कृति के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बच्चों से ÷स्वदेश मंत्र÷ की प्रतिज्ञा करवाई जिससे विद्यार्थियों में उत्साहवर्धन का संचार हुआ। बच्चें लाभान्वित हुए। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किस प्रकार की ज्ञान व कौशल और पूर्णता का होना आवश्यक है इसकी जानकारी उपलब्ध कराई गई। मन को एकाग्रचित करना, नियमित अभ्यास, जीवन शैली, शारीरिक श्रम, गहन अध्ययन, चिंतन ,पठन-पाठन, लेखन एवं विषय विवेचना, निरंतर प्रयास ,आत्मविश्वास ,ईश्वर पर विश्वास, प्रार्थना का महत्व और अपने कर्मों द्वारा खुद को विकसित करना सिखाया।बच्चों को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया।प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने कहा कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों के अंदर ऊर्जा और स्फूर्ति का विकास होता है। सभी बच्चों को युवाओं को सफल जीवन निर्माण हेतु प्रेरणादायक तथ्यों को जानना बेहद रुचि पूर्ण और आवश्यक होता है। डीएवी विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर है।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं और कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने झारखंड व पश्चिम बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र के प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने आगामी झारखंड विधानसभा निर्वाचन-2024 के निमित झारखंड व पश्चिम बंगाल के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शनिवार को मैथन के चेयरमैंन गेस्ट हाउस में समीक्षात्मक बैठक किया। इस दौरान झारखंड विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की गई। दोनों राज्यों के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि झारखंड से लगने वाले सीमा धनबाद, बोकारो एव रामगढ़ के सभी सीमा क्षेत्र में चौकसी बढ़ाई जाए और हर गतिविधियों पर नजर रखने की सलाह दी गई है। साथ ही आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के तहत सीमा पर चेक नाका पर हथियार, शराब नगद सहित गैरकानूनी वस्तुओं पर विशेष चौकसी रखी जाए। साथ हीं उन्होंने होटल, ढाबा पर भी विशेष नजर रखने हेतु दोनों राज्य के पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि किसी भी प्रकार की अवैध कारोबार पर लगाम लगाया जा सके। बंगाल प्रशासन को भी निर्देशित किया गया है कि सीमा पर लगने वाले मिरर चेकपोस्ट को और भी सक्रिय बनाएँ ताकि हमारी जांच में अगर कुछ छूट गई है तो बंगाल में उसे ट्रेस किया जा सके एवं कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी संबंधित पदाधिकारी से ली। प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार ने सभी पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने को लेकर तत्पर रहे। मौके पर डीआईजी बोकारो रेंज सुरेंद्र कुमार झा, धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा, बोकारो उपायुक्त विजया जाधव, धनबाद एसएसपी एच पी जनार्दनन, डीआईजी सीआरपीएफ बोकारो रेंज ब्रजेश सिंह, बोकारो एसपी मनोज स्वर्गीयारी, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, एसीपी कुलटी एस के जावेद हुसैन, डीडीसी श्री सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला, कमांडेंट सीआरपीएफ श्री राजीव रंजन, एसडीओ रघुनाथपुर, एसडीपीओ रघुनाथपुर, समेत पश्चिम बंगाल के सभी सीमावर्ती क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहें।

## कृष्ण बल्लभ आश्रम में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न, संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधान सभा की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव तथा संचालन, वरिष्ट कांग्रेसी राजू चौरसिया और व धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष केडी सिंह की । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग के पर्यवेक्षक अनोखा सिंह और सदर विधानसभा के प्रत्याशी मुन्ना सिंह उपस्थित थे ।इस अवसर पर्यवेक्षक अनोखा सिंह ने कहा कि संगठन को युद्ध स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रखंड अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, एनएसयुआई, कांग्रेस के प्रकोष्ठ तथा मंच मोर्चा के कांग्रेसी कार्यकर्ता तन-मन से लग जाएं । उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही कांग्रेस का मूलमंत्र है । जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते है । संगठन को जिला, प्रखंड, पंचायत, बुथ स्तर पर मजबूती प्रदान करना एक एक कार्यकर्ता की जिम्मेवारी है ।इस अवसर पर हजारीबाग विधानसभा के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने कहा की आम जनता से कांग्रेस आम जनता से कांग्रेस के गठबंधन सरकार के द्वारा किए गए जनकल्याण योजना मैया सम्मान, किसान ऋष्ण माफी, बिजली के बकाया बिल माफी 200 यूनिट बिजली फ्री ,अबुवा आवास योजना के अलावा सरकार के सभी योजनाओं के बारे में जनता को बताया।इस अवसर पर प्रदेश के महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा कि हमारी महागठबंधन की सरकार ने राज्य की बेटियों को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए मईया सम्मान योजना लाई । हमने इस योजना के तहत 1000 बैंक खाता में डालने का काम किया, इससे भाजपा बेचैन हो गई और इस योजना को बंद करवाने के लिए अदालत तक चली गई ।




## भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने चलाया आशीर्वाद यात्रा, गौ माता को गुड रोटी खिला कर लिया आशीर्वाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने अपने दिनचर्या में पूजा करने के पश्चात गौ माता को गुड रोटी खिला कर आशीर्वाद यात्रा प्रारंभ किया द्य भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने आशीर्वाद यात्रा के दौरान हजारीबाग सदर विधानसभा के जिनगा, महेशरा, जोन्हिया, झुमरा, रामदेव खरिका, कावालू, गोपलों, तिलैया, हरली, पेट्टो, बासोबार, भटविगहा, दारूखरिका, बख्शीडीह, दारूडीह, जबरा, सुलतानी, पिपचों, चिरवां, इरगा सहित दर्जनों गांवों का दौरा किया जहां क्षेत्र के लोगों ने भाजपा प्रत्याशी का अभिवादन किया और एक स्वर में भाजपा के पक्ष में मतदान करने का संकल्प लिया आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों का आशीर्वाद लेते हुए प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मैं वर्षो से क्षेत्र के लोगों के सुख दुःख का साथी रहा हूँ और यह निरंतर रहेगा आपका प्यार और आशीर्वाद हर पल मुझे राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रेरित करता है आगे उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में 13 नवंबर को कलम निशान पर भाजपा के पक्ष में मतदान कर मुझे अपना बहुमूल्य आशीर्वाद दें द्व आशीर्वाद यात्रा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि इंडी गठबधन सरकार से त्रस्त प्रदेश की



जनता भी सुशासन की स्थापना के लिए भाजपा सरकार बनाने के लिए संकल्पित हैं द्य आने वाले दिनों में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनाने जा रही है आशीर्वाद यात्रा के दौरान ओ बी सी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव ने कहा कि वर्तमान में हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है जिसकी विदाई तय है जिसका फैसला जनता का अदालत में आ गया है और मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आगामी चुनाव में उनके शोषण और भ्रष्टाचार का जवाब एक एक लोग ई वी एम पर कमल का बटन दबा कर देगी । मौके पर बडा अखाडा मंहत विजयानंद दास, भाजपा नेता भुनेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा, सुरेश प्रसाद, भरत प्रसाद, नवल प्रसाद , दिलीप प्रसाद, चौधरी साव, दिलीप कुमार, राजेश कुमार सहित भाजपा और एन डी ए गठबंधन दल के सैकेडों पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित थे ।

## लोयोला विद्यालय लाल बंगला चरही मे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** शनिवार को दिवाली के शुभ अवसर पर लोयोला विद्यालय लाल बंगला चरही में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के चार समूहों पीस, फेथ ,मर्सी , जॉय ने भाग लिया जिसका थीम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ,महिला सुरक्षा ,पृथ्वी बचाओ वन जीव बचाओ, इत्यादि था। जिसमें पीस समूह का थीम महिला सुरक्षा ने जीत हासिल की और महिला सुरक्षा को प्रदान करने और



सशक्त बनाने को लेकर संदेश भी दिया या पूरा आयोजन को सफल बनाने में सी.सी.ए इंचार्ज डी के यादव और विद्यालय के शिक्षकों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ साथ ही विद्यालय के प्रिंसिपल महोदय डॉ समीर प्रसाद ने कहा कि विद्यालय में ऐसे आयोजन से बच्चों के प्रति जागरूकता और महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना बढ़ती है इसलिए हर एक विद्यालयों को ऐसे आयोजन बड़े लेवल से करना चाहिए। इसके साथ ही विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एम के वर्णवाल ने रंगोली प्रतियोगिता में बनाई गई थीम की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी को महिलाओं का सम्मान अपनी बहन बेटियों की तरह ही करना चाहिए जहां महिलाओं का सम्मान नहीं होता वहां हम खुद क सभ्य नागरिक नहीं कह सकते हैं।जज के रूप में लोयोला विद्यालय के अभिभावक जन और विद्यालय के ट्रस्टी मेंबर सम्मिलित हुए जिन्होंने बच्चों को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए धन्यवाद यापन दिया और विद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय अपने समय अनुसार किए हुए वादों को पूरा करेगी और यह भी कहा लोयोला विद्यालय को ब्रांड की तरह प्रस्तुत करना है जैसे पूरे भारत में लोयोला का नाम ऊंचा है वैसे ही चरही में भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना हैं । दिवाली और छठ पूजा के अवसर पर लोयोला विद्यालय में हॉस्टल में फ्री एडमिशन लिया जा रहा है, जो की सीमित समय तक के लिए है ।

## कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. कीर्तिनाथ महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शिक्षक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं छात्र/छात्राओं ने शपथ लिया की स्वयं भी मताधिकार का प्रयोग करेंगे एवं अपने आस-पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करेंगे। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा किङ्क सभी कोई निष्पक्ष होकर मतदान के दिन सभी कामों को छोड़कर मतदान करे। प्रोफेसर ऋतुराज दास के द्वारा शपथ पढ़कर सभी शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं को शपथ ग्रहण करवाया गया। इस कार्यक्रम संचालन राष्ट्रीय



सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेश महतो ने किया। उन्होंने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा किए। शपथ के पश्चात धन्यवाद ज्ञापन प्रो. निरंजन प्रसाद नीरज ने किया। मौके पर इस मतदाता शपथ कार्यक्रम में प्रोफेसर ज्योति जलधर, प्रोफेसर मो.फजरूद्दीन, प्रो नरेश कुमार दांगी, प्रो अनु कुमारी, प्रो. रंजीत प्रसाद, प्रो.पवन कुमार, प्रो ललिता कुमारी, प्रो लालदेव महतो एवम् अतिथियों में जगलाल साव, भोलानाथ महतो, पंकज मिश्रा, मुनेश्वर राणा, कौलेश्वर साव एवं स्वयंसेवको में कौशल्या कुमारी आदि उपस्थित थे।

## केरेडारी में सतर्कता जागरूकता सत्र का आयोजन




**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनटीपीसी के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केरेडारी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह सत्र का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में डॉ शिवेंद्र कुमार सिंह ने उपथित स्वास्थ्यकर्मियों को सतर्कता जागरूकता का शपथ दिलाया व कहा कि देश की एकता एवं अखंडता बनाये रखने के लिए भ्र्ष्टाचार मुक्त समाज बनाने की आवश्यकता है, हम सभी कर्मी शपथ ले कि किसी से सत्यनिष्ठा एवं कर्तव्यनिष्ठ बनकर काम करे,किसी को बिनावजह परेशान नही करे, ताकि एक सुदृढ समाज का निर्माण हो सके । मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी नफीस अंजुम,एनटीपीसी के डीजीएम बिकास सिंह, पीआरओ निकेश कुमार, डॉ शिखा गुप्ता,स्वास्थ्य कर्मी बिद्या सगर,राजीव रंजन,रामु गोप,नवीन सिन्हा, सहिया सरिता देवी,किरण देवी,अंजु देवी,पूनम देवी,जीरा देवी,आशा देवी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिव्यांग मतदाताओं को किया जागरूक



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** स्विप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल द्वारा प्रखंड के दिव्यांग मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाकर शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बीडीओ श्री मंडल ने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं के लिए बीएलओ के माध्यम से विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी,ताकि हर दिव्यांग मतदाता अपना अपना मत का प्रयोग कर सके। उन्होंने आगे कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव आयोग के निर्देशन के आलोक में निरीक्षण कार्य जारी है। मतदान कर्मियों के लिए हर सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि आज से बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र घर-घर जाकर मतदाता पहचान पत्र वितरण शुरू किया गया है। जो मतदान के दिन तक भी जारी रहेगा। इस अवसर पर बीपीओ अरुण कुमार, दिव्यांग प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर , सचिन सोनी, प्रभावती देवी, मितलाल साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बरही विधानसभा चुनाव के लिए 19 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन प्रपत्र



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही विधानसभा चुनाव को लेकर कुल 19 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया है। विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर तक निर्धारित थी। बरही विधानसभा चुनाव में नामांकन करने वाले प्रत्याशियों में भाजपा से मनोज कुमार यादव, कांग्रेस से अरुण साहू, सपा से उमाशंकर अकेला, जेएलकेएम से कृष्णा यादव, एनसीपी से महेश ठाकुर, अटल विचार मंच से रामाशीष सिंह, अखिल भारत हिन्दू महासभा से पुरुषोत्तम कुमार पांडेय, पीपुल्स पार्टी ऑफ डेमोक्रेटिक से शिव कुमार राम, जय प्रकाश जनता दल से दिलीप चंद्रवंशी, अर्जुन प्रसाद केशरी निर्दलीय, अविनाश कुमार चंद्रवंशी निर्दलीय, केदार पासवान निर्दलीय, केदार पासवान निर्दलीय, केदार प्रसाद यादव निर्दलीय, बद्री यादव निर्दलीय, डॉ बालेश्वर राम निर्दलीय, बिरजू पासवान निर्दलीय, सुनील कुमार साहू निर्दलीय एवं मो सेराज निर्दलीय से शमिल है। बता दें कि 28 को स्क्रुटनी और 30 अक्टूबर को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि है। लंबे समय से पार्टी से जुड़े कई नेताओं ने टिकट नहीं मिलने के कारण निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन किया है।

## हर्ष अजमेरा ने आशीर्वाद जन यात्रा के माध्यम से कटकमसांडी के विभिन्न पंचायत का किया सघन दौरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल करने वाले युवा नेता हर्ष अजमेरा ने रिमझिम बारिश के बीच शनिवार को कटकमसांडी प्रखंड में आशीर्वाद जन यात्रा कर जनता से सीधा संवाद किया। इस यात्रा का शुभारंभ शाहपुर पंचायत के दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। हर्ष अजमेरा ने दुर्गा मां से आशीर्वाद प्राप्त कर अपनी इस जन यात्रा का आरंभ किया और पूरे प्रखंड के लोगों से मुलाकात कर उनके आशीर्वाद और समर्थन की अपील की। इस यात्रा के दौरान श्री अजमेरा ने कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जाकर स्थानीय लोगों से संवाद किया जिसमें शाहपुर पंचायत के दुर्गा मंडप,कोनहर, डोडवा चौक, अमझार गांव, लावा कुदर चौक, आरभुसाई चौक, डोडवा, कुरागगड्डा बलिया, रेबर, होरिया, डांटो बाजार चौक, बाझा चौक, और रौशन सिंह के घर समेत कई अन्य इलाकों में जनसंपर्क किया गया। प्रत्येक स्थान पर भारी संख्या में लोग उमड़ पड़े, जिनमें विशेषकर युवा महिलाएं शामिल रही।



उनके बीच हर्ष अजमेरा के प्रति एक अलग प्रकार का विश्वास और ऊर्जा नजर आया, हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में क्षेत्र की समस्याओं, युवाओं की रोजगार की जरूरतों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने जनता से संवाद करते हुए कहा, यह चुनाव हमारे क्षेत्र के लिए बदलाव का एक मौका है। अब समय आ गया है कि हम एक मजबूत और विकासोन्मुखी नेतृत्व का चयन करें। तीसरा विकल्प चुनकर हम सभी को एक ऐसा प्रतिनिधित्व मिलेगा जो हमारी जरूरतों और समस्याओं को समझेगा। यात्रा के दौरान अजमेरा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया कि वे किसी पार्टी विशेष के बंधन में नहीं हैं और पूरी स्वतंत्रता से क्षेत्र की भलाई के लिए कार्य करेंगे। जन संवाद के दौरान लोगों ने उनके विचारों का खुलकर समर्थन किया और उनकी ओर से एकजुटता दिखाई। प्रत्येक पड़ाव पर जनता ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और क्षेत्र के विकास के प्रति उनके संकल्प की सराहना की। लोगों ने एकजुट होकर अब की बार, तीसरा विकल्प के नारे लगाए, जिससे पूरे क्षेत्र में एक नई ऊर्जा और उत्साह का माहौल बन गया। इस यात्रा के माध्यम से हर्ष अजमेरा ने न केवल समर्थन प्राप्त किया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि जनता के बीच उनकी उपस्थिति मजबूती से स्थापित हो सके।

## श्रीदस स्कूल के बच्चों ने किया कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** देवचंदा स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्रों ने गौरियाकरमा स्थित कृषि विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान विश्वविद्यालय में कार्यरत वैज्ञानिकों ने बच्चों को न केवल विश्वविद्यालय का भ्रमण कराया, बल्कि उन्हें क्रॉप फील्ड में विभिन्न फ़सलों का परिचय दिया और पूरी कृषि प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया। इस मौके पर बच्चों ने कई सवाल किए और वैज्ञानिकों ने बड़े धैर्यपूर्वक बच्चों को समझाया। डॉ. साहेब पाल और डॉ. मोनू कुमार ने बच्चों को 12वीं के बाद एक सफल करियर के बारे में मार्गदर्शन दिया। इसके साथ साथ कृषि विभाग में उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में भी जानकारी दी। वहीं डॉ. काशीनाथ तेली, डॉ. आशा कुमार और डॉ. पवित्र के. एन. ने बच्चों को फसलों और कृषि प्रक्रिया से भली-भांति परिचित कराया। स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने विश्वविद्यालय के चांसलर और सभी वैज्ञानिकों की प्रशंसा किया और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के सभी वैज्ञानिक बच्चों के लिए प्रेरणादायक हैं जो इस मौके पर बच्चों का मार्गदर्शन बखूबी किया। वहीं स्कूल के उप प्राचार्य राकेश सिंह ने कहा कि ऐसी यात्राओं से बच्चों को प्रैक्टिकल ज्ञान प्राप्त करने में सहायता मिलती है। इस दौरे से बच्चे बहुत खुश दिखाई दिए और उन्होंने सभी वैज्ञानिकों की सराहना किया। इस दौरान शिक्षकों में अमरजीत पांडे, विकास गुप्ता और अमन न्यायन भी बच्चों के साथ मौजूद रहे।

## बरही पुलिस ने पिकअप वाहन में लोड अवैध पोड़ा कोयला किया जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार बिलौतिया मोड़ के पास चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से पोड़ा कोयला ले जाते चालक को रंगे हाथों पकड़ा। इस बाबत थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि पिकअप वाहन संख्या जेएच 10सीयू-4952 पर अवैध रुप से बिना वैध कागजात के पोड़ा कोयला का तस्करी कर ले जाया जा रहा था, जिसे पुलिस बल ने बिलौतिया मोड पर वरीय अधिकारी के सूचना पर चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। जिसके आरोप में बरही थाना कांड संख्या-434/24 कोल माइंस एक्ट के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया है । कांड के प्राथमिकी अभियुक्त पिकअप वाहन के चालक विंध्याचल यादव पिता स्व. रामजन्म यादव साकिन लमारी टोला, थाना-पिरो, जिला भोजपुर (बिहार) को गिरफ्तार कर न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेजा गया।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर में पूर्व छात्र परिषद की गोष्ठी सम्पन्न



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के प्रांगण में पूर्व छात्र परिषद की गोष्ठी सम्पन्न हुई। मौके पर पूर्व छात्र संयोजक विद्या विकास समिति झारखण्ड प्रान्त सह विनोवा भावे विश्वविद्यालय के सहायक व्याख्याता (अभियंता विभाग) अरुण कुमार मिश्रा की गरिमामय उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अमित साहू, पदेन सदस्य सह साहू समाज मुखिया सुरेश साहू, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। भैया बहनों को संबोधित करते हुए अरुण कुमार मिश्रा ने कहा कि आप सभी देश के उज्जवल भविष्य हैं। आने वाला कल आपका है। आप यदि अपने आने वाले कल को मनोकुल बनाना चाहते हैं तो इसकी शुरुआत आज करनी होगी। आपने अवश्य सुना होगा एकता में बल है, अब इसे चरितार्थ करने का समय आ गया है। यदि साथ अपनों का हो तो बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान चुटकी बजाते ही हो जाएगी। विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के माध्यम से आप सभी भैया बहनों को एक ऐसा मंच प्रदान करती है जिसके माध्यम से आप अपनी विचार को अपनों के समक्ष रख सकते है। इन्होंने कहा कि मैं भी सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर कुम्हारटोली हजारीबाग का छात्र रहा हूं। इन्होंने पूर्व छात्र परिषद की अगली योजना में दीपोत्सव मनाने की बात कही। दीपोत्सव की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष अमीत साहू ने विद्या मंदिर के भैया बहनों को नशाखोरी से बचने को कहा इन्होंने कहा कि नशा से आज समाज राज्य एवं देश का नास हो रहा है। युवा पीढ़ी अपनी प्रतिभा को खोने लगी है। इससे बचाव नितांत आवश्यक है।

## इंडिया गठबंधन की विधानसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक, 28 को करेंगे नामांकन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग के बगल में झारखंड मैरेज गार्डेन में इंडिया गठबंधन की विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महत्वपूर्ण बैठक की गई।बैठक की अध्यक्षता कॉग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने की तथा संचालन पूर्व विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव ने किया। बैठक उपस्थित कॉग्रेस,झामुमो, सीपीआई एम एल के पदाधिकारियों तथा विष्णुगढ़ के इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने मैराथन बैठक बारी-बारी से अपने विचार व्यक्त करते हुए माण्डू विधानसभा में जीत दिलाने का संकल्प लिया। जयप्रकाश भाई की उपस्थिति में जेएलकेएम के पदाधिकारियो भीम कुमार महंतो, राजकुमार यादव, दमोदर राम, कृष्णा रविद्वास, जितेन्द्र महतो, सरजु महतो, महेंद्र महतो, मनोज रविदास, राकेश कुमार , नन्दकिशोर महतो, विजय कुमार रमेश कुमार , प्रमोद कुमार ने कॉग्रेस



का दामन थामा। बैठक को सम्बोधित करते हुए माण्डू विधानसभा से इंडिया गठबंधन के साझा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि लोगो ने भ्रम फैलाया की मैं माण्डू विधानसभा से टिकट के लिए मारा मारा फिर रहा था,परन्तु यह सत्य नही है,मुझे टिकट मिलना स्व. टेकलाल बाबू तथा विष्णुगढ़ की जनता की जीत है,जिसकी वजह से राष्ट्रीय कॉग्रेस अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे ने टिकट सौंपा। माण्डू की जनता का आशीर्वाद मुझे हमेशा मिला है,इस बार भी मिलेगा यह मुझे पूर्ण विश्वास है। आत्मिविश्वास से लबरेज पूर्व माण्डू विधायक ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि इस बार भी सारे समीकरण हमारे पक्ष में बस हमे अपने लोगो से बात कर और मत अपने जीत के लिए बढ़ाने है। इस चुनाव में हमारी एकता को तोड़ने का प्रयास किया जायेगा,बस हमे एकजुट होकर करना है,मतदान। मेरे पिता जी के कार्यकाल और मेरे कार्यकाल मे अगर हमने किसी को नही बनाया तो किसी का हमने बिगाड़ा भी नही है। अपने बीते कार्यकाल में आईटीआई, टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय, पॉवर ग्रिड, सड़के, विद्यालय के विकास सम्बधी कार्य, पीसीसी, पुल-पुलिया के अनेको विकास के कार्य माण्डू विधानसभा की जनता को समर्पित किया है। इस मौके पर मुख्य रूप से जिप सदस्य शेख तैयब,नीलकण्ठ महतो, झामुमो पूर्व जिला अध्यक्ष शम्भू लाल यादव,रविन्द्र महतो, टेको चंद महतो,लखनलाल महतो, रवि कु. सिंह, दिलेर आजाद, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार,बटेश्वर प्रसाद मिश्र, सुनील कुमार वर्मन,सुरेन्द्र कु. यादव,फखरूदीन अंसारी,राम जन्म राय, त्रिवेणी मंडल, मो. खलील अंसारी, पुनम कुमारी, गुलाब राम,क्यूम अंसारी, जगदीश वर्मन, नेजाम अंसारी,प्रयाग पासवान, लक्ष्मी कुमारी, समयन्द यादव, हेमलाल महतो, जगदीश चन्द्र यादव, वंशीलाल मांझी, त्रिभुव?न? प्रसाद ,इन्द्रदेव यादव,हिरामन महतो,परमेश्वर कुमार महतो,महेंद्र कुमार महतो,महादेव मंडल,सुरेश कुमार मंडल समेत सैकड़ो की सँख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता शामिल थे।

# कार्तिक आमावस्या पर काली मंदिर में होती है विशेष पूजा-आराधना, तंत्र विद्या प्राप्ति हेतू की जाती है कामना

▶ देश भर से पहुंचते है सिद्धि प्राप्ति हेतू साधु-तांत्रिक-साधक पूजा-अर्चना के बाद रात भर होता है भोग का वितरण





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल झारखंड के रामगढ़ जिला के अंतर्गत रजरप्पा मंदिर में मां छिन्नमस्तिके देवी की पूजा-अर्चना की जाती है. यह मंदिर देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल के रूप में जाना जाता है. विशेष कर कार्तिक अमावस्या के दिन इस मंदिर का महत्व बहुत अद्भुत माना जाता है. काली पूजा के दिन यहां रात भर मां छिन्नमस्तिके देवी की पूजा-अर्चना की जाती है. जहां तंत्र मंत्र की सिद्धि प्राप्ति को लेकर विभिन्न हवन कुंडों में तांत्रिक, साधक और श्रद्धालु रात भर हवन, पाठ और जपतप कर यज्ञ करते है. जिससे यहां तांत्रिकों, साधक, हज़ारों की संख्या में देश के विभिन्न कोना से श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहता है. मान्यता है कि इस दिन पूजा-अर्चना और हवन करने की कामना की जाती है, सिद्धि प्राप्त कर मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है. आमावस्य काली पूजा की रात यहां झारखंड के अलावे बिहार, पश्चिम बंगाल, ओड़िसा, छत्तीसगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश,असम सहित देश भर के विभिन्न राज्यों से पहुंचते है.

**रजरप्पा में साक्षात विराजमान है शक्तिपीठ देवी मां छिन्नमस्तिके**

दामोदर-भैरवी संगम स्थल पर शक्तिपीठ देवी मां छिन्नमस्तिके साक्षात विराजमान है. मां छिन्नमस्तिके देवी का जो स्वरूप है, उसमें एक कमल पुष्प पर कामदेव-क्रिया में लीन है.0. इसी स्वरूप के कारण मां छिन्नमस्तिके देवी की नाम से जानी जाती है.दिन जितनी चहल-पहल, रात उतनी ही रहस्यमय काली पूजा की रात तांत्रिक और साधक दामोदर - भैरवी संगम स्थल के किनारे और मंदिर प्रक्षेत्र के एकांतवास में भी तंत्र मंत्र की सिद्धि प्राप्त करते है. मंदिर प्रक्षेत्र में दिन में जितनी चहल-पहल रहती है. दिन में कई अनजाने चेहरे नजर आते है, तो रात्रि में घने जंगलों के बीच उठती आग की लपटें और धुआं जंगलों और कलकल करती नदियों के बीच से आती अनसुनी आवाजें सुन कर लोगों की रोंगटे खड़े हो जाते है.

# प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया से मिले, जीत की रणनीति पर चर्चा किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव विधानसभा कि कांग्रेस समर्थित व महागठबंधन उम्मीदवार अंबा प्रसाद ने शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सचिव सह राज्य परिवहन पदाधिकार समिति सदस्य संजीव बेदिया के आवास पर जाकर मुलाकात कि एवं चुनाव से संबंधित व जीत कि रणनीति पर चर्चा कि। अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए सबों से प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं इस मौके पर झामुमो केन्द्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि महागठबंधन उम्मीदवार अंबा प्रसाद को यहा के विस्थापितों का भरपूर सहयोग दिया जाएगा। वहीं इस मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, मनोज मुंडा,सुरज बेसरा, संजय करमाली, सत्येन्द्र यादव, पंकज, गणेश गंझू,शंकर साव, नित्यानंद विद्या, आनंद करमाली, बिनोद हेम्ब्रोम,उदय मेहता, कृष्णा साव, रविन्द्र सोरेन आदि दर्जनों लोग

# पुलिस पर्यवेक्षक टीम ने वज्ज गृह एवं मतगणना केन्द्रों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु दिनांक-26.10.2024 को देबब्रत दास (भा0पु0से0) पुलिस पर्यवेक्षक, श्री चन्दन कुमार, (भा0प्र0से0) उपायुक्त, रामगढ़ एवं श्री अजय कुमार, (भा0पु0से0), पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा रामगढ़ कॉलेज स्थित वज्ज गृह एवं मतगणना केन्द्रों का निरीक्षण किया गया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा चुनाव आयोग के द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप सुरक्षा में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक (मु0) / अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, परिचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, रामगढ़, यातायात प्रभारी, रामगढ़ एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# डॉ रविन्द्र कुमार रॉय को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का बनाए गया कार्यकारी अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** पूर्व सांसद और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुमार रॉय को भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा रामगढ़ परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है और कहा कि उनके अनुभव का लाभ से झारखंड प्रदेश में एनडीए की सरकार बनाने में मददगार साबित होगा। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि उनके कार्यकारी अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार हुआ है। वे कुशल संगठनकर्ता हैं और उनके अनुभव का उपयोग आगामी विधान सभा चुनाव होना है और सकारात्मक परिणाम मिलनेवाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगत प्रकाश नड्डा को आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद देते हैं। मौके पूर्व जिला अध्यक्ष रंजित कुमार सिन्हा,अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, चन्द्रशेखर चौधरी, वरिष्ठ नेत्री इला रानी पाठक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ संजय कुमार सिंह, रणंजय कुमार, विनोद कुमार, डॉ संजय प्रसाद सिंह, प्रिया करमाली, जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रंजन फ़ौजी, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाहा,बलराम महतो ,स्नेहलता चौधरी, दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति, जिला मंत्री दिलीप सिंह, संजीव कुमार बबला,किरण देवी,लक्ष्मी देवी अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर , जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार, कार्यालय मंत्री विनोद कुमार, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत, संतोष कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार सोनू, अनिल यादव,भीमसेन चौहान, धीरज कुमार साहू, सोनू कुमार शौर्य, राकेश पांडा, वरिष्ठ नेता रंजीत पांडेय,उमेश प्रसाद, प्रो खिरोधर साहु, प्रो प्रदीप कुमार, प्रो आलोक सिंह, वरुण सिंह,आनंद बेदिया, जगेश्वर प्रजापति, राजीव जायसवाल,दीपक सोनकर, सुनील वर्णवाल, रॉबिन गुप्ता,युगेश महतो, विजय ओझा, इन्द्रदेव साव , योगेश दांगी, अखिलेश प्रसाद, वसुध तिवारी, खुशीलाल महतो,जोगेंद सिंह जग्गी, सहदेव ठाकुर, रमेश वर्मा, दीनदयाल कुमार मनोज सिंह,जिला मोर्चा अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव, शीतल सिंह, सन्नी कुशवाहा, रिंकू प्रसाद,संजय रजक, शंकर करमाली, वारिश खान,मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज गिरि, अशोक कुमार, बबलु साव, टोकेस सिंह, राजाराम प्रजापति, सागर दांगी, सतीश मोहन मिश्रा, गिरधारी महतो, राजेश प्रसाद, नरेश कुमार ,संजय साह सहित भारतीय जनता पार्टी जिला के ज्येष्ठ और सक्रिय सदस्यों ने भी डॉ रविन्द्र कुमार रॉय को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।

## जेएलकेएम द्वारा जिला उपाध्यक्ष कुशवाहा पंकज महतो को अगले 6 सालों के लिए पार्टी से किया निष्कासित

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के जिला उपाध्यक्ष कुशवाहा पंकज महतो को अगले 6 सालों के लिए जिला अध्यक्ष देवानंद कुमार महतो ने पार्टी से निष्कासित किया है। जिला अध्यक्ष देवानंद कुमार महतो ने कहा कि कुशवाहा पंकज महतो ने पार्टी विरोधी कार्य करते हुए निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन फार्म लिया हैं । जो कि पार्टी धर्म के विरुद्ध है।

## वेस्ट बोकारो ओ0पी0 क्षेत्र में दो अवैध कोयला लदे ट्रक को किया गया जप्त



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को रात्रि करीब 02~20 बजे पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार को गुप्त सुचना मिली कि बोकारो के तरफ से दो ट्रक अवैध कोयला लेकर घाटो के रास्ते से गुजरने वाले है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा वेस्ट बोकारो ओं0पी0 प्रभारी को त्वरित करवाई करने का निर्देश दिया गया। सुचना के सत्यापन एवं आवशयक करवाई हेतु बडगांव- चैनपुर मुख्य पथ पर वाहन चेकिंग लगाया गया। उसी दौरान दो ट्रक तेज़ रफ़्तार से बोकारो के तरफ से आ रहे थे जो पुलिस को देखते ही ट्रक को तेज़ गति से भगाने का प्रयास किया लेकिन सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों ट्रको को पकड़ा गया जिसमे कोयला लदा हुआ था 7 ट्रक क्रमशः 1. छ्09क्र6257 एवं 2.छ्02क्र6533 को जांच किया गया एवं ट्रक में लदे कोयला के संबध में वैध कागजात की मांग करने पर कागजात प्रस्तुत किया गया जिसकी वैधता 24/10/024 को ही समाप्त हो गया था। तत्पश्चात दोनों ट्रक को कोयला लदा सहित को जप्त कर थाना परिसर पर लाया गया । पूछ ताछ के क्रम में ट्रक चालक के द्वारा बताया गया कि एक ही चालान में एक से ज्यदा ट्रिप कर अधिक मुनाफा कमाते है। इस संबध में मांडू (वे0 बो0) थाना काण्ड संख्या-254/024 दिनांक 26/10/024 धारा- धारा-317(5)/61(2)/318(4) भारतीय न्याय संहिता एवं 30 (द्व्ढ) कोल माइंस एक्ट दर्ज किया गया।

## वोटर अवेयरनेस को लेकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा शनिवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, दुलमी एवं रामगढ़ में डोर टू डोर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान ।मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता,पेंटिंग प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया साथ ही रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं के घर-घर जाकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं क्व्ष्ठ मतदाता,80 + वृद्ध मतदाताओं को ÷वोट करेगा रामगढ़,ष्ट- 22 बड़कागांव, 13 नवंबर 2024 एवं ष्ट - 23 रामगढ़, 20 नवंबर 2024÷ ÷चुनाव का पर्व देश का गर्व÷ के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई ।



# कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले सभी युवाओं के मान सम्मान का ख्याल रखा जाएगा : ममता देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** रामगढ़ छावनी परिषद वार्ड नंबर 4 के युवा नेता संतोष नायक जी के अगुआई में कृष्णा पांडेय ने दर्जनों युवाओं के साथ गोला मठवाटांड़ स्थित कार्यालय में पूर्व विधायक और महागठबंधन की साझा प्रत्याशी ममता देवी के उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी युवाओं का पूर्व विधायक ने पार्टी में स्वागत किया और शुभकामना दी और कहा कि सभी का कांग्रेस पार्टी में हमेशा मान सम्मान किया जाएगा । कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी युवाओं ने रामगढ़ विधानसभा से महागठबंधन की प्रत्याशी ममता देवी को प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्हें बुके देकर बधाई दिया और भारी मतों से विजय दिलाने संकल्प लिया। शामिल होने वालों में दिलीप पांडेय, किशोर, छोटू सिंह, मुकेश मुंडा, जुगेश्वर करमाली, मुकेश नायक, दिलीप कुमार, सज्जन कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

# गिरजा शंकर पाण्डेय के आदर्शो को कभी भुलाया नहीं जा सकता : राजू यादव



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में शनिवार को आरसीएमयू इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के अध्यक्ष गिरजा शंकर पाण्डेय के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। एवं उनकी आत्मा कि शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं इस मौके पर क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि स्वर्गीय गिरजा शंकर पाण्डेय के आदर्शो को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। वे हमेशा से मजदूरों के मसीहा रहे हैं। व संगठन के कार्य हित में एक से बढ़कर एक आंदोलन का हिस्सा बने रहे। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, मुखिया चरका करमाली,कानू मरांडी,महादेव बेसरा,धर्मदेव करमाली, सुखदेव सोरेन,दशाराम मांझी, संजय यादव,दिपक यादव, बिनोद मुंडा,सीगू मांझी, पप्पू यादव,मनू टुडू, राधेश्याम बैठा, अशोक कुमार, श्याम बेदिया, अरूण बेसरा, सुरेश मांझी आदि लोग मौजूद थे।

# जेएलकेएम के रामगढ विधानसभा के प्रत्याशी पणेश्वर महतो के द्वारा गोला क्षेत्रों में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी पणेश्वर महतो के द्वारा गोला प्रखण्ड के गोविंदपुर, नवाडिह, सोनडीमरा, उलादका, सोकला, डिमरा, सरगडि,बरलंगा, उपरबरगा, संग्रामपुर, कुम्हरदगा आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में लोगों का काफी रुझान है ।सभी ने टाइगर जयराम महतो के हाथों को मजबूत करने के लिए कैंची छाप पर वोट देकर विजय बनाने का संकल्प लिया है। प्रत्याशी पणेश्वर महतो ने कहा की टाइगर जयराम महतो के पार्टी जेएलकेएम से रामगढ़ विधानसभा के प्रत्याशी हमको बनाया गया है। आप सबो से आशीर्वाद की जरूरत है और हमारी पार्टी शोषित, पीड़ित, वंचितों की आवाज बनकर निकली है ।अभी साथ नही दीजियेगा तो फिर कभी कोई हिम्मत नहीं करेगा चुनाव लड़ने के लिए। गरीब घर का बेटा हूं। बदलाव निश्चित तौर पर करना है । झारखंड का मुख्यमंत्री टाइगर जयराम महतो बनेंगे तभी जाकर राज्य में अच्छा नीति नियम बनेगा। तथा स्थानीय लोगों के रोजगार, हक अधिकार तथा नियोजन मे स्थानीय लोगो पहला अधिकार होगा।साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा कि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास के लिए कैंची छाप बटन दबाकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के रामगढ़ विधानसभा प्रत्याशी पनेश्वर महतो को भारी बहुमत से विजय बनाएं। जनसंपर्क मे लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। मौके पर पवन महतो, संतोष चौधरी, त्रिभुवन् महतो, सुधीर अकेला, प्रवीण कुमार, दीपक महतो, रामचंद्र उपस्थित थे।

## सभी थाना / ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु अजय कुमार (भा0पु0 से0) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के आदेश पर सभी थाना / ओ0पी0 में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान गोला/बरलंगा थाना एवं कुज्जू/वे0बो0/ भदानी नगर ओ0पी0 क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 350 कि0ग्रा0 बरामद हुआ, जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 24,500/- रूपया एवं जप्त 905 लीटर अवैध देशी शराब, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 63,350/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्टियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।



# विश्वविद्यालय के विधि विभाग में दीवाली पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

▶ पर्यावरण प्रदूषण मुक्त स्वच्छ दिवाली मनाने का दिया संदेश : कुलाधिपति बी एन साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** शनिवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा दिवाली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव को यादगार बनाने के लिए विभाग द्वारा विभिन् कार्यक्रम जैसे रंगोली बनाना, सांस्कृतिक पोषक शो, खाद्य परीक्षण प्रतियोगिता, एवं दिवाली थीम गेम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बीए एलएल बी,एवं एल एल बी के सभी छात्र- छात्राओ ने बढ़-चढकर भाग लिया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। छात्र छात्राओ की ओर से दी गयी अद्भुत प्रस्तुतियों ने अंधेरे पर प्रकाश की जीत, अज्ञान पर ज्ञान, बुराई पर अच्छाई और आशा पर निराशा तथा अपने परंपरा और संस्कृति को जानने की भावना पैदा की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्दयालय के कुलाधिपति बी एन साह ने बच्चों द्वारा मनाये जा रहे दीपोत्सव की प्रशंसा की तथा बच्चो को पर्यावरण प्रदूषण मुक्त स्वच्छ दिवाली मनाने का दिया संदेश। सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी को पर्यावरण सुरक्षा के लिए ग्रीन पटाखे छुढाने के लिए प्रेरित किया। प्रतिकुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने कहा कि विश्वविद्दयालय मे पढ़ाई का मानसिक तनाव न हो इसलिए इस तरह के आयोजन से बच्चों मे क्रिटिविटी वर्क को निखारने के साथ पढ़ाई के बोझ को कम करने का प्रयास किया जाता है। कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल ने बच्चों को दिवाली के महत्व को बताया और सभी को दीपोत्सव की हार्दिक बधाई दी। इस कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ )अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार,विधि विभाग के ज्योति मुखर्जी, मनीषा झा, सोनू कुमार, राहुल कुमार मिश्रा, विष्णु नमन यादव आलोक अंबेडकर एवं अन्य व्याख्यातागण सम्मिलित थे।

## बालू खनिज के अवैध खनन व परिवहन पर एक हाईवा एवं ट्रक वाहन को किया गया जब्त, प्राथमिकी दर्ज




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। छापेमारी के दौरान रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक हाईवा एवं वाहन संख्या छ्0 013201 एवं ट्रक रजिश्न8377 पर लगभग 1155 घन फिट बालू लदा पाया गया। जांच के क्रम में वाहन में एम एस आदित इंटरप्राइजेज अंकित चालान में 400 सीएफटी एवं 500 सीएफटी है वहीं दोनों वाहनों के जांच में लगभग 800 सीएफटी एवं 1000 सीएफटी पाया गया जिसके उपरांत रजरप्पा थाना में हाईवा एवं ट्रक वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपत्ति की चोरी, खनन राजस्व की छति, माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण के आदेश का उल्लंघन तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के धारा 4/21, झारखंड लघु खनिज नियमावली 2004 यथा संशोधित के नियम 4/54 एवं 2017 के नियम 9/13 के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

## अवैध खनन कर बालु का परिवहन कर रहे 6 ट्रैक्टरों को किया गया जप्त

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अवैध बालू खनन एवं परिवहन के रोकथाम हेतु सभी थाना / ओ0पी0 प्रभारी को सख्त निर्देश दिया गया है। शनिवार को पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली की रामगढ़ थानान्तर्गत ग्राम गोबर दाहा एवं बासल थानान्तर्गत ग्राम-बलकुदरा डूमरटॉड में अवैध बालू माफियाओं के द्वारा अवैध खनन कर बालु का परिवहन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा थाना प्रभारी, रामगढ़ एवं बासल के नेतृत्व में अलग-अलग छापामारी दल का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से अपने-अपने क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें रामगढ़ थानान्तर्गत ग्राम गोबर दाहा से 05 ट्रैक्टर बालु लदा एवं बासल थानान्तर्गत ग्राम बलकुदरा, डूमरटॉड से 01 ट्रैक्टर बालु लदा जप्त किया गया। इस संबंध में रामगढ़ थाना काण्ड सं0-336/24, दिनांक-24.10.2024, धारा-303 (2)/317/3 (5) बी0एन0एस0 एवं 4/21 MMDR Act- 1957, 54 JMMC-2004, 9/13 Jharkhand Minerals (Prevention of illegal Mining Transportation & storage) Rule-2017 एवं बासल थाना काण्ड सं0-20/24, दिनांक-25.10.2024, धारा-303(2)/317 बी0एन0एस0 एवं 4/21 MMDR Act-|, zy JMMCA-w/vx Jharkhand Minerals (Prevention of illegal Mining Transportation & storage) Rule-2017 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।



# उपायुक्त व एसएसपी ने किया इंटर स्टेट चेक पोस्ट का निरीक्षण

▶वाहनों की सघन जांच करने का दिया निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में 11 इंटर स्टेट एवं 5 इंटर डिस्ट्रिक्ट चेक पोस्ट बनाए गए हैं। चेक पोस्ट से गुजरने वाले हर वहनों की जांच की जा रही है। इसी संदर्भ में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने चिरकुंडा स्थित इंटर स्टेट चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त



ने चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को जिले में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की सघन जांच करने तथा वाहनों का रजिस्ट्रेशन नंबर व ऑनर का नाम, पता, मोबाइल नंबर रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया। साथ ही भारी मात्रा में नगदी, शराब, ज्वेलरी, नशीले पदार्थ सहित मतदाताओं को प्रलोभन देने वाली अन्य सामग्रियां मिलने पर जब्त करने का निर्देश दिया। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने छोटे वहनों के साथ साथ बड़े वाहनों की भी औचक जांच करने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी आलोक कुमार मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तहत एनसीसी कैडेटस को किया जागरूक

▶फर्स्ट टाइम युवा वोटरों को मतदान करने के लिए किया जागरूक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के अन्तर्गत शनिवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में एनसीसी कैडेट्स के लिए एक दिवसीय जागरूकता एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग द्वारा एनसीसी कैडेट्स को तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 की विस्तृत जानकारी दी गई एवं तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताई गई। साथ ही उन्हें तम्बाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करने एवं अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने तथा अपने पर्यावरण को भी



तंबाकू उत्पादों के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाने में योगदान करने से संबंधित अवगत कराया गया। कार्यशाला में कैंसर, अस्थमा, लकवा, श्वास सहित तंबाकू से होने वाली अन्य बीमारीयों के बारे में बताया गया। साथ ही कोटपा 2003 अधिनियम की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर युवाओं का तंबाकू के प्रति आकर्षण तथा उससे बचाव के तरीके के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन से पूर्व फर्स्ट टाइम एवं युवा वोटरों को विधानसभा चुनाव 2024 में मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के राहुल कुमार, जिला सलाहकार शुभांकर मैत्रा, सोशल वर्कर उमाशंकर मंडल, एफ.एल.सी. जिला एन.सी.डी. सेल पल्लवी सिंह, डी.ई.ओ. जिला एन.सी.डी. सेल, धनबाद, एनसीसी के सुबेदार शंकर लाल शाह, नायब सुबेदार आर.पी. सैनी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# गिरिडीह समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया समीक्षा बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत समाहरणालय, पपरवाटांड में स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए विभिन्न कोषांग के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा करते हुए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार




की लापरवाही न बरतें। साथ ही सभी कोषांग को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन को लेकर सारी तैयारियां दुरुस्त कर लें और सभी कोषांग समन्वय बनाकर कार्य करें और सभी 6 सीटों पर चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न करना हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है।

# पटमदा डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने रंगोली बना कर मतदान के प्रति किया जागरूक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**पटमदा :** पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार शनिवार को पटमदा डिग्री कॉलेज, जाल्ला में कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सदस्यों ने रंगोली बनाकर 13 नवंबर सभी को मतदान करने की अपील की। इस दौरान कालेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णपद महतो, एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी सहला बानो, डॉ कमल किशोर महतो, टुंपा महतो, शाश्वती महतो, डॉ गीता चक्रवती, संगीता महतो व सुभद्रा महतो के साथ साथ कॉलेज के शिक्षेत्तर कर्मचारी और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रेसवार्ता के बहाने एनडीए ने दिखाई एकता, आजसू प्रत्याशी की जीत में भागीदारी निभाने का वायदा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** एनडीए के घटक दलों ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता के बहाने एकता दिखाई और आजसू प्रत्याशी की जीत में सभी ने भागीदारी निभाने का वायदा भी किया। आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम के बस स्टैंड स्थित फार्म हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में आजसू केंद्रीय महासचिव अजय कुमार सिंह तथा जिलाध्यक्ष आलमगीर आलम के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय, उपाध्यक्ष हिसाबी राय, पवन भगत, अनिकेत गोस्वामी, जदयू जिलाध्यक्ष गौतम मंडल आदि शामिल हुए। अजहर इस्लाम ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने एनडीए में शामिल सभी दलों से समर्थन और सहयोग की उम्मीद जताई। अजहर इस्लाम ने कहा कि पाकुड़ के विकास और झारखंड में एनडीए की सरकार बनाने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है। एनडीए के साथियों के सहयोग से ही चुनावी रण को फतह किया जा सकता है। अजहर इस्लाम ने कहा कि सभी दल मिलकर पाकुड़ को कांग्रेस मुक्त करना है। उन्होंने पूर्व मंत्री आलमगीर आलम पर निशाना साधा और कहा कि पाकुड़ के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया। आज भी पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदतर है। भाजपा जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय ने कहा कि गठबंधन के तहत इस बार पाकुड़ विधानसभा सीट आजसू पार्टी को मिली है। एनडीए का सहयोगी दल होने के नाते भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता आजसू पार्टी के साथ खड़ी है। प्रत्याशी के रूप में अजहर इस्लाम को जीत दिलाने के लिए एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर लोगों को राज्य सरकार की विफलताओं को बताएंगे। आगामी 20 नवंबर को जब वोट डाले जाएंगे तब बारह बजते बजते विरोधियों के भी बारह बजा देंगे। भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता अजहर इस्लाम के साथ खड़ी है। अमृत पांडेय ने कहा कि राज्य में जब एनडीए की सरकार बनेगी, तो निश्चित रूप से सहयोगी दल आजसू पार्टी को भी बड़ी जिम्मेवारी मिलेगी। जदयू जिलाध्यक्ष गौतम मंडल ने कहा कि सहयोगी दल होने के नाते जदयू पार्टी एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम के समर्थन में मजबूती के साथ खड़ी है।

# चेचकप्पी मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल ने दर्जनों समर्थकों संग जेएमएम का थामा दामन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चेचकप्पी के मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ जेएमएम का थामा दामन। जेएमएम में शामिल पूर्व विधायक सह झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव की अगुवाई में सदस्यता ग्रहण की। शामिल होने के दौरान मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने कहा कि झामुमो की सरकार ने सभी गरीब परिवारों को मईया सम्मान योजना, बिजली बिल माफी, केसीसी माफी समेत कई योजनाओं से गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाई हैं। गरीबों की मसीहा बनने वाली सरकार से हम काफी खुश है। इसलिए पूर्व विधायक सह झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव की अगुवाई में सदस्यता ग्रहण की। विदित हो कि प्रखंड मुख्यालय मैदान में हुई जनसभा में डेगलाल साव शामिल हुए। सदस्यता ग्रहण के दौरान गोविंद प्रसाद मेहता, दशरथ सिंह चेतलाल सिंह, वार्ड सदस्य परमेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य तिलक सिंह, वार्ड सदस्य महेंद्र सिंह, मोहन साव, अनिल सिंह, बालेश्वर सिंह, अरुण सिंह, पुनीत सिंह, छोटी सिंह, कजरू सिंह समेत कई वार्ड सदस्य शामिल हुए।

# पाकुड़ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में आयुक्त, संथाल परगना लालचंद डाडेल और अन्य अधिकारियों ने भाग लिया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली से भारत का मानचित्र बनाकर उसमें वोट करेगा पाकुड़ बनाया गया। साथ ही निर्वाचन आयोग का अधिकारिक चिन्ह भी बनाया गया। सभी अधिकारियों ने रंग बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़कर पाकुड़ का मतदान प्रतिशत ऊंचा रखने का संदेश दिया।

20 नवंबर को अधिकतम मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।---

शुक्रवार को संथाल परगना के आयुक्त लालचंद डाडेल, पाकुड़ जिले में स्वीप कोषांग द्वारा चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। समाहरणालय परिसर में जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से तरह- तरह की गतिविधियाँ आयोजित की गई। इस दौरान 20 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदाता वोट डालने पहुँचे और लोकतंत्र की मज़बूती में सक्रिय भागीदारी हो, इसके लिये आमलोगों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में पड़ोसी जिलों के अधिकारी जिसमें जामताड़ा के उपायुक्त, साहेबगंज, जामताड़ा के पुलिस अधीक्षक एवं दुमका के परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण शामिल हुए। इस दौरान जिला प्रशासन के स्वीप कोषांग की ओर से तैयार मतदाता मोबाईल स्टीकर व वाहन स्टीकर को लांच किया गया। साथ ही समाहरणालय परिसर में बनाई गई आकर्षक रंगोली एवं सेल्फ़ी पॉइंट में पदाधिकारियों ने तस्वीरें खिंचवायी। वहीं हस्ताक्षर अभियान में शामिल होकर तथा गुब्बारे उड़ाकर मतदान प्रतिशत

# प्रवासी मजदूर का शव पहुंचते ही परिजन का रो रोकर बुरा हाल, पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के परबता हरिजन टोला निवासी मनोज दास पिता जानकी दास 45 वर्ष का शव पहुंचते ही परिजन बिलख पड़े वहीं उपस्थित लोगों की आंखों में आंसू भर आए। लोगों के मुताबिक मृतक राजस्थान के जयपुर में मजदूरी कर अपने परिजनों का भरण-पोषण करता था। बीते रविवार को घर से राजस्थान गया था। वहीं बुधवार को अचानक तबियत खराब हो जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। खबर पाते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव परबता स्थित उनके



घर पहुंचकर परिजनों का ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। लोगों ने बताया कि मृतक के चार पुत्री और एक पुत्र है। जिनके उपर से पिता का साया उठ गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर समाजसेवी मनोज दास, दिलीप सोनी,दीपक सोनी, रंजन कुमार, बिशेश्वर दास समेत आदि लोग मौजूद थे।

# अख्तरुल ने गर्भवती महिला को किया रक्तदान

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अस्पताल सोनाजोड़ी में इलाजरत गर्भवती मरीज मोमोजा बीबी के लिए लाइफ सेवियर्स समूह के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान करवा कर मानवता की मिसाल पेश की है। रक्तदाता अख्तरुल शेख ने पाकुड़ नगर स्थित ब्लड बैंक जाकर महिला के लिए रक्तदान किया। रक्तदान के दौरान लाइफ सेवियर्स ने रक्तदान के माध्यम से पाकुड़ के मतदाताओं को वोट फॉर पाकुड़ वोट फॉर झारखंड के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान के लिए अपील भी की है। जब जिला



प्रशासन तमाम प्रयास कर जिले के मतदाताओं को मतदान के लिए आग्रह कर रहा है, तब संगठन का यह प्रयास काफी सराहनीय है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि समाज के लोगों की सेवा करने के साथ-साथ बेहतर पाकुड़ और बेहतर झारखंड के लिए पाकुड़ के लोग मतदान करें और इसमें संगठन के कार्यकर्ता अपनी भूमिका निभाई। इसलिए उन्होंने यह प्रयास चालू किया है। मौके पर समूह के अध्यक्ष अबेदुल शेख, सह अध्यक्ष अब्दुर रब, सचिव नाफिसुल आलम, सक्रिय सदस्य रमजान शेख, तारिक अजीज तथा रक्त अधिकोष के कर्मचारी नवीन कुमार

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,कोडरमा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
E-Mail-electionkoderma@gmail.com

**आम सूचना**

विधान सभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित 19 कोडरमा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों, राजनैतिक दलों, आम मतदाताओं एवं अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक का नाम/ पदनाम/ मोबाईल संख्या एवं उनसे मिलने का समय से संबंधित विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | प्रेक्षक का नाम एवं पदनाम | | आवंटित मोबाईल नं० | मिलने का समय | मिलने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | General Observer | Sri Mal Singh Bhayadia, IAS, 2006 | 6206770874 | 10:00 AM to 11:00 AM | Circuit House, Koderma |
| 2 | Police Observer | Sri Sudhanshu Verma, IPS, 2015 | 7482921722 | 10:00 AM to 12:00 PM | |
| 3 | Expenditure Observer | Sri Surendra Kumar Meena, IRS (C&CE), 2009 | 9234388912 | 03:00 PM to 06:00 PM | |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 339562 Election(24-25).D

# तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की हुई मौत, विधायक समेत कई जनप्रतिनिधि पहुंचकर किया शोक संवेदना प्रकट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत पाला तालाब में शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति की शव बरामद हुई है। शव की शिनाख्त बासुदेव मांझी 52 वर्ष पिता चैता मांझी के रूप में की गई। ग्रामीणों के अनुसार बासुदेव मांझी और उसकी पत्नी गुरुवार को नहाने के लिए करीब 10बजे गए थे। जिसके बाद बासुदेव मांझी की पैर फिसल गया। ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही तालाब में ढूंढना शुरू कर दिया लेकिन बासुदेव मांझी



नहीं मिला। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह शव तैरता देख ग्रामीणों ने निकाला। घटना की सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। वही परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। गोरहर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक सह झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी सह लोक हित अधिकार प्रत्याशी कुमकुम देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, जेएमएम नेता बासुदेव महतों और मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, भारत जगत मांझी परगना महल अध्यक्ष रामजी बेसरा, जेबीकेएसएस नेता लखन महतों, कुंजलाल महतों समेत अन्य ग्रामीण पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की।

**पूर्व मध्य रेल**

विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

**विद्युत/क०वि० विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्र०सं० 01, ई–निविदा संख्या : TRD-OT-08 - AMC-132 KV-24-25, कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि :** Annual Maintenance of 132KV Transmission line in CIC section for three (03) years. कार्य समापन की अवधि (36) छत्तीस माह। **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि :** रूपया 64,40,393.63/– निविदा प्रपत्र का मूल्य – शून्य/–. **03. बीड सिक्युरिटी:** 1,28,900/–, **04. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय :** ई–निविदा बंद होने की तिथि 18.11.2024 को 11:00 बजे, ई–निविदा खुलने की तिथि 18.11.2024 को 11:30 बजे, **05. वेबसाईट का विवरण :** वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

**मंडल रेल प्रबंधक/क०वि०/धनबाद**

पीआर/1396/डीएचएन/ईटीआरडी/टी/24–25/32

**निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, लातेहार**

**आम सूचना**

लातेहार जिला अन्तर्गत 073 मनिका एवं 074 लातेहार विधानसभा चुनाव 2024 में राजनीतिक पार्टियों/प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय का लेखा जाँच हेतु 03 (तीन) तिथि निम्नवत निर्धारित की जाती है :–

| क्र.सं. | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 01.11.2024 (शुक्रवार) | पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | DISTRICT FACILITATION -CUM-TRAINING CENTRE, LATEHAR (COLLECTORATE BUILDING) |
| 2 | 06.11.2024 (बुधवार) | पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | |
| 3 | 11.11.2024 (सोमवार) | पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | |

अतः सभी राजनीतिक पार्टियों/प्रत्याशियों से अनुरोध है कि उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर निर्वाचन कार्य में व्यय की गई राशि से संबंधित सभी वांछित दस्तावेजों के साथ स्वयं या निर्वाचन ऐजेंट के माध्यम से निर्वाचन लेखा दल के समक्ष उपस्थित होकर लेखा जाँच कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, लातेहार

PR 339554 Election(24-25).D

# डॉ. रामेश्वर उरांव एवं धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा प्रखंड के विभिन्न गांवों का किया दौरा कहा,

## लोहरदगा का सर्वांगीण विकास करना मेरा प्रथम प्राथमिकता, 5 सालों तक मैं जनता की किया सेवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा चुनाव को लेकर लोहरदगा प्रखंड के ग्राम कुरसे, हेंसल, कुज्जी, मंगन टोली, बसरडीह आदि गांव का दौरा लोहरदगा विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने चुनावी प्रचार शुरू किए। कार्यक्रम में ग्रामीणों के द्वारा पारंपरिक तरीके से उनका किया गया। स्वागत जहां उन्होंने लोगों से आने वाले विधानसभा चुनाव में अपने पक्ष में मांगा वोट। इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए डॉ रामेश्वर उरांव ने लोगों से कहा कि हमारी झारखंड सरकार गठबंधन की सरकार ने जन कल्याणकारी योजनाएं चलाकर लोगों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए महिलाओं के सम्मान में मैया सम्मान योजना के तहत 18 वर्ष के ऊपर की सभी महिलाओं को 1000 देने का काम किया है वहीं अगले मन से इसे बढ़ाकर 2500 कर दिया गया है जो अब हर महिला के सम्मान में उसके अकाउंट में हर महीने 2500 आएंगे वहीं उन्होंने बताया कि किस के सम्मान में हमारी सरकार ने किसानों का कर्ज माफ करने का काम किया है इसी तरह बुजुर्ग महिला एवं पुरुष को सम्मान देने का काम हमारी सरकार ने किया जिसके तहत पेंशन योजना के माध्यम से हर महीने 1000 दिए जाते हैं वहीं उन्होंने बताया कि झारखंड वासियों के लिए हमारे सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए सरकार के लोगों का बिजली माफ किया। उन्होंने बताया कि हमेशा यह चिंता सताई रहती थी किसानों को की कब बिजली वाले आकर हमारे बिजली कनेक्शन काट देंगे और उनके पास इतने पैसे नहीं होते थे कि बिजली बिल अधिक हो जाने पर पूरा कर सके इसी को देखते हुए हमारे सरकार ने लोगो का बिजली बिल माफ करने का काम किया जो एक ऐतिहासिक फैसला है और वह आज आपके सामने है आपको इसका सर्टिफिकेट भी दिया जा रहा है। इसी तरह अनेकों जन कल्याणकारी योजनाएं हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही है जिसका सीधा लाभ हमारी जनता को मिल रहा है।चुनावी सभा को संबोधित करते हुए माननीय मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव ने कहा कि मेरे कार्यकाल में किए गए जनकल्याणकारी योजनाएं आपके सामने और मैं हक के साथ आप लोगों से अपने हक में वोट मांग सकता हूं ।उन्होंने लोगों से अपील की जिस तरह आप लोगों ने मुझे पिछली बार मौका दिया था उससे भी बढ़-चढ़कर इस इस बार मेरे पक्ष में वोट कर मुझे सेवा का एक बार और मौका दें। हमारा एक ही कार्य है सेवा,और लोहरदगा का विकास है।साथ ही धीरज प्रसाद साहू ने कहा की झारखंड एवं लोहरदगा के जनता का विकास 2019 के विधानसभा का चुनाव में हेमंत सोरेन के गठबंधन सरकार के साथ ही शुरू हो गई जिसका लाभ हर समाज के लोग ले रहे महिला हो या पुरुष सभी को रोजी,रोटी,मकान,के साथ बिजली, पानी, महिलाए को सम्मान देने का कार्य कर रही। सभी जनता से आग्रह है की फिर एक बार फिर पुनः हम सभी मिल कर रामेश्वर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने के काम करे साथ ही हेमंत सोरेन के नेतृत्व में फिर से एक बार विकास की सरकार इंडिया गठबंधन का सरकार झारखंड में बनाने का कार्य करें।



# एनडीए प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क, जनता के आशीर्वाद से स्व0 केके भगत के अधूरे कार्य को करूंगी पुर्ण : नीरू शांति भगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** आजसू, भाजपा, जदयू, लोजपा लोहरदगा विधानसभा गठबन्धन के प्रत्याशी पुर्व विधायक स्व0 कमल किशोर भगत की पत्नी सुश्री नीरू शांति भगत ने 26 अक्टूबर शनिवार को खराब मौसम के कैरो प्रखंड के नगजुवा, नरौली, कैरो, बक्सी, सढाबे, एडादोन इत्यादि गाँवो मे किया जनसंपर्क। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रो से होकर कैरो व सढ़ाबे पहुँचने पर भाजपा निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू, जिला मंत्री कैलाश महतो, प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो महामंत्री मनोज साहू,पुर्व अध्यक्ष लखन उराँव, विवेक प्रजापति, रामपवित्र सोनी, राधेश्याम साहु,राजेन्द्र सोनी, चिखु पहान, लाखो उराँव, ने सर्वप्रथम एनडीए प्रत्याशी स्व0 कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत को गुलदस्ता भेंट कर एक दुसरे को शुभकामनाएँ दी। मौके पर प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने मतदाताओं से कहा कि वर्तमान में केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार गाँव, गरीब, महिला, युवा, किसान सभी वर्गो के लिये अच्छा कार्य कर रही है उन्होने कहा मेरे दिवंगत पति स्व0 कमल किशोर भगत ने लोहरदगा विधानसभा की विकास का जो खाका तैयार किया था उसे जनता के आशीर्वाद से मैं पुरा करने का कार्य करूंगी। उन्होने सभी मतदाताओं से हाथ जोड़कर आगामी 13 नवंबर को ईवीएम के केला निशान के बटन दबाकर लोहरदगा विधानसभा का एक बार सेवा करने का जनता से आशीर्वाद माँगी। मौके पर आजसू के संजय महतो, विपिन सिंह, नरौली मुखिया अरविंद उराँव, बिहारी साहु, संजय साहू, कृष्णा साहु, गुजरू यादव, गौतम कुमार, प्रमानन्द साहु,चरकू सरदार, मनोज यादव, ब्रजेश राम, अजय राम, बलराम यादव, इत्यादि आजसू कार्यकर्ता जनसंपर्क मे उपस्थित थे।



# आदिवासी समाज ने गैर आदिवासी द्वारा नामांकन किये जाने को लेकर निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शनिवार को लोहरदगा जिला के सभी आदिवासी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा को जिला राजी पड़हा बेल श्री लक्ष्मी नारायण भगत के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। राजी पड़हा बेल श्री लक्ष्मी नारायण भगत ने कहा है कि लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र-72 एस0टी0 आरक्षित सीट से श्री मति राजपति देवी, पति-विजय महतो, ग्राम- बागलता, पोस्ट- सिमलिया, थाना- रातू, जिला- राँची ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। चूँकि महिला के पति गैर आदिवासी है और महिला अपने माता पिता तथा आदिवासी मूल धर्म छोड़ चुकी है। उसका लालन पालन, रहन सहन आदिवासी समाज से भिन्न है । युवा नेता जीवन उराँव ने कहा कि महिला आदिवासी मूल धर्म ( प्राकृतिक पूजा, अनुष्ठान) रीति रिवाज, परम्परा, संस्कृति नेग चार एवं आदिवासी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम में भाग नही लेती है इसलिए आदिवासियों के आरक्षित सीट लोहरदगा विधान सभा-72 से महिला राजपति देवी,पति-विजय महतो की नामांकन रद्द किया जाए। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उराँव ने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है। इस मामले को लेकर 28/10/2024 को समय -12 बजे दोपहर, झखरा कुंबा, वीर शिवाजी चौक,एम0 जी रोड लोहरदगा मे जिले के सभी गाँव के पहान पुजार,सामाजिक संगठनों के अगुवा गणों, बुद्धि जीवी, छात्र छात्राओं,युवाओं को बैठक बुलाई गयी है और आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि महिला को उम्मीदवारों रद्द नहीं किया गया तो जिला से लेकर नही यदि आदिवासी महिला सम्पूर्ण झारखण्ड मे जोरदार आनदोलन किया जाएगा।



# अविराम में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा की आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चितता प्रकोष्ठ द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया प्रथम सत्र एंटी रैगिंग अवेयरनेस पर पांडुलिपि विशेषज्ञ धरोहर संस्था उदयपुर राजस्थान से डॉ पंकज कुमार शर्मा,द्वितीय सत्र में डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट के गुण और विशेष रूप से परीक्षा में होने वाले स्ट्रेस के कारणों और बचाव पर चर्चा की गई।दूसरे दिन के पहले सत्र में डॉ सुधी वत्स असि प्रो राजकीय महिला महाविद्यालय द्वारा जेंडर सेंसिटाइजेशन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डाला गया,दूसरे दिन के दूसरे सत्र में डॉ उत्तरा रॉय असि प्रो बेथेसदा द्वारा डायनामिक्स ऑफ एजुकेशन पर और अंतिम सत्र में बिहार से मो दानिश मसरूर जो सरकारी। शिक्षक के साथ पर्यावरण और युवाओं की कई संस्थाओं के सक्रिय सदस्य है उन्होंने इनोवेटिव टीचिंग टूल और तकनीक पर प्रकाश डाला।सभी सत्र अत्यंत प्रभावी और उपयोगी रहे कुछ क्रिपायकलाप और अमित अंबर, कुंदन कु, विक्रम, एंजेला, बेला, अनिमा अनुराग, गांधी महतो, कीर्ति आदि के प्रश्नों का समाधान भी रिसोर्स पर्सन के द्वारा किया गया।कार्यक्रम संचालन कुंदन गिद्ध और तकनीकी सहायता पवन और नीरज द्वारा प्रदान की गई। कार्यशाला के मुख्य संरक्षक सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सीखने और समझने की प्रक्रिया को नवीन आयाम मिलता है। सभी सहभागियों को निशुल्क प्रमाणपत्र प्रदान किया जायेगा यह जानकारी डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा दी गई।



# युवा कांग्रेस ने विभिन्न प्रखंडों का किया दौरा, डॉ.रामेश्वर उरांव के पक्ष में मतदान करने का किया अपील



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को लोहरदगा युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के निर्देशानुसार लोहरदगा युवा कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों ने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखंड कैरो में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गठबंधन दल के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उराँव के पक्ष में मतदान करने की अपील की एवं गठबंधन सरकार द्वारा किए गये कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी ग्रामीणों को दी। ज़िला महासचिव आफ़ताब आलम ने कहा कि झारखण्ड गठबंधन सरकार ने सभी वर्गों को ध्यान में रख कर अच्छा कार्य किया है। झारखंड की जनता जागरूक है, दुबारा से गठबंधन सरकार सत्ता में आएगी। ज़िला महासचिव अनिमा कुजूर ने कहा कि मैयाँ सम्मान योजना के माध्यम से सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने का कार्य किया है, 200 यूनिट तक बिजली मुफ़्त देने का काम किया है, किसानों का कर्ज माफ़ी का काम किया है इसके साथ साथ हमारे स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उराँव का काम बोलता है उनके कार्यों के दम पर ही जनता उन्हें दुबारा भारी मतों से जिताएगी। मौके पर आसिफ कुरैशी,फारूख आलम,तौशीफ आलम,रोहित प्रजापति अमन उरांव शेखर उरांव मंगरा ईश्वर साहु प्रीतम लोहरा प्रकाश उरांव आदि उपस्थित थे।

# मतदाता जागरुकता को लेकर क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत युवा मतदाताओं और फ्यूचर मतदाताओं के लिए आज बीएस कॉलेज स्टेडियम में स्वीप कोषांग की ओर से क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। यह मैच उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नेतृत्व में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए नामित डिस्ट्रिक्ट आइकॉन के रूप में क्रिकेट खिलाड़ी व कोच अमित कुमार की देख-रेख में खेला गया। मैच का उद्देश्य वहां मौजूद खिलाड़ियों, युवा मतदाताओं और भविष्य के मतदाताओ से मतदान की महत्ता बतायी गई। साथ ही अपने घरो में मौजूद अपने अभिभावकों/परिजनों से भी आगामी 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की गई। मैच के उपरांत सभी को मतदाता शपथ भी दिलायी गई। इसके उपरांत कुश्ती प्रैक्टिस सेशन में कुश्ती खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और मौजूद आम जनता को भी मतदाता शपथ दिलायी गई। स्वीप की टीम द्वारा बीएस कॉलेज में छात्र-छात्राओं को भी शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम में स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा, बीएस कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ शशि गुप्ता समेत स्वीप कोषांग की टीम मौजूद थे।

# विकास अधिकारी नवल किशोर के टीम का एलआईसी अभिकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जीवन बीमा लोहरदगा के विकास अधिकारी नवल किशोर जी के यूनिट के अभिकर्ताओ का बैठक लोहारदगा के रुद्राक्ष इन होटल परिसर में हुई। इस बैठक मे मुख्य अतिथि जमशेदपुर डिवीजन एल आई सी के मार्केटिंग मैनेजर अभिजीत भटाचार्य, प्रोडक्ट मैनेजर जमशेदपुर डिवीजन नवेन्दु शेखर, लोहरदगा एस ओ के प्रबंधक दुर्गा प्रसाद दोरा, विकास अधिकारी नवल किशोर मुख्य रूप से उपस्थित होकर कार्यक्रम की शुभारंभ की। इस मौके पर अतिथियो का स्वागत बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया गया। इस मौके पर अतिथियो एवं अभिकर्ताओ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर जमशेदपुर डिवीजन के मार्केटिंग मैनेजर अभिजीत भटाचार्य ने अभिकर्ताओं को भारतीय जीवन बीमा की विभिन्न पॉलिसियों की जानकारी देते हुए उन्हें इस वर्ष में लक्ष्य पूरा करने की अपील की। साथ ही अभिकर्ताओं को प्रोमोशन व कमीशन के विषय मे विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि एलआईसी एजेंट के तौर पर आपको एक शानदार कैरियर मिलता है। अगर आप अपने तय समय के हिसाब से काम करना चाहते हैं और खुद अपने बॉस बनना चाहते हैं आपके पास भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी के साथ जुड़ने का मौका मिला है। साथ ही उन्होंने कहा कि आज के समय मे रोटी, कपड़ा, मकान के बाद आज चौथी आवश्यकता इन्सुरेंस है। उन्होंने अभिकर्ताओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने को कहा,साथ ही उन्होंने कहा कि एल आई सी अभीकर्ताओं का ध्यान रखती है। इस मौके पर उन्होंने अभिकर्ताओं का सभी बातों को सुना और उनका बातों पर अमल करने की बात कही। इस मौके पर प्रोडक्ट मैनेजर जमशेदपुर डिवीजन के नवेन्दु शेखर ने भारतीय जीवन बीमा निगम के विभिन्न पॉलिसियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। ओर अभिकर्ताओं से कार्य करने की अपील की। इस मौके पर लोहरदगा एस ओ के मैनेजर दुर्गा प्रसाद दोरा ने कहा कि लक्ष्य निर्धारण करके कार्य करने से आपको सफलता मिलेगी,एलआईसी एजेंट वह होता है जो भारतीय जीवन बीमा निगम की योजनाओं और सेवाओं को लोगों तक पहुँचता है। आपलोग कार्य करे आपके सहयोग हेतु मैं संकल्पित हूं। इस मौके पर विकास अधिकारी नवल किशोर ने कहा कि लोग भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) पर बहुत भरोसा करते है तथा इसकी योजनाओं को अपने परिवार और अपनी सुरक्षा के लिए लेते है।इस लिए लक्ष्य बनाकर आपलोग कार्य करे। साथ ही अभिकर्ताओं को अपनी कुशलता के अनुसार कार्य करने हेतु प्रेरित किये। साथ ही इस महीने में अच्छा व्यवसाय करने एवं जो अभिकर्ता अभीतक एक्टिव नही है उन्हें एक्टिव होने हेतु प्रेरित किये। इस मौके पर अच्छे कार्य करने वाले अभिकर्ताओं को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर धन्यवाद ज्ञापन नन्दलाल तिवारी के द्वारा की गई। इस मौके पर विकास अधिकारी नवल किशोर, अभिकर्ता दीपक ठाकुर, नंदलाल तिवारी, दिलीप यादव, विवेकानंद पाल सिंह, लक्ष्मी नारायण साहु, बासुदेव प्रसाद, रामलगन महतो, बिनोद अग्रवाल, रोहित कुमार, अजय मिंज, प्रताप साहू, सुरेंद्र उराँव, अनिता देवी, प्रतिमा देवी, अना विश्वासी लकड़ा, कामिनी गुप्ता, दुबराज वर्मा, बजरंग उराँव, रविन्द्र उराँव, फारुख अंसारी, यूसुफ अंसारी, सुदेश गुप्ता, सुमन कुमार सहित कई अभिकर्ता मौजूद थे।



# सनातन समाज एक जूट होंगे तभी आप मजबूत होंगे : प्रदीप साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखण्ड के मुरपा गांव में जिला महामंत्री प्रदीप साहू की अध्यक्षता में बैठक की गई। आयोजित बैठक में संगठन विस्तार एवं मजबूती पर चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से कमेटी का विस्तार करते हुए संरक्षक परमेश्ववर महतो, कपिल महतो, विगेभर महतो, सुगंमवर महतो अध्यक्ष वासुदेव महतो महामंत्री संजय महतो उपाध्यक्ष गोवर्धन महतो, वीरेंद्र गोप, विनोद महतो, रामलालु महतो, कोषाध्यक्ष सुकेंद्र महतो संगठन मंत्री संदीप महतो को बनाया गया। जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने कहा सनातन समाज की एक जुटता अति आवश्यक है आज भी कुछ ऐसे लोग हैं जो संगठन की गरिमा को धूमिल करने के लिए हमेशा तत्पर्य रहते हैं खुद को संगठन से ऊपर समझते हैं यही कारण है सनातन समाज आज पिछड़ा महसूस करता है हम पहले सनातनी हिंदू हैं उसके बाद ही कोई जाती। आगे कहा कि जय श्रीराम समिति के नेतृत्व में पूरे सनातन समाज को हम सब मिलकर मजबूत करने का प्रयास करेंगे। जीवन महतो ने कहा जब भी कोई व्यक्ति को परेशानी होती है उस वक्त दूर-दूर तक कोई नजर नहीं आता ऐसे समय में लोग जय श्रीराम समिति से आस लगाये रहते है और समिति उस पर पूर्ण रूप से खरा उतरने का प्रयास करती है कभी किसी को ब्लड की आवश्यकता हो किसी की दुर्घटना में सहायता की आवश्यकता हो एंबुलेंस की व्यवस्था करने की हो वैसा गरीब मरीज जो लाचार और बेबस हो उसे मेडिसिन की व्यवस्था तथा उचित इलाज करने की बात हो समिति पुरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है जिला कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा ने कहा सरना सनातन एक दूसरे के पूरक हैं मिलकर चलने का प्रयास करें निश्चित ही सफलता की ओर अग्रसर होंगे। आयोजित कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो महिला-पुरुष ने समिति की सदस्यता ग्रहण की मौके पर जिला कोषाध्यक्ष विकी कसेरा, विनोद प्रसाद, हरेंद्र यादव राजेश महतो, उर्मिला देवी पुष्पा देवी ललमुनि देवी,पूनम कुमारी अनिता देवी, सुशीला देवी समेत सैकड़ो लोगो मौजूद थे।

# धनतेरस खुशहाली समृद्धि और सेहतमंद जीवन का माना जाता है प्रतीक : संजय सर्राफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस साल धनतेरस 29 अक्टूबर दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। धनतेरस का शुभ मुहूर्त 29 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होकर 30 अक्टूबर को दोपहर 1 बजकर 10 मिनट बजे तक रहेगा। धनतेरस के देवता धन्वंतरि है। तथा धन्वंतरी भगवान विष्णु के तेरहवें अवतार है। धनतेरस के त्योहार का मुख्य संबंध यमराज की आराधना से है आयुर्वेद के प्रवर्तक धनवंतरी की जयंती भी इसी दिन होती है। एक तरफ वैद्य समाज धनवंतरी की पूजन कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है तो गृहस्थ दीप जलाकर यमराज से अकाल मृत्यु टालने की प्रार्थना करते हैं। दीपावली भले ही एक दिन मनाई जाती है लेकिन यह पर्व 5 दोनों का होता है यानी धनतेरस से यम द्वितीया तक, शास्त्रों में इन पांच दिनों को यम पंचक कहा जाता है। इन पांच दिनों में यमराज, वैद्यराज धनवंतरि, लक्ष्मी-गणेश, हनुमान जी, मां काली और भगवान चित्रगुप्त की पूजा का विशेष विधान है। धनतेरस का त्योहार दीपावली से दो दिन पहले मनाया जाता है। यह त्योहार खुशहाली समृद्धि और सेहतमंद जीवन का प्रतीक माना जाता है। धनतेरस कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस का नाम धन और तेरस से बना है जिसमें धन का मतलब संपत्ति और समृद्धि है और तेरस का अर्थ हिंदू कैलेंडर की 13वीं तिथि है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा के साथ ही यह दिन कुबेर और लक्ष्मी माता की पूजा के लिए भी महत्वपूर्ण माना जाता है। शास्त्रों के अनुसार समुद्र-मंथन से जो चौदह रत्न प्रकट हुए उनमें आरोग्य के देवता धन्वंतरि के अलावा धन-समृद्धि की देवी लक्ष्मी प्रमुख हैं। पांच दिवसीय ज्योति पर्व का प्रथम दिन धनत्रयोदशी या धनतेरस भी दीपावली की तरह समृद्धि की कामना को समर्पित रहता है । इसी दिन से लक्ष्मीजी का आवाह्न शुरु हो जाता है।और शाम को 5 (कुछ लोग तेरस होने के कारण 13 दीये जलाते हैं) नये मिट्टी के दीपकों में तेल भर कर उन्हें प्रकाशित कर खील से पूजा जाता है । फिर एक दीपक आंगन में, एक रसोई में, एक तिजोरी के पास,एक तुलसी में और एक मुख्य द्वार पर रखा जाता है। बहुत लोग धनतेरस को ही लक्ष्मीजी की पूजा कर लेते हैं। धनतेरस के दिन सोना,चांदी, बर्तन, गहने या अन्य कीमती सामान खरीदने का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन जो भी चीज खरीदी जाती है। उस घर में समृद्धि और धन का आगमन करती है। लोग इस दिन नए वाहन संपत्ति या अन्य महत्वपूर्ण चीजों की भी खरीदारी करते हैं।



## बीके हरिप्रसाद एवं सुखदेव भगत ने चुनाव जीतने का बनाऐ रणनीति

# सुखदेव भगत अपने क्षेत्र के अलावा पूरे राज्य में इंडिया गठबंधन के पक्ष में चलाएंगे जनसंपर्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत रांची में झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रभारी सह झारखंड राज्य के सीनियर ऑब्जर्वर बीके हरिप्रसाद से मुलाकात कर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ झारखंड में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के संदर्भ में लंबी वार्ता हुई ।श्री भगत ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार ने बेहतर काम किया है। मैंया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन, 200 यूनिट बिजली फ्री,दो लाख रुपया के कृषि लोन माफ करने, अबुवा आवास जैसे अनेक योजनाओं को लाकर यहां की जनता की बेहतरी के लिए काम किया है। इस चुनाव में इसका फायदा होगा और पुनः झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी? इसके लिए हम सबों को पूरी तन्मयता के साथ काम करना होगा। ऑब्जर्वर बीके हरिप्रसाद ने सुखदेव भगत को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के साथ-साथ पूरे राज्य में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए काम करें। श्री भगत कल पाकुड़ जिला के लिए रवाना होंगे। जहां वे सोमवार को पाकुड़ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी निशात आलम के नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा अनेक गांवों का दौरा कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। मौके पर राजेश रुद्रा, अजय शर्मा उपस्थित थे।



# वाहन जांच के दौरान इंट्रा वैन से पुलिस ने 1 लाख 91 हजार रु किया जब्त



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में शनिवार को करीब 2 बजे F.S.T (८) कुडू में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी पु0 अ0 नि0 प्रदीप कच्छप एवं मजिस्ट्रेट विशाल मिंज के द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान जिंगी बाजार के पास से एक टाटा इन्ट्रा नं0- JH01EE-0353 से 500× 382 जिसमे कुल 191000/- रू0 नगद बरामद किया गया। पकड़ाए गए व्यक्ति की पहचान मुस्ताक अंसारी पे0- स्व0 जैनुल अंसारी, ग्राम हुरहद, थाना कुडू, जिला- लोहरदगा के रूप में किया गया है।इस दौरान जप्त नगद से संबंधित कोई वैध कागजात की मांग की गई परन्तु उनके द्वारा कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसे पुलिस ने जप्त नगद रूपया को विधिवत जप्त कर कोषागार लोहरदगा में जमा कराया गया।

## चलते चलते एक नजर

### संत मरियम विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संत मरियम विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने दर्जनों प्रशंसात्मक व आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य यह था कि इन दिनों पलामू समेत पूरे झारखंड प्रदेश में विधानसभा का चुनाव हो रहा है। साथ ही, इन दिनों देश के कई धार्मिक महापर्व भी हैं, इसीलिए हम लोकतंत्र के महापर्व समेत लोकआस्था के महापर्व को ना भूल जाएं, इस हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों द्वारा लोकतंत्र के महापर्व को लेकर बनाए गए अनेकों रंगोलियों के माध्यम से बच्चे जो अनुरोध कर रहे हैं, वो तमाम अभिभावक उनके निवेदन को स्वीकार कर सकें। मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एस. बी. साहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, अचला सिंह, रिजवाना परवीन, रौशन राज समेत अन्य कई शिक्षक मौजूद थे।

### इरफान के बयान पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने लिया संज्ञान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** डॉ. आशा लकड़ा राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने कहा कि जामताड़ा से काँग्रेस विधायक इरफान अंसारी द्वारा आदिवासी महिला व भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किये जाने को लेकर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए आयोग ने एल खियांग्ते मुख्य सचिव, झारखंड सरकार, अजय कुमार सिंह पुलिस महानिदेशक, झारखंड सरकार, वंदना डाडेल प्रधान सचिव, झारखंड सरकार, गृह, जेल एवं आपदा प्रबंधन विभाग, कुमुद सहाय उपायुक्त, जिला - जामताड़ा, डॉ. एहतेशाम बकारिब पुलिस अधीक्षक, जिला - जामताड़ा को आयोग ने नोटिस जारी कर 03 दिनों के अंदर मामले की जांच कर रिपोर्ट आयोग को देने कहा गया है ।


# झरिया में एक ही परिवार के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

## चुनावी रणभूमि में जेठानी और देवरानी आमने-सामने | कांग्रेस से पूर्णिमा तो भाजपा से रागिनी ठोक रहीं हैं ताल

जमीर आरिफ@प्रभात मंत्र

**धनबाद :** झरिया विधानसभा की सीट को लेकर इस बार भी वर्चस्व की लड़ाई दिख रही है। 2014 के चुनाव में चेचेरे भाई आमने-सामने थे तो वहीं 2019 की जंग जेठानी-देवरानी के बीच हुई थी। झरिया की चुनावी रणभूमि फिर से सज गई है और इस बार का चुनाव वर्ष 2019 वाले चुनाव का ही दुसरा भाग है। झरिया से मौजूदा विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह कांग्रेस की ओर से मैदान में हैं जिनके सामने भारतीय जनता पार्टी ने उनकी ही देवरानी रागिनी सिंह को उतारा है। मुकाबला बेहद दिलचस्प और कांटे की टक्कर का होता दिखाई दे रहा है।कोयलांचल की झरिया सीट पर एक ही परिवार की दो बहुओं की चुनावी संग्राम है। इस सीट पर धनबाद के शक्तिशाली सियासी खानदान सूर्यदेव सिंह के परिवार की दो बहुएं आमने-सामने हैं। पूर्व डिप्टी मेयर स्व नीरज सिंह की पत्नी और मौजूदा विधायक पूर्णिमा सिंह के सामने पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह की चुनौती है। इस सीट पर 2019 के चुनाव में भी जेठानी पूर्णिमा और देवरानी रागिनी सिंह के बीच ही मुकाबला हुआ था। तब पूर्णिमा नीरज सिंह पांच हजार वोट से अधिक के अंतर से चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचने में सफल रहीं थीं। वर्ष 2009 के चुनाव तक धनबाद की सियासत में दबदबा रखने वाला सिंह मेंशन एकजुट था लेकिन इसके बाद की बदलती हुई परिस्थितियों मे देवरानी और जेठानी, दोनों ही के परिवारों के बीच काफी दूरियां बढ़ चुकी हैं।





### वर्ष 2014 से शुरू हुआ सिंह मेंशन और रघुकुल का महासंग्राम

धनबाद की सियासत में 2009 के चुनाव तक सिंह मेंशन का दबदबा था। सिंह मेंशन का आवास जिसे स्व सूर्यदेव सिंह ने बनवाया था। स्व सूर्यदेव सिंह 1977 से 1991 तक झरिया सीट से विधायक रहे और पूरे धनबाद की सियासत में इस परिवार की तूती बोलती थी। स्व सूर्यदेव सिंह के निधन के बाद उनकी विरासत उनके भाई स्व बच्चा सिंह ने संभाली। स्व बच्चा सिंह विधायक रहे, झारखंड सरकार में मंत्री भी बने लेकिन सिंह मेंशन में रहने वाले स्व सूर्यदेव सिंह और उनके भाइयों के बच्चे बड़े हुए तो राजनीतिक विरासत से लेकर बिजनेस, ट्रेड यूनियन और संपत्ति को लेकर आपसी टकराव बढ़ने लगा। दरार बढ़ी तो आवास भी अलग हो गए। स्व सूर्यदेव सिंह के भाई स्व राजनारायण सिंह का परिवार सिंह मेंशन छोड़ रघुकुल में रहने लगा और स्व बच्चा सिंह भी रघुकुल के समर्थक हो गए। वहीं वर्ष 2005 में स्व बच्चा सिंह को झरिया सीट स्व सूर्यदेव सिंह की पत्नी कुंती देवी के लिए खाली करनी पड़ी। स्व बच्चा सिंह बोकारो से चुनाव मैदान में उतरे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। यह बात स्व बच्चा सिंह को नागवार लगी और इसी को स्व सूर्यदेव सिंह के परिवार में दरार की शुरुआत कही जाती है।स्व राजनारायण सिंह के बड़े बेटे स्व नीरज सिंह राजनीति में सक्रिय हो गए। स्व नीरज सिंह कांग्रेस के टिकट पर 2014 के झारखंड चुनाव में झरिया सीट से उतर गए। स्व नीरज के सामने स्व सूर्यदेव सिंह के पुत्र संजीव सिंह ने बीजेपी के टिकट पर ताल ठोक दी। एक ही छत के नीचे, एक साथ पले-बढ़े दो चचेरे भाइयों की चुनावी फाइट में नतीजा संजीव के पक्ष में गया। स्व नीरज चुनाव हार गए। वे धनबाद के डिप्टी मेयर बने और जनता की समस्याओं को लेकर उनके अप्रोच की तारीफें होने लगी और उनकी लोकप्रियता धीरे-धीरे बढ़ने लगी। इसी बीच बदमाशों ने मार्च 2017 में स्टील गेट के व्यस्ततम इलाके में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप संजीव सिंह पर लगा और वह अब तक जेल में हैं और मामला न्यायालय मे है।

### वर्ष 2019 मे भी जेठानी और देवरानी थी आमने-सामने

स्व नीरज सिंह और संजीव सिंह, दोनों चचेरे भाइयों की राजनीतिक विरासत को अब उनकी पत्नियां संभाल रही हैं। कांग्रेस के नीरज सिंह की हत्या के बाद उनकी पत्नी पूर्णिमा नीरज सिंह ने कमान संभाल ली जो झरिया की मौजूदा विधायक भी हैं। वहीं, संजीव के जेल जाने के बाद से सियासी मोर्चे पर उनकी पत्नी रागिनी सिंह आ डटीं। रागिनी 2019 में भी बीजेपी के टिकट पर चुनाव मैदान में थीं लेकिन हार गई थीं। इस बार भी कांग्रेस ने मौजूदा विधायक पूर्णिमा सिंह पर विश्वास जताया है तो वहीं बीजेपी ने रागिनी सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

### विधायक पूर्णिमा जीत के प्रति दिखीं आश्वस्त

पूर्णिमा ने करोड़ों की योजनाओं के शिलान्यास का जिक्र करते हुए कहा कि कुछ पर काम चल रहा है। अभी बहुत से कार्यों को पूरा करना है। झरिया के विस्थापन के सवाल पर पूर्णिमा ने कहा कि अग्नि प्रभावित क्षेत्रों में बसे लोगों को हटाना जरूरी है और विस्थापन ससम्मान होगा। साथ ही उन्होंने अपनी जीत का विश्वास व्यक्त किया।

### आईआईटी के प्रतिभाशाली विद्यार्थी भविष्य में देश की प्रगति में अहम भूमिका निभाएंगे : उपराष्ट्रपति

**जोधपुर :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आईआईटी जोधपुर जैसे संस्थान ऐसे मस्तिष्कों का पोषण कर रहे हैं जो आने वाले वर्षों में भारत की प्रगति को आगे बढ़ाएंगे। ऐसे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्नातक होते देखना सौभाग्य की बात है, जो निस्संदेह विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान देंगे। वे शनिवार को यहां आईआईटी जोधपुर के दसवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रह थे। कार्यक्रम के दौरान 1084 स्नातकों को डिग्री व मेडलों का वितरण किया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ सहित केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. राम माधव भी इस दौरान मौजूद रहे। उपराष्ट्रपति ने कार्यक्रम में ज्ञान और प्रोत्साहन के शब्दों के साथ विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। डॉ. राम माधव ने भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी और नवाचार की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने स्नातकों को पारंपरिक सीमाओं से परे रास्ते तलाशने के लिए प्रोत्साहित किया और अपनी आईआईटी शिक्षा के वैश्विक महत्व को दोहराया। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भविष्य के नेताओं के रूप में स्नातकों की जिम्मेदारियों पर जोर दिया और उनसे समाज और राष्ट्र के विकास में सकारात्मक योगदान देने का आग्रह किया। आईआईटी के निदेशक प्रो. अविनाश कुमार अग्रवाल ने संस्थान की पिछले दस वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने दर्जनों गांव का किया दौरा

# अगले 5 साल के लिए सोच समझ कर वोट करें : त्रिपाठी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने सदर प्रखंड के करीब दो दर्जन गांव जैसे भीमगाडा तेतरिया टोला, धर्म टोला, महादेवमाडा, मुस्लिम टोला, सत्यारी टोला, गणके, मुटपुरही,पोखराहा कलां,जमूने,पिछुलिया टोला, साव टोला, कोईरी टोला, रजवाडीह, खैराट,केवाल पर, गणेशपुर, बहलोलवा,चेरों टोला, पोखराहा मेन चौक आदि गांव का सघन दौरा कर समर्थन व सहयोग मांगा। स्थानीय लोगों द्वारा श्री त्रिपाठी का स्वागत किया गया। श्री त्रिपाठी अपने परिभ्रमण कार्यक्रम के दौरान संबोधन में कहा कि जनता को यहां के विधायक के निकम्मापनई एवं दस सालों के अकर्मण्यता से मुक्ति दिलाना है। डाल्टनगंज, पलामू और झारखंड के विकास के लिए अगला पांच साल अपने परिजनों, अपने परिवार व बाल बच्चों का भविष्य एवं अपने समाज के उत्थान हेतू सोच- समझकर वोट करें।आपका एक- एक वोट किमती और महत्वपूर्ण है। यहां पेयजल की समस्या से निजात हेतु कोयल नदी को बांधना है। खासमखास की समस्या से निजात दिलाना है। 25000 से अधिक नवयुवकों को रोजगार उपलब्ध कराना है। महिलाओं के उत्थान व स्वरोजगार की दिशा में योजनाओं को धरातल पर लाना है।एक सुपरस्पेशलिटी हास्पिटल का निर्माण कराना है। बड़े नदी-नालों को बांधना है। बड़े महत्वपूर्ण कार्य करना है। इसलिए अगला पांच साल जनता सोच-समझकर वोट करें। जाती-धर्म आदि फालतू चीजें को भूलकर विकास के मुद्दे को याद कर वोट करें और पिछला दस साल आप भूलें नहीं।

### वोट के लिए कितना गिरेंगे हेमंत सोरेन बाबूलाल मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मइयां सम्मान की ढोंग करने वाले हेमंत सोरेन को अपने परिवार के महिला सदस्य के अपमान की चिंता नही है। मरांडी ने कहा कि राज्य की जनता यह जानना चाहती है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी कुर्सी बचाने के लिए, वोट बैंक के लिए कितना नीचे गिरेंगे। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन झारखंड आंदोलनकारी की बड़ी बहू, स्व. दुर्गा सोरेन की पत्नी, मुख्यमंत्री की मां समान भाभी और एक जनप्रतिनिधि हैं। फिर भी मुख्यमंत्री अपने कैबिनेट मंत्री द्वारा उनके लिए बोले गए अपमानजनक शब्द को बर्दाश्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सत्ता मद में डब चुके हैं। थोड़ी भी प्रतिष्ठा बची है तो मुख्यमंत्री को इरफान अंसारी पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# मेरे वीडियो को काट-छांट कर गलत तरीके से पेश किया गया: इरफान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** सीता सोरेन मामले में विवादित बयान मामले पर कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी ने अपना पक्ष रखा है। सोशल मीडिया पर शनिवार को अपना वीडियो जारी कर कहा है कि झूठे वीडियो के सहारे सियासी खेल चल रहा है। भाजपा और सीता सोरेन के खिलाफ 100 करोड़ का मानहानि का दावा करेंगे। साथ ही चुनाव आयोग से भी इसकी शिकायत करेंगे। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि भाजपा और सीता सोरेन द्वारा मेरे वीडियो को काट-छांट कर गलत तरीके से पेश किया गया है। ओरिजिनल वीडियो में मैंने सीता सोरेन का नाम तक नहीं लिया, फिर भी भाजपा की चालबाजियों में मेरे खिलाफ झूठ फैलाने के लिए वीडियो को क्रॉप कर पेश किया जा रहा है। अंसारी ने आगे लिखा है कि भाजपा में आते ही उन्होंने अपना स्तर इतना गिरा लिया है कि झूठ के



सहारे जामताड़ा की जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। सीता सोरेन आप इस क्रॉप किए गए वीडियो के सहारे चुनाव जीतना चाहती हैं, लेकिन याद रखें कि जामताड़ा की जनता मेरे साथ है और मुझे भली-भांति जानती है। आप चाहे जितने भी तिकड़म लगा लें, जनता का विश्वास मुझ पर अडिग है। मुझे बदनाम करने का यह प्रयास न सिर्फ मेरी प्रतिष्ठा पर आघात है, बल्कि सच्चाई को दबाने का षड्यंत्र भी है। सीता सोरेन और भाजपा के इन प्रयासों के खिलाफ मैं कोर्ट में 100 करोड़ का मानहानि का दावा करूंगा और चुनाव आयोग में भी इस मामले को उठाऊंगा। यह वही भाजपा है, जिसने लोकसभा चुनाव के दौरान नाला के विधायक और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो के बेटे पर भी झूठे आरोप लगवाए थे, जिनका बाद में पर्दाफाश हुआ। आज यही शातिर लोग मेरे खिलाफ भी यही हथकंडे अपना रहे हैं। मैं जल्द ही कोर्ट में न्याय की गुहार लगाऊंगा और इन झूठे आरोपों के खिलाफ सख्त कदम उठाऊंगा।

# लोकतंत्र में जनता व पार्टी में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि हैं : मंत्री मिथिलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिला भाजपा में दरार दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है। पार्टी के काफी प्रभावशाली युवा नेता जिला मंत्री चंदन जायसवाल पार्टी से त्याग पत्र देने के बाद अपने 400 से अधिक समर्थकों के साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। शनिवार को सभी ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालो में मुख्य रूप से चंदन जायसवाल सहित मनीष कमलापुरी, गौरव जायसवाल, डॉ अशोक सोनी, संजय सिंह अग्रहरी, अमित केशरी, रवि केशरी, पंकज बघेल, रूपेश गुप्ता, पियुष गुप्ता, पप्पु , गौतम शर्मा, संतोष चंद्रवंशी सहित 400 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। सभी ने मंत्री श्री ठाकुर को निश्चित रूप से भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा की जनता इस बार अपना ही रिकार्ड तोड़ेगी। इस बार उन्हें 50 हजार मतों से जीत दिलायेगी। उन्होंने कहा कि जनता ने जिन्हें 10 साल मौका दी वे चौक-चौराहे पर भी कहते फिरते हैं कि पार्टी से टिकट लेना और जनता का वोट लूटना बहुत आसान है। वे जनता को जात, पात, हिंदु, मुस्लिम में बांटकर, आपस में तोड़ कर, पैसों से खरीद कर जनता का वोट आसानी से ले लेंगे। इस तरह की बातें जनता का घोर अपमान के साथ-साथ लोकतंत्र के लिए बहुत बड़ा खतरा है। जनता ने काम करने का मौका दी तब वे 10 साल में विधायक निधि का 40 करोड़ रूपये अपने घर में डाल दिया।

### विस के प्रथम चरण के चुनाव के लिए कुल 805 लोगों ने किया नामांकन

**रांची:** अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को किसी की भावना को आहत करने वाले बयान से बचना चाहिए। ऐसा बयान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। इसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में पूर्व में ही एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। चुनाव आयोग के इन दिशा-निर्देशों को दोबारा राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रही थीं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश में मुख्य रूप से कहा गया है कि मतदाताओं की जातिगत, सांप्रदायिक भावानाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मतदाताओं को गुमराह करने के उद्देश्य से राजनैतिक दल और कार्यकर्ता बगैर तथ्यात्मक आधार के कोई गलत बयानबाजी नहीं करेंगे।

# हिन्दू समाज के खिलाफ सक्रिय तत्वों से रहना होगा सतर्क: दत्तात्रेय होसबाले

एजेंसी

**मथुरा:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शनिवार को कहा कि हिन्दू समाज के खिलाफ सक्रिय तत्वों से हमें सावधान रहना होगा। उन्होंने एक गीत का उल्लेख करते हुए कहा कि हिन्दू समाज जब-जब हिन्दू भाव को भूला तो समाज पर बड़ी विपदा आई। हम जाति, भाषा, प्रांत, अगड़ा-पिछड़ा के नाम पर बटेंगे तो हम कटेंगे। इसलिए किसी भी राष्ट्र के नाते एकता आवश्यक है। हिन्दू समाज को संगठित होना आवश्यक है। आज बहुत सारे लोग इसे अनुभव से समझ रहे हैं। हिन्दू समाज का संगठन सुख देने वाला है। इससे अपनी तो रक्षा होगी ही, दुनिया के लिए भी यह मंगल होगा। सरकार्यवाह होसबाले मथुरा जिले के परखम में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन




शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संघ में हर स्तर के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण वर्ग पद्धति और परम्परा है।

शाखा में आने वाले सामान्य विद्यार्थी से लेकर जिला, प्रांत एवं गृहस्थ कार्यकर्ता, प्रचारक, ऐसे सब प्रकार के कार्यकर्ताओं के लिए भिन्न-भिन्न अंतराल पर हम प्रशिक्षण वर्ग करते हैं। संघ की पद्धति है व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण। संघ कार्यकर्ता निर्माण की प्रक्रिया निरंतर जारी रखता है। उन्होंने बताया कि संघ के विभिन्न आयामों से समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोग जुड़ते हैं, उनके साथ संघ के विचार को कैसे सम्प्रेषित करना चाहिए, इस बैठक में इस पर चर्चा हुई है। सरकार्यवाह ने कहा कि इस वर्ष संघ ने विजयादशमी पर शताब्दी वर्ष में प्रवेश किया है। आगामी विजयादशमी के बाद शताब्दी वर्ष पर जो भी कार्यक्रम मनाना है उस पर सोच रहे हैं। अभी कार्य विस्तार व कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने पर आग्रह था। प्रत्येक स्वयंसेवक पंच परिवर्तन के विषयों को अपनी शाखा, घर, परिवार और मुहल्लें में समाज परिवर्तन के लिए अपने जीवन व्यवहार में लाएं। मतांतरण व लव जिहाद के बारे में होसबाले ने कहा कि किशोरियों को बचाना हमारा काम है। हमारी युवतियां जानी ही नहीं चाहिए। परिवार में घर में अच्छा संस्कार मिलना चाहिए। केरल में लगभग 200 युवतियों को बचाने का काम हुआ। जो चली गयी थीं वह वापस आयीं। वापस आने के बाद उन युवतियों ने इसके बारे में जागरुकता के लिए काम किया।